रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 11 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-258 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वाइस एडमिरल भल्ला को एक जनवरी 1989 को नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 35 वर्षों के करियर में समुद्र और तट दोनों क्षेत्रों में कई विशेषज्ञ और संचालय नियुक्तियों पर सेवाएं दी हैं। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से संबंधित कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों पर एक विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। इनमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी और आईएनएस ब्यास शामिल है। बाद में उन्हें समुद्र में अनेक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण कमान संभालने का सौभाग्य मिला। पूर्वी कमान के प्रमुख के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम और बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-22 में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रफुल्ल पटेल ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ



**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पफुल्ल पटेल को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। संसद भवन में सभापति के कक्ष में पटेल ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश भी उपस्थित रहे।

### आठ संसदीय क्षेत्रों के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत मध्यप्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर 13 मई को होने वाले मतदान के पहले शाम चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 तारीख को मतदान होना है। इसके पहले कल शाम छह बजे इन सभी संसदीय क्षेत्रों पर चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इन आठों संसदीय क्षेत्रों पर कुल 74 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें देवास और मंदसौर में आठ-आठ, खंडवा में 11, खरगोन में पांच, रतलाम में 12, धार में सात, इंदौर में 14 और उज्जैन में नौ प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में राज्य की इंदौर संसदीय सीट इन दिनों सर्वाधिक चर्चाओं में बनी हुई है। कांग्रेस ने यहां से अक्षय कांति बम को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन नामांकन वापसी के दिन उन्होंने सभी को चौंकाते हुए न केवल अपना नामांकन वापस ले लिया।

# बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में बारह नक्सली ढेर, दो जवान घायल



पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में शाम तक बारह नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। वहीं, दो जवान भी घायल हुए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी पास के ही कैम्प से मानिटरिंग कर रहे हैं। सर्चिंग अभी भी जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा संयुक्त ऑपरेशन लॉच किया गया था, जिसमें जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल सहित कोबरा बटालियन समेत 12 सौ से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखे हैं, अभी भी सर्चिंग जारी है। कमलोचन ने बताया कि अब तक नक्सलियों के बारह शव बरामद किए गए हैं और भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। पास के ही केन्द्रीय सुरक्षा बल के कैम्प से पुलिस के उच्च अधिकारी कमान संभाले हुए हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं।

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई

सुरक्षाबलों को फिर एक बड़ी कामयाबी मिली है। बीजापुर में नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र के पीडिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में हमारे सुरक्षाबलों को भारी सफलता मिली है। मुठभेड़ समाप्त हो चुका है, 12 डेडबॉडी नक्सलियों के मिले हैं। मैं इसके लिए सुरक्षाबलों को, अधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। जब से हम लोग सरकार में आए हैं नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त हो। डबल इंजन की सरकार होने के कारण इसका लाभ हमको मिल रहा है।

# खयाली पुलाव पका रहे हैं राहुल गांधी : विष्णु देव साय

एजेंसी ◂ खूंटी (झारखंड)
www.dailypioneer.com



राहुल गांधी के यह कहने पर कि ये चुनाव मोदी के हाथ से निकल चुका है, पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया दी है। साय ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी ख़याली पुलाव पकाते रहेंगे, उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दाविहीन हो गए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस की और दुर्गति होने वाली है। साय ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, कभी बोलते हैं कि संविधान खतरे में है तो कभी बोलते है आरक्षण समाप्त हो जाएगा। जबकि मोदी कह चुके हैं कि न संविधान खतरे में है, न किसी का आरक्षण समाप्त होगा। ये लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, जनता इन पर विश्वास करने वाली नहीं है। सीएम साय ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश, तेलंगाना एवं उड़ीसा में प्रचार करने के बाद झारखंड आया हूं, जनता से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, सभी जगह वातावरण भाजपा के पक्ष में हैं और 400 पार का हमारा लक्ष्य साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा होता था कि कांग्रेस वर्सेस ऑल होते थे लेकिन आज देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी ने जीता है इसलिए बीजेपी वर्सेस ऑल है। हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने वाले सवाल का जवाब देते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी। यह झारखंड के लिए शर्म की बात है कि एक मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार कर रहा है। कोई अच्छे कार्य के लिए वह जेल नहीं गए हैं, भ्रष्टाचार के मामले पर जेल गए हैं।

### जागेश्वर यादव हुए पद्मश्री से सम्मानित, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके जीवन को प्रेरणादायक बताया। अपने सोशल मीडिया हैंडल में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिरहोर के भाई जागेश्वर यादव को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आदिवासी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध आपका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। गौरतलब है कि जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था। जशपुर जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने पर उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जागेश्वर यादव ने आदिवासियों को साक्षर करने और शिशु मृत्यु दर कम करने जैसे बड़े कार्य किए हैं।

# केजरीवाल को 1 जून तक मिली अंतरिम जमानत

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद सात मई को कहा था कि वह अंतिम जमानत पर आगे की सुनवाई गुरुवार या अगले सप्ताह पूरी होने पर कोई आदेश पारित करेगी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने सात मई को ही उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 20 मई तक बढ़ाने का आदेश पारित किया था।

# घुसपैठियों के समर्थन पर खड़ा है तृणमूल का वोट बैंक : शाह

एजेंसी ◂ राणाघाट
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार पर देश की पहले नंबर की भ्रष्ट सरकार होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उनका वोट बैंक पूरी तरह से घुसपैठियों के समर्थन पर खड़ा है। शाह ने भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद जगन्नाथ सरकार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, देश में कोई भी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने और मतुआ समुदाय के शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने से नहीं रोक सकता। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, तृणमूल और वामपंथी दल सीएए का विरोध कर रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम लला मंदिर की स्थापना का भी विरोध किया था। भाजपा नेता ने कहा, क्या वे राम लला मंदिर का निर्माण रोकने में सफल हुए हैं? नहीं, वे ऐसा नहीं कर सके क्योंकि यहां के मतदाताओं ने 2019 में नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधान मंत्री बनाया, और राम लला को आखिरकार 22 जनवरी 2024 को प्रतिष्ठित किया गया। उन्होंने मतदाताओं को करीब 14 मिनट तक बिना रुके संबोधित किया तथा राशन घोटाले से लेकर कोयला घुसपैठ, पशु तस्करी, शिक्षकों की नियुक्ति और मंत्री के आवास से गलत तरीके से कमाये गये पैसों की जब्ती समेत ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार के कई मामले गिनाये। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार मुफ्त राशन के बारे में भी झूठ बोल रही है, जो वास्तव में मोदी सरकार का योगदान है और अगले पांच वर्षों में भी जारी रहेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि संदेशखाली की महिलाओं को उनकी आस्था के आधार पर प्रताड़ित किया गया और कहा कि भाजपा किसी भी अपराधी को छूटने नहीं देगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस, तृणमूल और वाम दल ने गठबंधन करके अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध करने की कोशिश की, लेकिन मोदी सरकार इसे निरस्त करने तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने में सफल रही। शाह ने लोगों से अपील की कि वे 400 का आंकड़ा पार करने के लिए 'कमल' के निशान को वोट देकर बंगाल में कम से कम 30 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करें।

### हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने के आदेश दिया



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड धारकों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है। ये सभी शिक्षक अब विभिन्न सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ मंत्री-विधायकों से मुलाकात कर नौकरी बचाने की गुहार लगा रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान चार मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। पिछले साल 10 जून को इसकी परीक्षा हुई थी और दो जुलाई को रिजल्ट और मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसके बाद 11 अगस्त को क्वालिटी ऑफ एजुकेशन के नाम पर उच्चतम न्यायालय ने एनसीटीई के इस गजट नोटिफिकेशन को रद्द करने के साथ ही बीएड को प्राथमिक स्तर के लिए अमान्य ठहरा दिया। इसके बाद डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत के फैसले के आधार पर उच्च न्यायालय ने साफ कर दिया कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने दो अप्रैल 2024 को बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को छह महीने की सेवा के बाद पदमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां श्री गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुले

एजेंसी ◂ उत्तरकाशी
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया के पावन उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री मंदिर के कपाट धार्मिक विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए ग्रीष्मकालीन दर्शनों हेतु खोल दिए गए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु दिव्य धार्मिक परंपराओं की भव्यता के साथ ही गंगा और यमुना के उद्गम क्षेत्रों की सांस्कृतिक समृद्धि के साक्षी बने। इससे पहले सुबह बाबा केदारनाथ धाम के कपाट भी खुल गए। श्रद्धालुओं ने कपाटोद्घाटन के अवसर पर गंगा-यमुना में स्नान-पूजन करने के बाद मंदिर और अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। यात्राकाल के शुभारंभ पर तीर्थ धामों का अभिषेक करने तथा तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई और लोक कल्याण की मंगलकामना करने के साथ ही यात्रा के सुखद और सुरक्षित संपन्न होने की कामना की गई। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के लिए प्रातः छह बजकर 29 मिनट पर मां यमुना की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली (खुशीमठ) से अपने भाई शनिदेव की अगुवाई में कालिन्दी पर्वत की तलहटी में स्थित यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुई। खरसाली में ग्रामीणों एवं लोक देवाताओं की डोलियों ने यमुना जी की डोली को भावुक कर देने वाले माहौल के बीच विदा किया। डोली यात्रा में जिला कमांडेंट होमगार्ड रूद्रप्रयाग सुनील डंगवाल के नेतृत्व में शामिल 15 महिलाएं 8 पुरूष जवानों का बैगपाईपर बैंड भी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। यमुनोत्री धाम में रोहिणी नक्षत्र की बेला पर वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ तीर्थ पुरोहितों के द्वारा पूर्वाह्न 10 बजकर 29 मिनट पर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। यमुनोत्री में कपाट खुलने के मौके पर छः हजार से अधिक श्रद्धालुओं के साथ ही एसपी विजिलेंस डॉ. मुरुगेशन, विधायक यमुनोत्री संजय डोभाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़कोट मुकेश रमोला, सीओ सुरेन्द्र सिंह भण्डारी, मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल, पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल, पवन उनियाल समेत तीर्थ पुराहित और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर भैरोघाटी से चलकर गंगा जी की डोली हजारों श्रद्धालुओं के जलसे के साथ गंगोत्री धाम पहुँची तो भागीरथी के उद्गम क्षेत्र में आस्था का समुद्र उमड़ पड़ा।

## सबकी आखों के सामने कराए जा रहे चुनाव के बारे में उनका बयान आक्रामक

# मतदान आंकड़ों पर खड़गे के आरोपों को आयोग ने किया खारिज

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छह मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आक्षेप और आरोप बताते हुए को शुक्रवार को खारिज कर दिया। आयोग ने खड़गे को भेजे गए विस्तृत जवाब में यह भी कहा है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी उस पत्र में संबंधित मुद्दे पर सवाल पूछने की आड़ में एक वक्तव्य दे दिया जो सार्वजनिक तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में असत्य है। आयोग ने खड़गे को लिखा है कि सबकी आखों के सामने कराए जा रहे चुनाव के बारे में उनका बयान आक्रामक है। इस लिए 'चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए अयोग आप के आक्षेपों, आरोपों को दो टूक खारिज करता है और आप को सलाह देता है कि आप इस तरह के बयान देने से बचें। खड़गे ने छह तारीख को आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था। आयोग ने कहा है कि पत्र में लिखा है कि 'इतिहास में पहली बार मतदान के अंतिम प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी की गयी है और उसमें मीडिया की विभिन्न खबरों के हवाले से कहा गया है कि 'यह आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आशंकाएं पैदा करता है। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष से कहा है कि आपने यह कहा है कि आयोग ने मतदान के आंकड़े जारी करने में 'अत्यधिक विलंब किया है' और प्रारंभिक आंकड़ों की तुलना में अंतिम आंकड़ों में 'ऊंची वृद्धि' हुई है जो ईवीएम को लेकर भी कुछ सवाल उठाते हैं। आयोग ने कहा है कि 'आप ने डाटा जारी करने के समय और उसमें वृद्धि को उन निर्वाचन क्षेत्रों के साथ जोड़ा है जहां सत्तारूढ़ दल ने 2019 में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। आप ने यह आरोप लगा दिया कि ये सब बातें चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का प्रयास हैं। आयोग ने खड़गे को लिखा है कि उन्होंने अपने पत्र के विषय में जांच करने लायक तथ्यों और उच्चतम न्यायालय के पहले आ चुके स्पष्ट निणर्यों के बाद भी एक पक्षपात पूर्व कहानी प्रस्तुत करने की कोशिश की है। आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया के हर चरण में राजनीतिक दल भी जुड़े होते हैं इस लिए उन्हें हर मददान केंद्र और हर निर्वाचन क्षेत्र में मदाताओं की संख्या का पता होता है। उन्हें मतदान केंद्र वार मतदाता सूची उपलब्ध करायी जाती है। इसी तरह मतदान करने वालों की संख्या फार्म 17सी के रिकार्ड से अलग नहीं हो सकती। यह रिकार्ड प्रत्याशियों को मतदान खत्म होते ही उपलब्ध करा दिया जाता है। आयोग ने यह भी कहा है कि मतगणना के दिन ईवीएम के मतों का फार्म 17सी के आंकड़ों से मिलान किया जाता है। आयोग ने कहा है कि उसे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है कि किसी प्रत्याशी के एजेंट को मतदाता सूची या फार्म 17 सी का आंकड़ा नहीं उपलब्ध कराया गया है। मतदान के आंकड़े और आयोग द्वारा प्रकाशित मतदान के आंकड़ों के बारे में भी कोई शिकायत नहीं आयी है। आयोग ने खड़गे को भेजे गए पत्र में 2019 के आम चुनाव के दौरान मतदान के अंतिम आंकड़ों के प्रकाशन में लगे सयम का विवरण भी दिया है।

# 4 जून को भाजपा की विदाई तय : राहुल

एजेंसी ◂ कानपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सरकार की हार तय है और उत्तर प्रदेश इंडिया समूह कम से कम 50 सीटें जीतेगा। जीआईसी मैदान पर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा और राजाराम पाल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये गांधी ने कहा चार जून 2024 को नरेंद्र मोदी हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। आप लिख कर ले लो और यूपी में गठबंधन को 50 से कम सीटें नहीं मिलने वाली है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया, उन्हे 500 एकड़ जमीन मुहैया करायीं जबकि किसान का कर्जा माफ नहीं किया। बेरोजगारों को पकौड़े तलने की सलाह दी। राहुल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा कर उन्होने लोगों की समस्यायों को जाना समझा और उसी के अनुसार मेनीफेस्टो तैयार किया। गठबंधन की सरकार बनने पर कानपुर समेत देश के अन्य शहरों को उनका औद्योगिक स्वरुप वापस दिलाया जायेगा। उन्होने कहा कानपुर कभी पूरब का मैनचेस्टर कहा जाता था मगर उद्योग धंधों की हालत खराब है। इसका कारण है कि मोदी सरकार ने अडानी के लिये गलत जीएसटी लागू कर कानपुर जैसे शहरों का हाथ और गला काट दिया। नोटबंदी और जीएसटी ने देश के छोटे और मझोले उद्योगों का बहुत नुकसान किया। सोलर पावर, विंड पावर सब अडानी को दे दिया और आपको ताली बजाने को दे दिया। कोविड महामारी के समय भाजपा वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से पैसा ले रही थी और जनता से थाली ताली बजवा रही थी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक मंच से अडानी-अंबानी का नाम जिस दिन लिया, उसी दिन उन्होने अपनी हार मान ली। उन्होने कहा हमें मेड इन चाइना का मुकाबला करना है।

### राजद्रोह मामले में जीपी सिंह को हाईकोर्ट से मिली राहत



**बिलासपुर।** 1994 बैच के आईपीएस जीपी सिंह को न्यायालय से एक और जीत हासिल हुई है। जीपी सिंह पर लगाये गए राजद्रोह के प्रोसिडिंग पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था जिसके खिलाफ जीपी सिंह हाईकोर्ट गए थे, उसके प्रोसिडिंग पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रोक लगा दी है। एंटी करप्शन ब्यूरो के शिकंजे में फंसे छत्तीसगढ़ के सस्पेंड अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह पर पुलिस ने राजद्रोह के तहत केस दर्ज किया था। इसके पहले 1 मई को छत्तीसगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारी आईपीएस जीपी सिंह को कैट (केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण) से बड़ी राहत मिली थी। कैट ने चार सप्ताह में जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था। जुलाई 2023 में राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी। जीपी सिंह पर 2022 में छत्तीसगढ़ सरकार ने राजद्रोह का केस दर्ज किया था। इस मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि बाद में हाईकोर्ट से जमानत ले ली थी।

# आतंकियों की पैरवी करने वालों को राम मंदिर बुरा ही लगेगा : योगी

वार्ता ◄ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के औचित्य पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कुछ नेताओं के बयान पर कटाक्ष करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवादियों की पैरवी करने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद और भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के नामांकन के बाद महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए आज के विपक्ष ने राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ, देश में हो रही कार्रवाई और यूपी में माफिया के खिलाफ हो रहे एक्शन जैसे कड़े कदम उठाए होते तो संकटमोचन मंदिर और कचहरी पर पर आतंकी हमले नहीं होते। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में लोकसभा का चुनाव अब उस मोड़ पर पहुंच गया है जहां विपक्ष ने हार मान ली है। कांग्रेस, सपा बसपा सबने हार स्वीकार कर ली है। तीन चरणों में 285 सीटों पर यानी पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। योगी ने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के अंदर उन्हें नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। पूरे देश के अंदर एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। जनता यही कह रही है, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। हम उनको लाएंगे जिन्होंने रामराज की परिकल्पना को साकार किया है। योगी ने कहा कि रामराज का मतलब सबका सम्मान, सबकी सुरक्षा, सबका विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर तबके को बिना भेदभाव प्राप्त होना है। यह पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में साकार होता



दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाले आज के नए भारत में सम्मान, सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण के साथ आस्था का सम्मान भी है। भारत में बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक की योजना है, नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार है, किसानों के लिए योजनाएं हैं। हर घर नल, हर घर बिजली, हर घर रसोई गैस है। उन्होंने कहा कि देश में सबकुछ अच्छा है और इस अच्छे का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तो जाता ही है, उससे अधिक जनता को जाता है क्योंकि 2014 में जनता ने ही मोदी को चुनकर भेजा। जनता ने मोदी को वोट दिया और उस वोट के कारण मोदी ने चमत्कार कर दिया, नए भारत का निर्माण कर दिया। योगी ने कहा कि देश में बिना चेहरा देखे 80 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है, जबकि कांग्रेस, सपा और बसपा के समय में चेहरा देखकर राशन दिया जाता था। 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये के निशुल्क इलाज वाली आयुष्मान योजना की सुविधा मिल रही है। बिना चेहरा देखे, पात्रता के आधार पर 50 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट खुल गए हैं जिससे अब योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है जबकि पहले किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। 12 करोड़ घरों में शौचालय बन गए हैं। 10 करोड़ घरों में उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस के कनेक्शन हैं। चार करोड़ लोगों के मकान बन गए हैं, अकेले एक लाख मकान गोरखपुर में बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संसदीय चुनाव सामान्य चुनाव भर नहीं है। यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चुनाव है। देश की महिलाओं, नौजवानों, किसानों, व्यापारियों, हरेक तबके को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का चुनाव है। नए भारत के लिए, आने वाली पीढ़ी को विकसित भारत देने के लिए इस चुनाव में सबको एकजुट होकर भाजपा को जिताना है। योगी ने कहा कि गोरखपुर में तो विकास की इतनी लंबी श्रृंखला है कि लोग गिनते-गिनते थक जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने एम्स, खाद कारखाना, रामगढ़ताल, फोरलेन-सिक्स लेन सड़कों, आयुष विश्वविद्यालय, पिपराइच चीनी मिल, सैनिक स्कूल आदि का उल्लेख करने के साथ ही कहा कि पहले यहां बिजली के लिए आंदोलन करना पड़ता था, आज चौबीस घंटे बिजली मिल रही है। सीएम ने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों बच्चों के लिए काल बनने वाली इंसेफेलाइटिस भी अब पूरी तरह समाप्त हो गई है। गोरखपुर में अब माफिया भी समाप्त है और मच्छर भी मच्छर समाप्त है। उन्होने जनसभा में कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी।

# श्रमिक कालोनियों पर भी है भाजपा सरकार की निगाह : अखिलेश

एजेंसी ◄ कानपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कानपुर के औद्योगिक स्वरुप को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मिलों पर ताला लटकवाने वाली यह सरकार अब लेबर कालोनियों पर भी निगाह रखे हुये है। जीआईसी ग्राउंड पर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये यादव ने दावा किया कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश सातवें आसमान पर है और चुनाव का सातवां चरण खत्म होने के साथ भाजपा का पूरे देश में सफाया हो जायेगा। उन्होने कहा कि कानपुर के उद्यमियों और



कारीगरों ने अपने दम पर उद्योग नगरी की पहचान बनायी। सरकार को इनकी मदद करनी चाहिये थी मगर सरकार ने बंद मिलों को शुरु करने का कोई प्रयास नहीं किया बल्कि ये लोग लेबर कालोनियों को भी हडपना चाहते हैं। यादव ने कहा कि कानपुर में बिजली में निजी सहयोग से लगा बिजली संयंत्र सपा सरकार की देन है। मेट्रो भी समाजवादियों की देन है। हम कानपुर के नौजवानों को रोजगार देकर कानपुर को 'कामपुर' बनाना चाहते हैं। यहां के लोगों को काम मिल जाये, इस दिशा में काम करेंगे। उन्होने कांग्रेस उम्मीदवार राजाराम पाल और आलोक मिश्रा को विजयी बनाने की अपील करते हुये कहा कि ये चुनाव हमारी आने वाली पीढी का है। ये संविधान बचाने का चुनाव है। यादव ने कहा कि भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार का हर वादा झूठा निकला। दस साल में कोई वादा पूरा नहीं किया। किसानो की आय दोगुनी नहीं हुयी बल्कि खाद भी बोरी से चोरी हो गयी।

उन्होने कहा कि वैक्सीन लगवा कर सरकार ने लाखों लोगों का जीवन संकट में डाल दिया। ये न सिर्फ हमारी आपकी जान के पीछे पडे है बल्कि संविधान के पीछे भी पडे है।

## एटीएम बदल कर लोगों के खातों से पैसा निकालने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले की बाजपुर पुसिल ने एटीएम बदल कर लोगों के बैंक खातों से पैसा निकालने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से विभिन्न बैंकों के 215 एटीमए भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टी.एस. मंजूनाथ ने बताया कि गुरूवार को बाजपुर के प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में बन्नाखेड़ा क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान दो संदिग्ध लोग नजर में आये। दोनों की जांच की गयी, तो उनके पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक चाकू के अलावा 28 बैंकों के 215 एटीएम बरामद हुए। आरोपियों की पहचान ऊधमसिंह नगर जिला में गदरपुर थाना के चंदनपुर निवासी अमरीक सिंह और ऊधमसिंह नगर जिला में केलाखेड़ा के बरवाला निवासी सुखवंत सिंह के तौर पर हुई है।

# जद (एस) प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की प्रज्वल से जुड़े यौन शोषण मामले की सीबीआई जांच की मांग

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते एवं जद(एस) विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल का परिवार राज्य के राजनीतिक जगत में महत्वपूर्ण राजनीतिक दबदबा रखता है। वह और उनके पिता यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एचडी रेवन्ना के छोटे भाई कुमारस्वामी ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए एसआईटी जांच की निष्पक्षता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की स्पष्ट उलझन और गलत दिशा को देखते हुए एसआईटी से निष्पक्ष, न्यायसंगत और निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना अकल्पनीय है। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के बीच मिलीभगत पर जोर देते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी नेता देवराजे गौड़ा और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच हुई बातचीत ने एसआईटी जांच में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उप मुख्यमंत्री की मिलीभगत को उजागर कर दिया है। राज्य सरकार पर जद(एस) और देवेगौड़ा को बदनाम करने का अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए कुमारस्वामी ने सीबीआई जांच की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने दावा किया कि हासन लोकसभा क्षेत्र में कथित आपत्तिजनक सामग्रियों के वितरण के पीछे शिवकुमार का हाथ था। कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि एसआईटी जांच पक्षपातपूर्ण है और इसमें पारदर्शिता का अभाव है।

## अक्षय कुमार ने न्यायालय में वाद खारिज करने का प्रार्थना पत्र पेश किया



**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित मुंसिफ उत्तर न्यायालय में निर्माणाधीन फिल्म जॉली एल.एल.बी.- 3 प्रकरण में शुक्रवार को सुनवाई हुई। फिल्म के अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी, निर्माता सुभाष कपूर के एडवोकेट ने न्यायालय में वाद खारिज करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। इससे पहले वादी अजमेर बार एसोसियेशन के एडवोकेट ने रेलवे के वकील के प्रार्थना पत्र का जवाब पेश किया। अजमेर रेल मंडल की ओर से उनके वकील ने पिछली तारीख पेशी पर नोटिस का जवाब पेश कर दिया था। मुंसिफ उत्तर के न्यायाधीश यश विश्नोई ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई आगामी 18 मई को किया जाना तय किया है। उल्लेखनीय है कि अजमेर में फिल्मांकन के दौरान न्यायालय और वकीलों की छवि धूमिल की बात कहते फिल्म रोक लगाने की मांग की गयी है।

# सोरेन को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोई राहत नहीं दी और कहा कि उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के उच्च न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते कहा कि सोरेन की अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में दायर याचिका का अब कोई अर्थ नहीं रहा। पीठ ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर उस याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली सोरेन की गुहार पर वह अगले सप्ताह विचार करेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका तीन मई को खारिज कर दी थी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। साथ ही, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि उच्च न्यायालय यदि चाहे तो छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह से पहले कोई आदेश पारित कर सकता है। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने 29 अप्रैल को यह आदेश पारित करते हुए इस मामले को तब अगले छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में तब कहा था कि इस बीच (छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के अंदर) झारखंड उच्च न्यायालय (जिसने इस मामले में 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था) चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है। दो सदस्यीय शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष 28 अप्रैल को पेश हुए अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने 24 अप्रैल को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी ओर से अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। सिब्बल ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान कहा था कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक (24 अप्रैल) कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। पीठ के समक्ष उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे।

# विक्रमादित्य 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया और शपथ पत्र में अपनी 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति का ब्यौरा दिया। चुनाव लड़ने वाले हर प्रत्याशी को अपनी और संपत्ति के बारे में पूरी जानकारी साझा करनी पड़ती है। सिंह के पास 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है, जो 2022 के मुकाबले 88 लाख कम है। गौरतलब है कि 2022 में उन्होंने शिमला ग्रामीण विधानसभा चुनाव लड़ा था। चुनाव आयोग को दिए गए शपथ पत्र के मुताबिक सिंह 100 करोड़ 51 लाख की संपत्ति के मालिक हैं। उनके पास 1.80 लाख नकद है, वहीं कृषि और बागवानी से सालाना 53.51 लाख की सालाना आय है। उनके पास तीन गाड़ियां हैं, जिनकी कीमत 33 लाख है। उन्होंने शेयर बाजार में भी 1.65 करोड़ से अधिक का निवेश किया हुआ है। सिंह के पास कुल नौ करोड़ 49 लाख से अधिक के सोने हीरे चांदी के आभूषण भी हैं। कांग्रेस उम्मीदवार ने राज्य सचिवालय से 25 लाख रुपये का लोन लिया हुआ है। उनकी कुल देनदारी डेढ़ करोड़ से अधिक है। ये सभी जानकारी सिंह ने नामांकन के दौरान दी है। वैसे अपनी संपत्ति से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ चुनाव लड़ने वाले हर प्रत्याशी को अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी भी देनी होती है। सिंह की ओर से जारी शपथ पत्र के मुताबिक उनपर धन शोधन समेत कुल 14 मामले चल रहे हैं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2022 में भी सिंह हिमाचल के दूसरे सबसे अमीर प्रत्याशी थे। वह रामपुर रियासत के राजा हैं और उनके पिता वीरभद्र सिंह छह बार हिमाचल के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

## औजला ने कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की

**अमृतसर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी क्षेत्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.राज कुमार वेरका के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला के पक्ष में दो वार्डों की एक विशाल रैली हेवन ब्लू रिजॉर्ट राम तीर्थ रोड पर आयोजित की गयी। इस अवसर पर वेरका ने एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि गुरजीत सिंह औजला बहुत अच्छे हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के मालिक हैं। पिछले सात वर्षों में उनके द्वारा की गयी सेवायें सराहनीय हैं, जिसके लिये उन्हें जिताकर तीसरी बार लोकसभा में भेजना चाहिये। औजला ने कहा कि 400 पार का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है और उनके नेता भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि इस बार भाजपा के लिये 150 सीटें पार करना भी मुश्किल है। उन्होंने भाजपा द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बनाये गये संविधान को बदलने के प्रयासों की कड़ी निंदा की।

# देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख कंपनियों ने प्रौद्योगिकी को देश की असीम संभावनाओं को साकार करने की कुंजी बताया है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में अपने अपने क्षेत्र में अपने योगदान को रेखांकित करते हुए इन कंपनियों ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विश्व की नवाचार प्रेरित अर्थव्यवसाओं में अपना एक प्रमुख स्थान बनाया है। भारत के 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण को विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में नोकिया इंडिया के कंट्री मैनेजर तरुण छाबड़ा ने कहा, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस नवाचार और उसे आगे बढ़ाने में युवाओं के योगदान का उत्सव है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी नवाचार से प्रेरित होकर खुद को दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है। हमारा मानना है कि अगले दशक में ऐसा होगा एआई, क्लाउड और कनेक्टिविटी में अद्वितीय तकनीकी प्रगति ने भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के नए अवसर प्रदान किए हैं। छाबड़ा ने कहा, नोकिया अपने नवाचार प्लेटफार्मों, समुदायों और भौतिक प्रयोगशालाओं का लाभ उठाकर एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं। जहां हम भविष्य की डिजिटल सेवाओं और अनुप्रयोगों को आकार देने के लिए भागीदारों और प्रौद्योगिकियों को एकजुट करते हैं, भारत इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में फिनटेक कंपनी नियोग्रोथ के प्रबंध निदेशक और अधिशासी अधिकारी अरुण नैय्यर ने कहा, नियोग्रोथ में, हम व्यावसायिक लक्ष्यों और प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक उपकरण के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में विश्वास करते हैं। हमारी प्रतिबद्धता हमारे परिचालन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी को निर्बाध रूप से एकीकृत करके टिकाऊ और लाभदायक विकास हासिल करने में निहित है। जोखिम प्रबंधन और परिचालन दक्षता बढ़ाने से लेकर अद्वितीय ग्राहक अनुभव प्रदान करने तक, हम हर कदम पर डिजिटल नवाचार का लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी के पास एक अच्छी तरह से एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा है। इंडिया स्टैक, आधार प्रमाणीकरण, जीएसटी, डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र और अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क को शामिल करते हुए हम अपने ग्राहकों के लिए एक सहज और सरलीकृत प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक उद्देश्यों के बीच यह तालमेल भारत के एमएसएमई की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप समावेशी क्रेडिट पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भारत में थेल्स के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय निदेशक आशीष सराफ ने कहा कि प्रौद्योगिकी भारत की असीम संभावनाओं को उजागर करने की कुंजी है। अपनी वैश्विक विशेषज्ञता के साथ, हम भारत के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं और स्थानीय लोगों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। उद्योग और शिक्षा जगत मेक इन इंडिया के तहत उन्नत समाधान विकसित करेंगे। रक्षा, एयरोस्पेस, साइबर सुरक्षा और डिजिटल पहचान में हमारी मजबूत क्षमताएं, ओपन हार्डवेयर रिसर्च में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के साथ मिलकर इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि थेल्स बेंगलुरु और नोएडा में अपने इंजीनियरिंग क्षमता केंद्रों से अत्याधुनिक नवाचार को बढ़ावा देते हुए एक उच्च कुशल कार्यबल का पोषण कर रही है।

**चुनाव के बीच पुराने बयानों को पुनर्जीवित करके प्रधानमंत्री मोदी की कमियों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है भाजपा**

# कांग्रेस ने अय्यर के बयान से खुद को किया अलग

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने पार्टी नेता मणि शंकर अय्यर की विवादित टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के बीच पुराने बयानों को पुनर्जीवित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कमियों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने जारी बयान में कहा कि भाजपा नेता अय्यर के पुराने बयानों को लेकर कांग्रेस पर हमला कर रही है लेकिन उनका असली मकसद मोदी की गलतियों से देश का ध्यान भटकना है। उन्होंने कहा कांग्रेस मणि शंकर अय्यर के कुछ पुराने वीडियो से खुद को अलग करते हुए उनकी उन



टिप्पणियों से असहमति व्यक्त करती है जिन्हें भाजपा पुनर्जीवित कर रही है। पूरा देश समझता और जानता है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आए दिन की जा रही गलतियों पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के वीडियो सामने ला रही है और उसके माध्यम से मोदी की गलतियों से लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रही है। खेड़ा ने कहा, कांग्रेस और पूरा देश गर्व के साथ याद करता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक और दृढ़ नेतृत्व तथा हमारे सशस्त्र बलों की वीरता के कारण दिसंबर 1971 में पाकिस्तान टूट गया था और स्वतंत्र बंगलादेश का उदय हुआ था। इसी तरह 18 मई 1974 को इंदिरा जी के नेतृत्व में भारत की परमाणु क्षमता की सार्वजनिक घोषणा दुनिया के सामने की गई थी। कांग्रेस हमेशा मानती है कि हमारे देश में जो भी निर्णय होते हैं उन सबकी प्रक्रिया में सर्वोच्च राष्ट्रीय हित को महत्व दिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक वीडियो भी पोस्ट किया है और कहा है कि यदि पुराने वीडियो का इस्तेमाल किया जाए तो यहां एक बहुत ज्यादा पुराना वीडियो नहीं है जहां विदेश मंत्री सार्वजनिक रूप से भारत को चीन से डरने की सलाह दे रहे हैं।

## केजरीवाल को जमानत मिलने का कांग्रेस ने किया स्वागत

कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इसी तरह से राहत मिलेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने केजरीवाल को जमानत मिलने पर खुशी व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशान साधा कि वह जिस तरह की राजनीति करते हैं उसके लिए उन्हें चार जून को प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद साबरमती आश्रम में जाकर आत्म चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय से अरविंद केजरीवाल को जो राहत मिली है उसका हम स्वागत करते हैं। उम्मीद करते हैं कि चार जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री हो चुके होंगे और उसके बाद वह साबरमती आश्रम में बैठकर आत्म चिंतन और मनन करेंगे कि वह किस तरह की राजनीति करते हैं। साथ ही, यह भी उम्मीद करते हैं कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी शीघ्र अतिशीघ्र इसी तरह से न्याय मिलेगा।

## केजरीवाल को जमानत देने का उच्चतम न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य : डोटासरा

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को स्वागत योग्य बताया है। गहलोत ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि केजरीवाल को जमानत देने का उच्चतम न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य हैं। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किए गए संजय राउत, संजय सिंह समेत तमाम राजनीतिक लोगों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिल सके और उनका काफी समय जेल में व्यर्थ हुआ। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान उच्चत्तम न्यायालय का फैसला चुनाव में लेवल प्लेयिंग फील्ड देने वाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी उच्चत्तम न्यायालय में जाकर अपना पक्ष रखना चाहिए।

# त्रिपुरा हाईकोर्ट ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रेच्युटी लाभ प्रदान करने के दिये निर्देश

वार्ता ◄ अगरतला
www.dailypioneer.com

त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त आंगनवाड़ी कर्मचारियों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर लंबी सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनकी सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये। न्यायमूर्ति सब्यसाची दत्ता पुरकायस्थ ने राज्य सरकार को सभी सेवानिवृत्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ब्याज सहित ग्रेच्युटी देने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता पुरूषोत्तम रे बर्मन ने कहा कि इस फैसले से 20,000 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को लाभ मिलेगा। अधिवक्ता बर्मन ने कहा कि कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों ने बच्चों के समग्र विकास में योगदान दिया है, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद उक्त कर्मचारी खाली हाथ घर लौटे हैं। बर्मन ने कहा कि वर्ष 2021 में, उच्चतम न्यायालय ने गुजरात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के एक मामले की सुनवाई के बाद, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जमीनी स्तर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए ग्रेच्युटी लाभ प्रदान करने का निर्देश दिये थे। शीर्ष अदालत के फैसले को ध्यान में रखते हुए त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बिना किसी देरी के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेच्युटी देने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि इस फैसले से देश के बाकी हिस्सों में बड़ी संख्या में ऐसे श्रमिकों को मदद मिलेगी।

# 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

## जिले में 10वीं में 81.08 प्रतिशत एवं 12वीं में 80.75 प्रतिशत बच्चे हुए उत्तीर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा के जारी परिणामों में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा शुक्रवार को सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि कोण्डागांव में 10वीं कक्षा में 81.08 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है, जिनमें 77.99 प्रतिशत बालक एवं 83.69 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं कक्षा 12वीं में जिले के 80.75 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुएं है जिनमें 79.18 प्रतिशत बालक एवं 81.96 प्रतिशत बालिकाएं उत्तीर्ण हुई हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों से मुलाकात कर उनका प्रोत्साहन किया और सभी बच्चों एवं उनके परिजनों को संबोंधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है न की उसका अंतिम लक्ष्य हमें निरंतर मेहनत करते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने ऐसे बच्चें जो या तो प्राविण्य सूची में स्थान न बना सके या किसी कारणवश परीक्षा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके उनके लिए संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं किसी कक्षा में प्राविण्य सूची में नहीं रहे परंतु जब उन्होंने अपने जीवन में कुछ करने की सोची और मेहनत की तो वे हर परीक्षा में उत्तीर्ण होते गये और आज पूरे जिले के जिलाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे है। बच्चों को भी अपने परिणामों से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए जीवन में परिश्रम के बल पर हर मंजिल को पाया जा सकता है, क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।

### जिले में बच्चों के मार्गदर्शन हेतु तीन दिवसीय शिविर का होगा आयोजन

कलेक्टर ने बताया कि जिले के बच्चों को 12वीं के बाद कैरियर के चुनाव एवं कैरियर प्रबंधन तथा 10वीं के बच्चों के लिए विषय चुनाव हेतु जिले में तीन दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जायेगा साथ ही 10वीं के बच्चों को विषय चुनाव हेतु सहयोग के लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया जायेगा। यह शिविर जिला मुख्यालय के साथ विकासखण्ड स्तर पर भी आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कैरियर मार्गदर्शन एवं परीक्षा परिणामों के उपरांत तनाव से गुजर रहे बच्चों के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जायेगा। जिसके माध्यम से बच्चे काउंसलर के द्वारा तनाव प्रबंधन के साथ कैरियर मार्गदर्शन पर सलाह भी प्राप्त कर सकते है।

### मंगलेश सीएस तो सलेहा पारेख बनना चाहती हैं सीए

12वीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान पर आने वाले शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव के मंगलेश सलाम ने बताया कि उनके पिता एक कृषक है और उसे बचपन से ही पढ़ने में रूचि थी। इसमें विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ जिससे वह 12वीं में 94.60 प्रतिशत ला पाए। मंगलेश ने बताया कि वह आगे जीवन में सीएस (कम्पनी सेक्रेटरी) बनना चाहते है। वहीं 10वीं कक्षा में 96.17 प्रतिशत लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली केशकाल की सलेहा पारेख ने बताया कि पढ़ाई में स्कूल के शिक्षकों के साथ परिजनों का उन्हें पूरा सहयोग मिला जिससे वे अपनी पढ़ाई अच्छे से कर सकीं। सलेहा ने बताया कि वे आगे कामर्स विषय लेकर चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहती है।

### एक ही स्कूल के पांच विद्यार्थी प्राविण्य सूची में रहे शामिल

जिले के विकासखण्ड फरसगांव अंतर्गत आने वाली शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में जिले की 12वीं कक्षा की प्राविण्यता सूची में पांच विद्यार्थी शामिल हुए। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य बीके अठभैया ने हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि उनके विद्यालय से 12वीं कक्षा में पांच बच्चों ने टॉप टेन में जगह बनाई है। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मंगलेश सलाम के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मनीष कुमार कावड़े, पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले जैनेन्द्र बिसेन, षष्टम स्थान वाले कमलेश, दसवें स्थान वाले अमरनाथ नेताम शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक बच्चों की उपलब्धि पर बहुत खुश हैं। टॉप टेन में आने वाले पांचों बच्चे लघु कृषक परिवारों से संबंध रखते है एवं इनमें चार कॉमर्स एवं एक जीव विज्ञान के विद्यार्थी है।

### गिरोला के लाकेश एवं उरंदाबेड़ा की रिंकी शार्दुल ने विषम परिस्थितियों को मात देकर प्राविण्य सूची में बनाया स्थान

गिरोला के मजदूर परिवार से संबंध रखने वाले लाकेश दीवान ने 94.33 10वीं की प्राविण्यता सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। लाकेश के पिता महेन्द्र कुमार ने बताया कि वे मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं जब उन्हें लाकेश के जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने की जानकारी प्राप्त हुई तो उन्हें बहुत खुशी हुई उन्होंने बताया कि लाकेश स्वयं पढ़ने में रूची रखता है और हमारे गांव के शिक्षकों ने भी लाकेश का बहुत सहयोग किया है। जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उरंदाबेड़ा की रिंकी शार्दुल ने बताया कि उनके पिता गांव में राज मिस्त्री का कार्य करते हैं। जहां उन्होंने अपनी अच्छी आय न होने के उपरांत भी उसकी अच्छी शिक्षा हेतु उन्हें केशकाल पढ़ने भेजा जहां शिक्षकों सहयोग से वे अच्छे से पढ़ पायी और प्राविण्यता सूची में स्थान बना पायीं। रिंकी ने बताया कि वे आगे चलकर आईएएस बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

# किरंदुल में मनाया गया भगवान परशुराम जी की जन्मोत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को परशुराम जी की जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम के तैलचित्र की पूजा, अर्चना, आरती कर सुंदरकांड एवम हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ किया गया तथा सर्व समाज के कुशलता की प्रार्थना की गई तत्पश्चात खीर प्रसाद एवं जल वितरण किया गया। मौके पर सुनील कुमार दुबे, ए एन तिवारी, धर्मपाल मिश्रा, रवीश तिवारी, आर एन त्रिपाठी, के एन तिवारी, धीरज पाण्डेय, जीतेन्द्र तिवारी, अशोक शर्मा, बिज्जू राव, राजू राव, हरे राम पांडेय उपस्थित थे।

# नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में हुआ महाभण्डारे का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com





किरन्दुल श्री राघव मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर की स्थापना व विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा जगन्नाथ धाम पुरी से पहुंचें पंडाओं द्वारा की जा रहीं हैं साथ ही 12 मई तक विविध कार्यक्रम आयोजित की जा रहीं हैं। 10 मई प्रातः 08 बजे यज्ञशाला पूजा,10 बजे सूर्य पूजा,11 बजे गौ पूजा की गई तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से महासभण्डारा भोज का आयोजन हुआ जिसमें नगर एवम आसपास के सैकड़ों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर 02 बजे मंदिर प्रतिष्ठा, अपराह्न 03 बजे महास्नान,चक्षुदान की गई। तथा संध्या 06 बजे निद्रा कलश, रात्रि 11.30 बजे भगवान जगन्नाथ प्राण प्रतिष्ठा एवम जिबन्यास तथा मध्यरात्रि को पुराने विग्रहों को पाताली की जाएगी। मौके पर मुख्य पुजारी मनोरंजन दास, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक, सचिव देवराज लेंका, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक मोहंती, विपिन महाराणा, शैलेश रथ, ब्रजेश मिश्रा एवम श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में हो रहा है नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन



**कवर्धा।** जिला चिकित्सालय कवर्धा में लगातार मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन हो रहा है जिसका लाभ हितग्राही ले रहे है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीएल राज के निर्देशन एवं सिविल सर्जन डॉक्टर केशव ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में। प्रति सोमवार को मरीजों का भर्ती एवं मंगलवार को ऑपरेशन किया जा रहा है। इन दिनों रायपुर से रेटीना सर्जन डॉक्टर प्रांजल मिश्रा अपनी सेवाएं दे रहे है। जिला अस्पताल में आंखो का जांच प्रति दिन हो रहा हैं जहां नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जॉय एवं धीरेंद्र शर्मा अनामिका मढरिया कर रहे हैं तथा बेहतर सुविधा के लिए शिवगोपाल सिंह का विशेष योगदान मिल रहा है। 19 मरीजों का सफल ऑपरेशन कर नई रोशनी प्रदान किया गया।

## दंतेवाड़ा में सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में जगदलपुर-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग - 63 पर तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्क र में दो युवकों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जगदलपुर-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग - 63 पर हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि बालुद गांव के निवासी पवन कड़ियाम अपने दो दोस्तों रोहित ठाकुर और रामचंद यादव के साथ बाइक से लोहंडीगुड़ा जा रहा था। तीनों दोस्तों को किसी परिचित के घर शादी में जाना था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात करीब 10 से 11 बजे के बीच जगदलपुर की तरफसे आ रही एक कार से जावंगा गांव के नजदीक उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।

# अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अधिक से अधिक अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी तारतम्य में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सोहंगा में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे है।

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार एवं अति0 पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना अनंतपुर पुलिस के द्वारा ग्राम सोहंगा में जाकर आरोपी (1) गोविंदा नेताम पिता स्व. लुभान उम्र 32 वर्ष के होटल ढाबा पर रेड करने पर HUNTER STRONG वियर 160 ML का 10 नग, MCDOWELLÓS No.1 व्हिस्की 01 नग व्हिस्की 180ML अंग्रेजी शराब कीमत 180/- रूपये, रायल ग्रीन 01 नग 180 एम एल कीमत 200 रू, जुमला कीमत 1980/-रूपये व (2) बसंत मंडावी पिता राजूराम मंडावी उम्र 35 वर्ष के घर पर रेड करने पर 05 नग बदवाइजर बीयर ,02 नग हंटर बीयर और 01 नग हंटर बीयर प्रत्येक 650 ml अंग्रेजी शराब जुमला कीमत 1270/- रूपये बरामद हुआ। दोनो आरोपीगणों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, सउनि. अभिराम मेश्राम, प्र.आर.-239 भावेश मंडावी, प्र.आर. 236 भूपेंद्र मरकाम, प्र. आर. 85 रघुनाथ कश्यप, थाना स्टाफ और सायबर टीम प्रभारी शशि भूषण पटेल, प्र आर.अजय बघेल, आर.-अजय देवांगन व अन्य का योगदान रहा।

# दसवीं में सलेहा पारख ने तो बारहवीं में मंगलेश सलाम ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





10वीं और 12वीं रिजल्ट का इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स का इंतजार खत्म हो गया है। छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन की ओर से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का रिजल्ट, 9 मई को जारी कर दिया गया है। परिणाम के साथ टॉपर्स लिस्ट भी जारी कर दी गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने जानकारी देते हुए बताया की छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन की ओर से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल केशकाल की 10वीं कक्षा की सलेहा पारख ने 600 अंक में से 577 अंक प्राप्त कर 96.17 प्रतिशत से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं 12वीं कक्षा से शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल फरसगांव के मंगलेश सलाम ने 500 अंक में से 473 अंक प्राप्त कर 94.60 प्रतिशत के जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## आत्मानंद स्कूलों के 28 बच्चे टॉप टेन सूची में

# भाजपा को साधु संतों के नाम पर भी आपत्ति : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा को छत्तीसगढ़ की अस्मिता व छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान देने वाले शिक्षाविदों तथा साधु संतो के नाम पर भी आपत्ति होने लगी है। इसलिए महान समाज सेवक व संत स्वामी आत्मानंद के नाम पर रखे गए स्कूलों का नाम पीएमश्री करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कॉलेज जहां पर हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उसका नाम बदलने की कवायद मौजूदा भाजपा की सरकार कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि, स्वामी आत्मानंद की जीवनी में लिखा है कि वे आईएएस (तत्कालीन आईसीएस) के लिए चयनित हुए थे, पर जनसेवा के लिए उन्होंने सन्यास का रास्ता चुना। उनके ज्ञान की वजह से दुनिया भर में उन्हें प्रवचन देने के लिए बुलाया जाता था।

छत्तीसगढ़ में हमेशा उन्हें गौरव के रूप से देखा जाता रहा है। इसीलिए जब वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कांग्रेस की सरकार ने अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने का निर्णय लिया तो योजना को स्वामी आत्मानंद जी के नाम पर रखने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि, अगर भाजपा की सरकार सिर्फ इसलिए स्वामी आत्मानंद योजना का नाम बदलना चाहती है क्योंकि, यह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरु हुई योजना है, तो यह एक आध्यात्मिक विद्वान व्यक्तित्व के बारे में भाजपा के नेताओं की सोच को दर्शाता है। चंद्राकर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना 1 नवंबर 2020 को शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को समान अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में 750 से ज्यादा स्कूल शुरू किए गए हैं जिनमें पुस्तकालय, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला जैसे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की एक उच्च प्रशिक्षित टीम है। इन सुविधाओं के साथ गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप आज 10वीं तथा 12 वीं बोर्ड में 28 बच्चों ने टॉप किया है। 12वीं में 7 बच्चे टॉप 10 में, जबकि 10वीं में 21 बच्चे टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूलों से हैं। यानी कुल 79 टॉपर्स में से 28 बच्चे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों से हैं।

# कलेक्टर ने सड़क हादसे में मृत होम गार्ड जवान के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के. एल. चौहान ने सड़क दुर्घटना में निधन हुए होम गार्ड के जवान स्व. तानसिंह साहू के ग्राम सण्डी स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व साहू के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अकस्मात हुए अपूर्णीय क्षति को सहन करने ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों को तत्काल सहायता राशि प्रदान करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री चौहान स्व. साहू के अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि कलेक्ट्रेट में पदस्थ करीब 39 वर्षीय होमगार्ड तानसिंह साहु की शुक्रवार को प्रातः मोटर सायकिल से बलौदाबाजार ड्यूटी आने के दौरान पलारी थाना अंतर्गत ग्राम कोटवा के पास ट्रक के द्वारा मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दिए जाने से गम्भीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। स्व. साहू अपनी पत्नी एवं दो बच्चों को छोड़ गए हैं। इस दौरान एसडीएम श्यामा पटेल, तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अवैध रूप से संचालित रिसॉर्ट बना अनैतिक कार्यों का गढ़

## लगातार शिकायतों के बाद भी जिला प्रशासन की खामोशी पर उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के अंतर्गत अनेक ऐसे स्थल बन चुके हैं जो शहर से बाहर इसलिये बनाये गये हैं ताकि वहां बिना किसी डर के जुआ, शराब, शबाब, कबाब जैसा अनैतिक कार्य आसानी से किया जा सके। पूर्व वर्षों में डोकाल, केरेगांव, मॉडमसिल्ली में दूरदराज की कॉलगर्ल लोगों का आना जाना लगा रहता था। यह खबर उस वक्त मीडिया की सुर्खियों में रही, आज भी बाहरी ईलाकों में ऐसे कई स्थान हैं जहां रायपुर, दुर्ग, जिले की युवतियां भी यहां लाई जाती हैं और इसी तरह सोरम, भटगांव जैसे अनेक ग्रामों में जुआ का फड़ लगाकर वहां खिलाड़ियों से नाल वसूली जाती है, तब उन्हें भीतर प्रवेश दिया जाता है। इसके लिये बाहर में जुआ संचालित करने वाले तथाकथित नेता का समर्थन प्राप्त व्यक्ति द्वारा पुलिस रेड होने के पूर्व सूचना के लिये बाहर दो-चार व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है। ऐसे कृत्य लगातार जिले में बढ़ रहे हैं। इन्हीं श्रृंखलाओं में बिना अनुमति के अवैध रूप से वर्षों से संचालित मरादेव स्थित रिसॉर्ट इन दिनों अनैतिक कार्यों के लिये लगातार चर्चा में बना हुआ है। यह रिसॉर्ट एक आदिवासी परिवार की भूमि को हथियाकर वहां रिसॉर्ट का निर्माण किया गया जिसमें स्वीमिंग पुल के लिये गंगरेल से सीधे पाईप लाईन बिछाकर पानी चोरी किये जाने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। बताया जाता है कि इस रिसॉर्ट में हो रहे अनैतिक कार्यों की जानकारी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भलीभांति है, बावजूद इसके इस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अनेक संदेहों को जन्म दे रहा है। अवैध रूप से संचालित उक्त रिसॉर्ट आज की स्थिति में अनैतिक कार्यों का गढ़ बन गया है जिसकी लगातार शिकायतों के बाद भी जिला प्रशासन मौन धारण किये हुए है।



मुख्यालय धमतरी में अनेक ऐसे अधिकारी पदस्थ हैं जिनके ऊपर गैर कानूनी कार्य को रोकने की पूर्ण जवाबदारी है। चाहे वह भूमाफिया का हो, अतिक्रमण का हो अथवा अवैध निर्माण का हो, ऐसे अनैतिक कार्य को रोकने की जवाबदारी है किंतु मिलीभगत होने के बाद यह कहावत चरितार्थ होती है कि चोरों के सौ रास्ते, साहूकार का एक रास्ता.. इसी तर्ज पर ऐसे उपरोक्त अनैतिक कार्य संचालित हो रहे हैं। समय समय पर पुलिस विभाग द्वारा जुआ, शराब के अनेक मामले दर्ज किये गये। खबर मिलने पर पुलिस पूरी तरह कार्यवाही करने में देरी नहीं करती। लेकिन रिसॉर्ट जैसे निर्माण के लिये जिला प्रशासन को अभी तक संज्ञान लेना चाहिये था। जैसा कि पिछले माह होली पर्व पर रिसॉर्ट में नशे में धुत्त युवकों द्वारा खूब हुड़दंग मचाया गया जिसकी खबर पर पुलिस ने वहां दबिश दी और अप्रिय घटना घटने के पूर्व इन युवकों को वहां से अलग कर कुछ पर कार्यवाही की थी। इसी रिसॉर्ट में पानी चोरी की खबर पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पिछले लंबे समय से गंगरेल से पाईप द्वारा पानी चोरी करने वाले रिसॉर्ट के संचालक को नोटिस जारी कर वर्ष 22-23 के पानी चोरी का टेक्स पटाने हेतु कहा गया है। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जल संसाधन विभाग को उक्त रिसॉर्ट के संचालक द्वारा पैसा भुगतान किया गया अथवा नहीं, इसकी घोषणा सार्वजनिक नहीं की।

खबर है कि रिसॉर्ट के संचालक को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जान बूझकर वर्ष 22-23 के पानी चोरी का टेक्स पटाने नोटिस जारी की जबकि उक्त रिसॉर्ट में स्वीमिंग पुल के लिये पिछले कई सालों से पानी की चोरी धड़ल्ले से की जा रही थी। लेकिन जल संसाधन विभाग द्वारा जारी किये गये कई नोटिस को भी उक्त रिसॉर्ट संचालक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है बल्कि आज भी वह नियम विरूद्ध ढंग से पानी की चोरी लगातार कर रहा है। इसी तरह इस रिसॉर्ट में अनैतिक कार्य होने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण होली के दिन जहां जुआ खेलने वाले युवकों में हार जीत की बाजी लगाकर एक तरफा बाजी होने के कारण हुए विवाद पर अच्छा खासा मारपीट तक की घटना प्रकाश में आई। वह तो भला हो पुलिस का जिसने समय पर वहां जाकर कोई अप्रिय घटना घटने के पूर्व वहां दबिश दी और इस होने वाले भयंकर हादसे को रोकने में कामयाबी हासिल की। लेकिन जिले के बड़े पुलिस अधिकारियों ने इस अवैध रूप से संचालत रिसॉर्ट के संचालन की कोई दस्तावेजों की जांच नहीं की। जल संसाधन विभाग के अधिकारी रिसॉर्ट के संचालक पर न जाने क्यों मेहरबान हुए हैं कि उन्होंने वर्षों से पानी चोरी करने वाले को मात्र दो वर्ष की नोटिस देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। नियमानुसार जल संसाधन विभाग को पानी चोरी के एवज में लाखों रूपये की राजस्व शुल्क की वसूली प्राप्त होती और नियमानुसार भुगतान नहीं करने की दशा में एफआईआर भी करवाया जाना था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और रिसॉर्ट के संचालक को पैसा नहीं पटाये जाने को लेकर कोई सख्त कार्यवाही नहीं की अर्थात पानी का कनेक्शन विच्छेद नहीं किया और न ही रिपोर्ट किया गया। पता चला है कि उक्त रिसॉर्ट की भूमि में एक आदिवासी परिवार का हक दबा हुआ है जिनसे उक्त रिसॉर्ट के निर्माणकर्ता ने उनके जीविकोपार्जन की भूमि हथिया ली है। बावजूद इसके जिला प्रशासन इस ओर आंखे मूंदे बैठा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय सरकार ने ऐसे आदिवासी जो भूमिहीन हैं, उनको जीविकोपार्जन और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिये उन्हें न सिर्फ सवा-सवा एकड़ भूमि का आबंटन किया ताकि वे इसमें खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। लेकिन रिसॉर्ट के संचालक ने उसे लोकलुभावन सपने दिखाकर उक्त जमीन जिस पर आदिवासी परिवार का हक था, उसे अपने कब्जे में कर रिसॉर्ट का निर्माण कर लिया। यह रिसॉर्ट वनभूमि में उपजे वृक्षों के भीतर छुपा हुआ है जो दूर से दिखाई नहीं पड़ता। इसमें जाने का जो रास्ता है वह भी श्मशान घाट से शुरू होता है जबकि दूसरा रास्ता भी है। लेकिन उसमें किसी अन्य का कब्जा है। शासन द्वारा आदिवासी परिवार को आबंटित की गई भूमि का न तो कोई खरीद फरोख्त हो सकता है और न ही खेती योग्य भूमि को सुधार कर उसमें रिसॉर्ट का निर्माण किया जा सकता है परंतु जिले के अधिकारियों की लापरवाही कहें, या मिलीभगत कहें, इस रिसॉर्ट का संचालन बिना पंजीयन के बदस्तूर जारी है। जिला प्रशासन को यह भी नहीं मालूम कि यहां कहां-कहां से लोग आते हैं। कब आते हैं, कब जाते हैं, इसकी भी जानकारी किसी को नहीं है। यहां तक रिसॉर्ट के संचालक द्वारा आवक-जावक रजिस्टर नहीं बनाया गया है जिसमें आने जाने वालों का नाम, पता दर्ज किया जा सके, जिससे यहां आने जाने वाले लोगों का ठिकाना प्रशासन के पास उपलब्ध हो। अब देखना है कि जिला प्रशासन उक्त रिसॉर्ट में चल रहे पानी चोरी, आदिवासी भूमि पर क्या कार्यवाही करता है।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, सागौन, साल, बीजा एवं अन्य प्रतिबंधित प्रजाति लकड़ियों के तस्कर हुए गिरफ्तार

## 50 लाख मूल्य के मशीनरी और लकड़ी से बने फर्नीचर जब्त





पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा वनमण्डल के अंतर्गत शक्ति वन परिक्षेत्र में अवैध रूपसे संचालित दो आरा मिल और फर्नीचर मार्ट में वनमण्डल बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम द्वारा की संयुक्त कर्रवाई की गई। जिसमें 2 बैंड सॉ, 2 ट्रॉली, 2 आधुनिक रेंदा मशीन, जेनान पिकअप वाहन एवं सागौन साल बीजा सहित अन्य प्रतिबंधित प्रजाति से निर्मित लगभग 50 लाख मूल्य के मशीनरी और लकड़ी ज़ब्त की गई। कार्यालय वनमंडल बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रायपुर सीसीएफ राजू अगासिमनी, बिलासपुर सीसीएफ प्रभात मिश्रा के निर्देशन में बलौदाबाजार डीएफओ मयंक अग्रवाल, जांजगीर चांपा डीएफओ प्रियंका पांडे एवं प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले द्वारा सतत, सघन, गहराई से उक्त सूचना की जांच करने पर सागौन तस्करी के बड़े गिरोह की जानकारी की पुष्टि हुई। जिस पर कर्रवाई करते हुए शक्ति परिक्षेत्र के अंतर्गत घोघरी एवं खैर ग्राम अंतर्गत खीर प्रसाद चंद्रा एवं रेशम लाल पटेल द्वारा अवैध रूप से संचालित आरा मिल को सील कर सामग्री जब्त कर ली गई है। इसी कड़ी में ग्राम खैर में खीर प्रसाद चंद्रा द्वारा स्वयं के घर में अवैध रूप से फर्नीचर मार्ट का भी संचालन किया जा रहा था। संयुक्त टीम द्वारा दबिश देने पर अवैध सागोन साल बीजा से निर्मित एवं निर्माणाधीन दीवान, दरवाजे, सोफे, डाइनिंग एवं मशीनें जब्त की गई है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ नियुमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। उक्त संयुक्त कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी उड़नदस्ता संदीप सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा में बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुरा रोड भाटापारा में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा दशम की परीक्षा में 43 प्रतिभागी रहे जिसमें 75 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए । 29 प्रथम श्रेणी, 3 द्वितीय श्रेणी, 1 तृतीय श्रेणी व 3 को पूरक मिला है। प्रथम स्थान पर मुस्कान साहू 89.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर नीलकमल साहू 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर कुलदीप चतुर्वेदी 84 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान पर तुलसी साहू 82 .8 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर प्रिंसी साहू 79.5 प्रतिशत रही। कक्षा द्वादश का परिणाम 96 प्रतिशत रहा । 52 प्रतिभागियों में प्रथम श्रेणी में 19, द्वितीय श्रेणी 30 तृतीय श्रेणी 1 व पूरक 1 को मिला। जिसमें हर्ष साहू 92 प्रतिशत प्रथम, पलक शुक्ला 77.8 प्रतिशत द्वितीय, आशीष सोनी 76 .8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख मालिक राम वर्मा आचार्यजी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी। विद्यालय के प्राचार्य टेकराम वर्मा एवं ब्यवस्थापक अनिल जैन ने समस्त भैया बहिनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं आचार्यों को किए गए प्रयासों पर बधाई संदेश प्रेषित किए। साथ ही किसी कारण से सफल नही हो पाने वालों को निराश न होकर पुनः प्रयास कर सफलता प्राप्त करने की सलाह दी।

# समय का सदुपयोग करने वाला ही सफलता प्राप्त करता है : ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी

## विद्यार्थी जीवन हमारी जिन्दगी का सबसे सुनहरा समय
## समय का सही उपयोग करने अपनी दिनचर्या बनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारी जिन्दगी का सबसे सुनहरा समय होता है। इसलिए एक-एक सेकण्ड का सदुपयोग अपने भविष्य को संवारने के लिए करना चाहिए। समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति ही जीवन में सफ्ल होता है। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में समय प्रबन्धन कला (टाईम मैनेजमेन्ट) विषय पर बच्चों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने बच्चों को सुझाव देते हुए कहा कि अपने कार्यो को तीन भागों में बांट लेना चाहिए। अतिआवश्यक, आवश्यक और शेष बचे हुए कार्य। सबसे पहले अतिआवश्यक कार्य को पूरा करें। फिर आवश्यक और उसके बाद शेष रहे हुए कार्यो को निपटाना चाहिए। उन्होंने आगे बतलाया कि समय के महत्व को समझने वाले व्यक्ति का जीवन मूल्यवान बन जाता है। समय को टेलीविजन देखने और मोबाईल में गेम खेलने में व्यतीत करना वास्तव में समय को बर्बाद करना है। जो महान लोग होते है वह अपने एक-एक मिनट का हिसाब रखते हैं। उसे सफल करने के लिए अपनी दिनचर्या बनाते हैं। इससे उनका जीवन सुव्यवस्थित हो जाता है। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने बच्चों को भी अपने समय का सही उपयोग करने के लिए प्रतिदिन की दिनचर्या बनाने का सुझाव दिया और कहा कि हमें हरेक कार्य का समय निश्चित कर लेना चाहिए। ताकि हमें पता रहे कि कब पढ़ना है और कब खेलना तथा कितनी देर तक खेलना है। पढने के लिए सुबह का समय बहुत अच्छा होता है। क्योंकि उस समय हमारा दिमाग पूरी तरह से ताजगी से भरा (फ्रेश) होता है। इसलिए सुबह का पढ़ा हुआ विषय हमें अच्छी तरह से याद रहता है। इसके बाद सुबह के पढ़े हुए चेप्टर को सारे दिन में जब भी समय मिले दोहराने का अभ्यास करना चाहिए।

# रेलवे टिकट के अवैध कारोबार के खिलाफ की गई कार्रवाई




पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं रेलवे टिकट के अवैध रूप से व्यापार करने वाले के विरुद्ध अभियान के तहत 08.05.24 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग प्रभारी एस के सिन्हा के दिशा निर्देश पर, उप निरीक्षक सनातन थानापति, आरक्षक एस आर मीणा और आरक्षक सी के घरडे के साथ रेलवे ई टिकटों का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन वर्ल्ड एंड एसबीआई कियास्क गुरुर, बालोद, स्थित दुकान को चेक किया गया। दुकान पर सचिन कुमार कंसारी, पिता- सोमनाथ कंसारी, उम्र- 32वर्ष, साकिन-मकान नंबर 15 वार्ड नंबर 1 गुलमोहर कॉलोनी गुरुर, थाना-गुरुर, जिला- बालोद (छत्तीसगढ़) के कब्जे से पर्सनल यूजर आईडी से बना हुआ रेल आरक्षित ई टिकट 20 नग जिसका कुल कीमत रुपए 55191.30 (जिसमें से दो नग लाइव टिकट जिसका मूल्य 2206.30/-) का अवैध व्यापार करना पाया गया। मौके पर जब्ती तथा दस्तावेजी कार्यवाही पूर्ण कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग में अपराध क्रमांक 979/24 धारा 143 रेल अधिनियम 08.05.24 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही किया गया।

# कब तक झेलते रहेंगे यह परेशानी, पूछ रहे किसान



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रांगण लबालब। निपटान में लगता लंबा समय। रबी सत्र में हमेशा से आती रही है यह समस्या। रबी फसल लेकर आ रहे 5 जिले के किसानों का सवाल-आखिर कब तक झेलते रहेंगे यह परेशानी? रबी फसल की चौतरफा आवक के बाद व्यवस्था संभाल पाने में एक बार फिर से मंडी प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। उपाय हैं, व्यवस्थित कामकाज की लेकिन जो इच्छा शक्ति होनी चाहिए, उसका सर्वथा अभाव देखा जा रहा है। इसलिए विवशता में प्रांगण से बाहर कृषि उपज का विक्रय करना पड़ रहा है।

**इसके प्रयास नहीं**

प्रांगण में मजदूरों की जो संख्या बताई जा रही है, उसे बेहद कम माना जा रहा है। सुझाव दिए जा रहे हैं, मांग भी की जा रही है कि संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है लेकिन नहीं माने गए सुझाव, न स्वीकार की गई मांग। फलतः काम का निपटान 24 घंटे का लंबा समय ले रहा है। अस्थाई तौर पर ही सही, मजदूरों की व्यवस्था करनी चाहिए।

**इतनी है क्षमता**

पांच जिलों की कृषि उपज वाली इस मंडी प्रांगण की क्षमता 30000 क्विंटल रोजाना की है। वह भी तब, जब निपटान समय पर होता रहे लेकिन हालात काबू से इसलिए बाहर हो चले हैं क्योंकि व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के प्रयास कभी भी गंभीरता से नहीं किए जाते। यही वजह है कि किसान हर साल परेशान होते हैं।

**विवशता में यह काम**

अव्यवस्था को खत्म करने को लेकर जैसी अरुचि दिखाई जा रही है, उसे देखते हुए किसानों को कृषि उपज का विक्रय बाहर करना पड़ रह है। राहत बस इतनी ही है कि समय पर काम हो जा रहा है, तो इकाइयों में उत्पादन समय पर हो रहा है। इससे उपभोक्ता राज्यों की मांग समय पर पूरी की जा रही है।

**प्रयास कर रहें हैं**

चौतरफा आवक और लगातार अवकाश की वजह से मजदूरों की उपस्थिति बेहद कमजोर है। स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। व्यवस्थित कामकाज के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**-एस एल वर्मा, सचिव, कृषि उपज मंडी, भाटापारा**

# जिले में पहुंचा प्रशिक्षु आईएएस का अध्ययन दल, कलेक्टर के. एल. चौहान से की सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय प्रशासनिक सेवा छत्तीसगढ़ कैडर 2023 बैच के 4 प्रशिक्षु आईएएस की टीम शुक्रवार को अध्ययन एवं विकास गतिविधियों का अवलोकन हेतु बलौदाबाजार पहुंची। प्रशिक्षु अधिकारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के. एल. चौहान से सौजन्य मुलाकात कर जिले में चल रहे विकास कार्यों सहित अन्य गतिविधियों से रूबरू हुए। कलेक्टर चौहान ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, इतिहास, उद्योग, संस्कृति एवं पर्यटन तथा ऐतिहासिक स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने भी पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजना से अवगत कराया। बिलासपुर में पदस्थ सहायक कलेक्टर आईएएस तन्मय खन्ना ने बताया कि चारों प्रशिक्षुओं को अलग-अलग जिले में सहयक कलेक्टर पदस्थ किये गए हैं। उनकी टीम रायगढ़, कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर होते हुए बलौदाबाजार पहुंची है। इस दौरान जिले में स्थित निजी सीमेंट प्लांट में जाकर उनकी पूरी गतिविधियों एवं प्रक्रियाओं से रूबरू हुए। इसके साथ ही उनके प्रोसेसिंग यूनिट सहित माइंस की जानकारी हासिल की। प्रशिक्षु आईएएस में रायपुर में पदस्थ सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, दुर्ग में पदस्थ सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, जांजगीर-चाम्पा में पदस्थ सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले शामिल थे। निरक्षण के दौरान उप संचालक खनिज प्रशासन के. के. बंजारे भी मौजूद थे।

# अपर कलेक्टर पांडे ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

## लंबित राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अपर कलेक्टर अरविंद पांडे ने जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में सभी एसडीएम से उनके अनुविभाग अंतर्गत भूमि आबंटन, सीमांकन, मुआवजा वितरण, खाता विभाजन, अभिलेख अद्यतीकरण एवं नामांतरण आदि के लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही टीएल एवं जनचौपाल के भी लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। अपर कलेक्टर पांडे ने अब तक किए गए राजस्व मामलों के निराकरण



रिपोर्ट सहित प्रक्रियाधीन मामलों के प्रगति रिपोर्ट एवं निराकरण की समयबद्ध जानकारी देने के निर्देश दिए। जो प्रकरण निराकृत नही हुए है उनके प्रोसेस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जनहित के मामलों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। मामलों को प्राथमिकता में लेते हुए तेजी से प्रकरणों का निराकरण करें। अपर कलेक्टर ने अनुविभाग बार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर तेजी से निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सलाह भी दिए। इस दौरान बैठक में संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, सभी अनुविभागों के एसडीएम सहित तहसीलदारगण भी मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जिले के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में जिले की होनिशा साहू ने 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य के मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। होनिशा सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा की छात्रा है।कक्षा 12वीं में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धूमा के छात्र सतीश कुमार पटेल 93.60 प्रतिशत अंकों के साथ गरियाबंद जिले में प्रथम स्थान पर रहे। जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 82.38 प्रतिशत एवं दसवीं का 78.80 प्रतिशत रहा।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूलों में लॉटरी के माध्यम से होगा प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूलों में लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। निर्धारित सीट के विरुद्ध अधिक संख्या में आवेदन प्राप्ति की स्थिति में विद्यार्थियों का चयन लॉटरी सिस्टम से करके दाखिला किया जाएगा। जिले के 8 सेजेस स्कूलों के लिए लॉटरी की तिथि तय कर दी गई है। 11 मई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद एवं राजिम में प्रवेश हेतु लॉटरी किया जाएगा। इसी प्रकार 13 मई को सेजेस छुरा और सेजेस मैनपुर, 14 मई को सेजेस देवभोग, धुरवागुड़ी और झाखरपारा एवं 15 मई को सेजेस फिंगेश्वर को लॉटरी किया जाएगा। लॉटरी करने हेतु समय प्रातः 10 बजे से रखा गया है। अतः उन सभी पालकों से आग्रह किया गया है कि जिन्होंने अपने बच्चों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है वे लॉटरी प्रक्रिया में अवश्य शामिल होना सुनिश्चित करेंगे।

# तेंदुपत्ता तोड़ने गए बुजुर्ग ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मार डाला

## वन विभाग की टीम मौके पर, छाल रेंज के औरानारा जंगल की घटना

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिले में हाथी के हमले से जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गए एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के द्वारा तत्कालिक सहायता के रूप में मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये प्रदान किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भलमुडी निवासी सुबरन राठिया पिता बुद्धुराम राठिया 79 साल बुधवार की सुबह तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गया हुआ था। जहां से रात तक वापस घर नही लौटा। इस बीच गुरूवार की सुबह जब गांव के ग्रामीण उसे खोजते हुए जंगल की ओर पहुंचे तब उन्हें सुबरन की लाश मिली। गांव के ग्रामीणों के अनुसार तेंदुपत्ता तोडने के दौरान सुबरन का छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में हाथी से सामना हो गया जिसके बाद हाथी ने कुचलकर सुबरन को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण गर्मी के दिनों में कुछ पैसे कमाने के लिये हाथी प्रभावित जंगलों में हाथी की मौजूदगी की जानकारी होनें के बावजूद तेंदुपत्ता तोड़ने जाते हैं। इस दौरान हाथी से सामना हो जाने के बाद जनहानि की घटना भी सामने आते रही है। एक जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र के जंगलों में बीते कई सालों से हाथियों के दल ने डेरा डाला हुआ है।

**जिले में 132 हाथी कर रहे विचरण**-वन विभाग के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 127 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं वहीं रायगढ़ वन मंडल के जंगलों में 5 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दल में सर्वाधिक धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के क्रोन्धा में 37 हाथी, छाल के पुरूंगा में 26, छाल के बेहरामार में 16, कापू में 12, के अलावा अलग-अलग बीट में हाथियों का विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में नर 37, मादा 60 के अलावा 35 बच्चे शामिल हैं।

**8 किसानों की फसल को नुकसान**-धरमजयगढ़ वन मंडल में अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात 9 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छाल के हाटी, खर्रा, कीदा पुरूंगा, गेरवानी में 5 किसानों की धान की फसल, बनहर में 1 किसान की धान की फसल, खडगांव में एक किसान की धान की फसल के अलावा बरतापाली में एक किसान की धान की फसल शामिल है।

**मुनादी कराकर दी जाती है जानकारी**-वन विभाग की टीम के द्वारा लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराने के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाकर गांव के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने की बात कहते हुए जंगलों में हाथी विचरण करने की जानकारी देते हुए किसी भी हाल में जंगलों की तरफ नहीं जाने की समझाईश दी जाती रही है। ताकि हाथी और मानव के बीच जारी द्वंद्व को रोका जा सके।

**ड्रोन कैमरे से रखी जाती है नजर**-जंगलों से घिरे रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में एक लंबे अर्से से हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है। यहां हाथियों की संख्याओं में कमी एवं बढोतरी होते रहती है। चूंकि भोजन एवं पानी की पर्याप्त मात्रा होनें की वजह से यहां का जंगल हाथियों के लिये अनूकुल भी माना जाता है। ऐसे में वन विभाग एवं हाथी मित्र दल के द्वारा हाथियों के मूवमेंट में नजर बनाये रखने हेतु ड्रोन कैमरे से हाथियों पर नजर रखी जाती है। साथ ही जिस क्षेत्र में हाथियों का दल पहुंचता वहां के लोगों को सावधानी बरतने की अपील की जाती है।

# अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव का आयोजन धमतरी में सम्पन्न

## 41 तपस्वियों हुए पारणा महोत्सव में शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




साधुमार्गी जैन संघ धमतरी द्वारा वर्षीतप के तपस्वियों का भव्य पारणा महोत्सव व्यसन मुक्ति के प्रणेता, युग निर्माता,अनुपम दीक्षा प्रदाता आचार्य नानेश के पट्टधर परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा., बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनि जी म.सा., की महती कृपा से शासन दीपक श्री अक्षय मुनि जी म.सा., आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में अक्षय तृतीया का पावन प्रसंग धमतरी श्रीसंघ को प्राप्त हुआ। इस पारणा महोत्सव में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा अंचल के वर्षीतप के कुल 41 तपस्वी पधारे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में परम पूज्य अक्षयमुनि जी म.सा., का प्रवचन हुआ। उसके बाद पधारे सभी तपस्वियों का सम्मान कंवरलाल रमेश चंद, उमेश, राहुल, संचेती परिवार की ओर से किया गया। ताराबाई धर्मपत्नी रानूलाल संकलेचा का विगत 11 वर्षो से वर्षीतप की तपस्या निरंतर चल रही है। इसी उपलक्ष्य में स्वधर्मी वात्सल्य का आयोजन रानूलाल, मनीष शुभ, संकलेचा परिवार द्वारा कराया गया। जैन दर्शन के अनुसार पहले तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जी को दीक्षा के 400 दिन पश्चात अर्थात अक्षय तृतीया के दिन श्रेयांस कुमार द्वारा गन्ने के रस से पारणा कराया गया था। इसी तरह आज भी जो तपस्वी वर्षीतप करते है उनका पारणा गन्ने के रस से कराया जाता है। यह तपस्या चैत्र बदी आठम को प्रारंभ होता है और बैसाख सूदी तृतीया को पारणा के साथ समाप्त होता है। इस तपस्या में एक दिन उपवास एक दिन पारणा का यह क्रम निरंतर 2 वर्ष तक चलता है तब एक वर्षीतप की तपस्या पूरी होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रतनलाल सांखला, मदनलाल चौरडिया, भंवरलाल छाजेड़, रमन लोढ़ा, बसंत ओस्तवाल, दीपक बाफना, गौतमचंद कोटडिया, महेश कोटडिया, नेमीचंद छाजेड़, स्वरूप कोटडिया, नवीन सांखला, लीलम सुराना, महेश नाहटा, दिनेश लोढ़ा, कमलेश कोटडिया, पीयूष गांधी, प्रकाश रायसोनी, खेमचंद गोलछा, शीतल साखला, कपूर नाहर, हुकुमचंद जैन, दीपक चोपड़ा, मनीष संकलेचा, प्रकाश पारख, अनिल वैद, निक्कू कोटडिया, लकी पारख एवम समस्त मंडलों का सहयोग रहा।

# छात्र-छात्राओं ने गांव वालों के समक्ष पूसा डिकंपोसर का घोल बनाकर दिखाया

- केएल उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com






के एल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह धमतरी के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा के अंतर्गत ग्राम लोहरसी में पूसा डीकंपोजर की जानकारी प्रदान की गई। पूसा बायो डीकंपोजर एक कैप्सूल है जिसमें फंगल कल्चर होता है, इसका इस्तेमाल सभी तरह के फसल के कचरे, रसोई के कचरे, बगीचे के कचरे को खाद में बदलने के लिए किया जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने इसे विकसित किया है। यह पराली को बिना जलाए ही नष्ट कर देता है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाता है। इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचता छात्र-छात्राओं द्वारा गांव वालों के समक्ष पूसा डिकंपोसर का घोल बनाकर दिखाया गया। किसानों ने इसकी सराहना किया एवं अपने राय भी दिया। ग्रुप के सदस्य हर्षिता, दानेश्वंवर चंद्रकांत, दिव्या, खुशबू, जसवंती,हिमांशु व इशान इस अवसर पर गांव के कृषक अंकलहू राम, शंकर राम,गोपाल साहू, डोमन साहू, कविता साहू सहित अनेक किसान उपस्थित रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश पांडे एवं विषय शिक्षक गीतेश्वर पाठक व प्रियदर्शी द्वारा प्रदर्शन का मार्गदर्शन किया गया।

# जिंदल मान सरोवर डेम के पास मिली लाश के मामले में पांच साल बाद आया फैसला

## ठेकेदार की निर्मम हत्या के आरोपी को उम्र कैद की सजा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अपने ठेकेदार मालिक के शारीरिक शोषण से त्रस्त मजदूर के द्वारा ठेकेदार की धारदार हथियार से निर्मम हत्या करने के बाद शव को कई टुकडो में बांटकर साक्ष्य छिपाने के इरादे से इधर उधर फेंक देने के सनसनी खेज मामले में करीब पांच साल बाद अदालत ने आरोपी को दोष सिद्ध करार देते हुए उम्र कैद और जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी मिथलेश सिंह नव दुर्गा फ्यूल प्राईवेट लिमिटेड सराईपाली में लेवर सप्लायर का ठेकेदारी का काम करता है। उसका साला संदीप सिंह अपनी पत्नी संध्या के साथ भगवानपुर मारूति शो रूम के सामने रहता है। उसका कोई बच्चा नही है, जो अपनी साली सिम्पल सिंह पति धर्मेन्द्र सिंह के लडका समीर सिंह को गोदनामा लेकर रखा है। संदीप सिंह जेएसपीएल के डीआरआई सेक्शन में लेबर सप्लाई का ठेकेदारी का काम करता है और शराब पीने का आदि है। 19 अक्टूबर की रात पौने एक बजे संध्या सिंह अपने ननद पूनम सिंह से मोबाईल से बताई कि आपके भाई संदीप सिंह शाम साढ़े सात बजे से ड्यूटी गए है जो अभी तक वापस घर नही आयें है। संतोष सिंह को फोन की हूं बताई, तब वह अपनी पत्नी पूनम सिंह के साथ संदीप के घर गए वहां संतोष सिंह अपनी पत्नी के साथ था। संतोष सिंह ने संध्या सिंह एवं उसके बच्चे को कार में बैठा कर किरोड़ीमल नगर तरफ पतासाजी करने गए थे कोई पता नही चला। उसके बाद सभी मिलकर संदीप सिंह की पतासाजी किये, थाना में भी सूचना दिये थे कि सुबह लगभग 8 बजे पता चला कि जिंदल स्कूल के आगे मान सरोवर तालाब के मेड के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है उसका सिर कमर से नीचे भाग नही है, तब वह देखने गया तो एक व्यक्ति का शव बिना सिर एवं कमर के नीचे भाग का नही था पेट का अतडी निकला पड़ा था। पीला रंग का टी शर्ट पहना था जो खून से भीगा था। उसके दाहिने हाथ में तीन अंगुली में अंगूठी पहना था जिसे देखकर पहचान किये तो उसका साला संदीप सिंह का शव था उसके साला संदीप सिंह को कोई अज्ञात व्यक्ति रात्रि में किसी धारदार हथियार से गला, कमर के उपर भाग को काटकर हत्या कर धड भाग को छिपा दिया है उसके साला संदीप के सिर कमर के नीचे भाग का हिस्सा नही है।

# रोड़ सेफ्टी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक ने ली ट्रैफिक डीएसपी व डीआरएम की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य स्तर पर पुलिस, परिवहन तथा विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक रखा गया था। वर्चुअल बैठक को लेकर पूर्व में जारी एजेंडा बिंदुओं पर पुलिस महानिरीक्षक नेहा चंपावत व सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायात) संजय शर्मा द्वारा सभी जिले के अधिकारियों से चर्चा किया गया। आईजी नेहा चंपावत द्वारा हिट एंड रन के मामलों में समयावधि में प्रकरण न्यायालय या दावा प्राधिकरण को प्रेषित करने संबंधी दिशा निर्देश दिए और सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में मृतक के परिजनों एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सोलेशियम योजना के तहत लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा द्वारा अधिकारियों को पत।क् ऐप की प्रविष्टि को महत्वपूर्ण बताते हुए ऐप में दुर्घटना घटित होने वाले कारण, समय एवं स्थान को चिन्नाकित कर प्रवर्तन कार्यवाही करने निर्देशित किया गया तथा अधिनस्थों से ऐप में प्रविष्टि अद्यतन करने व इस संबंध में कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिये। वर्चुअल बैठक में जिला रायगढ़ से वर्चुअल बैठक में ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चन्द्रा, प्रभारी दुर्गा प्रसाद प्रधान, प्रधान आरक्षक मुकेश चैहान, आरक्षक विजय सिदार थाना यातायात एवं थानों के सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स वर्चुअल जुड़े।

# ओम कम्प्यूटर सेन्टर छाल में आरपीएफ रायगढ़ ने मारा छापा 10 अवैध टिकट के साथ एक पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ प्रभारी निरीक्षक की सक्रियता से पोस्ट की विशेष टीम को धारा-143 रेल अधिनियम के तहत एक रेलवे ई-टिकट दलाल की गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ प्रभारी निरीक्षक कुलदीप कुमार ने मीडिया को बताया कि 08 मई को उनके नेतृत्व में उप अखिल सिंह हमराह बल सदस्यों के साथ मुखबीर सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस छाल के सहयोग से नवापारा के पास ओम कम्प्यूटर सेन्टर नामक दुकान में रेलवे टिकट के अवैध कारोबार के रोकथाम हेतु समय-19:30 बजे दबीश दिया गया। उक्त दुकान में दुकान संचालक मिला पूछने पर नाम व पता-सहनी प्रसाद साहू, पिता- श्याम कुमार साहू, उम्र-35 वर्ष, वर्तमान पता-नवापारा, थाना-छाल, जिला-रायगढ (छ.ग.) एवं स्थायी पता- ग्राम-टुन्डरी, वार्ड क्रमांक 04, थाना-डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) बताया। आगे पूछताछ में रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ करने एवं इलेक्ट्रॉनिक समानों का जांच हेतु नोटिस दिया गया एवं उक्त दुकान संचालक से सहमति प्राप्त कर दुकान में रखे कम्प्यूटर सिस्टम को जांच किया गया और पाया कि सहनी प्रसाद साहू स्वयं के एक नग यूजर आई.डी. क्रमांक-चेंन88 से कुल 10 नग (पूर्व) रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाना पाया गया। जिसकी कुल कीमत लगभग 3053.40/- रूपये हैं। मामला धारा-143 रेलवे अधिनियम अपराध कारित किया जाना पाये जाने पर दुकान संचालक को अपराध संस्वीकृति उपस्थित गवाहों के समक्ष दर्ज किया गया तथा 10 रेल ई-टिकट तथा सुसंगत इलेक्टॉनिक उपकरणों जप्ती पत्र बनाकर जप्त किया गया। मौका पंचनामा तथा नजरी नक्शा तैयार कर आरोपी को जप्त सम्पत्ति सहित 09 मई को समय 00:30 बजे रेसुब पोस्ट रायगढ़ लाया गया और उक्त व्यक्ति के विरूद्ध धारा-143 रेलवे अधिनियम मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

# उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुष्य गुच्छ भेंट कर अभाविप धमतरी के कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

- अभाविप द्वारा सीजीबीएसई में टॉप-10 विद्यार्थियों को दिए शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला धमतरी द्वारा सीजीबीएसई की 10वी एवं 12वी की परीक्षा परिणाम दोपहर 12:30 बजे घोषित हुए जिसमें धमतरी जिले में एक नहीं तीन विद्यार्थी टॉप 10 में स्थान प्राप्त किए हैं ऐसे उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुष्य गुच्छ भेंट कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमतरी के कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किए। अभाविप धमतरी के जिला संयोजक गजेंद्र जांगडे द्वारा 10 वी एवं 12 वी परिक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आज सीजीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के पश्चात धमतरी जिले के तीन विद्यार्थियों द्वारा टॉप टेन रैंक प्राप्त की जिन्हें उज्ज्वल भविष्य के साथ शुभकामनाएं दिए एवं परिवारजनों को बधाई दी।

जिसमें कुरूद आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाले छात्र आयुष सोनकर पूरे प्रदेश में कक्षा 10वी में 7वां स्थान प्राप्त किए साथ ही धमतरी से मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले अक्षय सिंहा जो 10वी में 10वा स्थान प्राप्त किए है। विद्यार्थी परिषद के प्रमुख कार्यकर्ताओ द्वारा उनके निवास स्थान में जा कर भेट किए उन्हें एवं उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए साथ ही गजेन्द्र ने जो विद्यार्थी इस वर्ष असफल रहे उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी परीक्षा में असफल रहे उन्हें निराश नहीं होना चाहिए एवं निराश में किसी भी प्रकार का गलत कदम नहीं होना चाहिए किसी भी परीक्षा में अफसल होने का अर्थ यह नहीं है की आप अपने जीवन में असफल हो गए हो अगले वे वर्ष अच्छी तैयारी के साथ पुनः परीक्षा दे कलेक्टर वर्ग के अधिकारी भी बोर्ड परीक्षाओं में असफल हुए है अतः पुनः प्रयास करें और आप आवश्य सफल होंगे।

# प्लांट से चोरी 250 मीटर कॉपर वायर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## चोरी का सामान व चोरी में प्रयुक्त जेसीबी वाहन जब्त, आरोपी भेजे गए जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूंजीपथरा पुलिस ने स्थानीय बी.एस. पावर प्लांट तराईमाल से 07 मई को 250 मीटर कॉपर वायर की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को चोरी के अपराध में कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है। कल 08 मई को प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज पंकज चतुर्वेदी द्वारा चोरी के संबंध में थाना पूंजीपथरा में संदेही प्लांट के मिनी जेसीबी वाहन चालक और उसके साथी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया, जिस पर संदेहियों के विरूद्ध चोरी का अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। मौके में जांच में पहुंची पूंजीपथरा पुलिस द्वारा प्लांट में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में प्लांट का मिनी जेसीबी वाहन चालक अनिल पटेल, उसके साथी लोकेश बंजारे की निगरानी में प्लांट से कॉपर वायर को मिनी जेसीबी वाहन में चोरी कर ले जाते दिखा। आरोपी अनिल पटेल को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया जिसने अपने मेमोरेंडम पर अपने साथी लोकेश बंजारे के साथ प्लांट से कॉपर वायर की चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर करीब 250 मीटर कॉपर वायर कीमती 1,50,000 रुपए एवं चोरी में प्रयुक्त जेसीबी सीजी 13 ए.एक्स. 9122 को जप्त कर आरोपी अनिल पटेल पिता कांशीराम पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम रेमडा अमोरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा, लोकेश बंजारे पिता स्वर्गीय डमरू लाल बंजारे उम्र 18 साल निवासी ग्वालिनडीह थाना सारंगढ़ हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कुरूद में 16 से होगा सिहोर वाले पं.प्रदीप मिश्रा का शिवमहापुराण कथा का आयोजन

# पं.प्रदीप मिश्रा जी की कथा की तैयारी को लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने ली बैठक

- अजय चंद्राकर ने समिति के पदाधिकारियो की बैठक लेकर कार्यो का सौंपा प्रभार

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद/धमतरी
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं.श्री प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के परम सानिध्य में कुरूद की पावन धरा में दिनांक 16 से 22 मई के दौरान कथा समय दोपहर 1 से 4 बजे के बीच वृद्धि विहार भरदा चौक राजिम रोड़ कुरूद में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार मां कमलादेवी श्रीधर शर्मा के विशेष आयोजन में कुरूद में पहली बार प्रदीप मिश्रा जी की श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन हो रहा है। वे व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी रसमयी वाणी से शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक समिति द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। तैयारियो को लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर ने आयोजन समिति की तैयारियो को लेकर बैठक ली गई जिसमें समिति के सदस्यो को अलग अलग कार्यो का विभाजन किया गया है। अजय चंद्राकर कुरूद विधायक एवं संरक्षक ने कहा कि कुरूद की पावन धरा धार्मिक, अध्यात्मा एवं सांस्कृतिक आयोजनों से वर्षभर सुशोभित रहने वाली धरती हैं। देवो के देव महादेव के असीम कृपा से हमारे कुरूद में कुबरेश्वर भंडारी का आगमन हो रहा हैं। श्री शिव महापुराण कथा एवं भगवत भूषण पं प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के आगमन को लेकर कुरूद नगर सहित पुरे छत्तीसगढ उत्साहित हैं। 16 मई से 22 मई तक पूरा क्षेत्र शिवमय रहेगा। श्री शिव महापुराण कथा को सफल बनाने के लिए कथा पंडाल सहित अन्य तैयारी अंतिम चरण में हैं। चंद्राकर ने आगे श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने के लिए प्रदेशवासियों को आमंत्रित किया। श्री शिव महापुराण कथा समिति के प्रकाश शर्मा एवं भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि प्रसिद्ध कथावाचक पं प्रदीप मिश्रा का आगमन 15 मई को दोपहर 3 बजे कुरूद में होगा। प्रदीप मिश्रा का सांधा चौक से पुराना बाजार चौक चण्डी मंदिर तक शोभायात्रा व अतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा सांधा चौक से संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक, चण्डी मंदिर दर्शन व जलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात समापन होगा। शोभायात्रा व आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए जनसमर्पण सेवा संस्था दुर्ग निरंतर कार्यरत हैं।

आयोजन समिति के प्रभारियो को कार्यो को सौपा गया है जिसमें मंचीय व्यवस्था-बंटी शर्मा, प्रकाश शर्मा, अरूण केला, पेंयजल व्यवस्था- पंकज नायडू संयोजक, जितेन्द्र अग्रवाल, जितेन्द्र चंद्राकर, विजय केला, सोनू अग्रवाल, महेश केला, राजेश पवार, पूजन कार्य - शेखर चंद्राकर संयोजक, जितेन्द्र चंद्राकर, बसंत सिन्हा, टकेश्वर दाऊ, रवि अग्रवाल, रामनारायण शर्मा, पंडाल व्यवस्था - खिलेन्द्र देवांगन संयोजक, कमल शर्मा, नंद आमदे, चुनमुन चंद्राकर, बल्ला साहू, पंडाल साफ-सफाई- मुकेश पवार, संयोजक, आकाश कुमार, राजू साहनी, लाईट, सांउड, इलेक्ट्रानिक कार्य- आकाश कुमार, रोशन ध्रुव संयोजक, रामेश्वर ध्रुव, युवराज बैस, दुष्यंत देवांगन, शिव निर्मलकर, पप्पू चंद्राकर, आयोजन के सभी गेटो में एवं पंडाल व्यवस्थापक गेट क्र 01-मोहन अग्रवाल, संयोजक वीआईपी, लोकेश्वर सिन्हा सहसंयोजक वीआईपी, दीपक गांधी, प्रमोद शर्मा, आदर्श चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, राजेश साहू, संजू चैनवानी, योगेश चंद्राकर। गेट क्र 02- त्रिलोकचंद जैन संयोजक, सुनील चंद्राकर सह संयोजक, केवल चंद्राकर, बीरेन्द्र बैस, कमलेश रेडडी, संजू चंद्राकर, नरेन्द्र सोनी, लक्ष्मीकांत साहू, संतोष बैस, गेट क्र 03 - भोजराज चंद्राकर संयोजक, भारत भूषण पंचायन सह संयोजक, सौरभ महावर, रोमन देवांगन, हरि सोनवानी, बादल चंद्राकर, दीपक बैस, कामता साहू, भूपेन्द्र छोटी, गेट क्रमांक 04- योगेन्द्र सिन्हा संयोजक, कोमल साहू सह संयोजक, उमाशंकर साहू, टिकेश साहू कोकडी, ललित चंद्राकर, संतोष ध्रुव, टीकम कटारिया, पोषण साहू, अतुल केला, टिकेश साहू, गेट क्रमांक 05- मालक राम साहू संयोजक, टकेश्वर चंद्राकर सह संयोजक, जितेन्द्र परमार, नेमी बैस, पन्ना चंद्राकर, दीपक चंद्राकर रहेंगे।

# सांपखड जंगल में युवक की मिली अर्द्धनग्न लाश, पुलिस जांच में जुटी

**रायगढ़।** ओड़िशा बॉर्डर से लगे सांपखड़ जंगल में एक शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। चूंकि, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है इसलिए शव को अस्पताल के मर्च्यूरी रूम में रखा गया है। यह घटना शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर ग्राम विश्वनाथपाली और कोसमपाली के बीच सांपखड़ जंगल की तरफ गए लोगों के होश उस समय फाख्ते हो गए, जब डोंगरी में एक व्यक्ति अचेत हालत में पड़ा मिला।

चूंकि, केवल अंडर वियर पहने अधेड़ शख्स के शरीर से कोई हरकत नहीं हुई। ऐसे में ग्रामीणों ने मौके की नजाकत को भांप तत्काल इसकी सूचना नजदीकी थाने में दी। थाना प्रभारी प्रशांत राव अहेर ने मातहत स्टाफको घटना स्थल रवाना किया। मौके का जायजा लेने वाले वर्दीधारियों ने आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, मगर मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। यही वजह है कि फिलहाल शव को लावारिस मानते हुए उसे केजीएच के मर्च्यूरी रूम में रखवाया गया है। नियमानुसार 72 के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल में जुटी है।

## संपादकीय

# भ्रामक विज्ञापन
# सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**भ्रामक विज्ञापनों** पर सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि इनको प्रसारित करने वाले 'सेलेब्रिटी' और 'इन्फ्लूएंसर' समान रूप से जिम्मेदार होंगे। एक उल्लेखनीय फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि विज्ञापन भ्रामक है तो उसका प्रसार करने वाले सेलेब्रिटी और इन्फ्लूएंसर जिम्मेदार होंगे। इंडियन मेडिकल असोसियेशन द्वारा पतंजलि के खिलाफ विज्ञापनों पर याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने ऐसे विज्ञापनों में आने वाले इन्फ्लूएंसरों और सेलेब्रिटीज़ की तगड़ी खिंचाई की। सोशल मीडिया के युग में सेलेब्रिटीज़ व इन्फ्लूएंसरों का काफी प्रभाव होता है और उनके लाखों अनुयाई उनके हर शब्द को पूर्ण सत्य मानते हैं। अनेक मामलों में प्रचार के भ्रामक या गलत होने से उपभोक्ता को नुकसान होता है तथा विज्ञापन में उसका विश्वास घटता है। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विज्ञापन व्यवहारों में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लाखों लोग विज्ञापन देखते हैं, अत: इनका प्रसार करने वाले लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे उत्पादों या सेवाओं पर अपनी मुहर लगाने के पहले समुचित सतर्कता बरतें। ऐसा करने में विफल रहने पर उपभोक्ताओं का विश्वास टूटता है। इसके साथ ही अदालत ने कठोर नियमों तथा क्रियान्वयन मशीनरी पर जोर दिया ताकि भ्रामक विज्ञापन व्यवहारों को हतोत्साहित किया जा सके। हालांकि, वर्तमान कानून और दिशानिर्देश उपभोक्ताओं को एक स्तर तक संरक्षण देते हैं, पर अक्सर वे उनकी कार्रवाइयों के लिए सेलेब्रिटीज़ व इन्फ्लूएंसरों को जवाबदेह ठहराने में कमजोर साबित होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कोई भी व्यक्ति चाहे जितना लोकप्रिय या प्रभावशाली हो, उसे व्यक्तिगत लाभ के लिए जनता को भ्रमित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के सेलेब्रिटीज़ और इन्फ्लूएंसरों के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए इन लोगों को विज्ञापन समझौते करते समय ज्यादा सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। उन पर अब यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि उनके द्वारा प्रसारित उत्पाद या सेवायें सच्ची हों तथा विज्ञापन नियमों का पालन करती हों। जवाबदेही का यह उच्च स्तर अनैतिक मार्केटिंग व्यवहारों के खिलाफ शक्तिशाली प्रतिरोधक का काम करेगा तथा इससे इन्फ्लूएंसर साझीदारियों में पारदर्शिता व आधिकारिकता आएगी। हाल ही में अनेक फिल्मी सितारों ने चबाने वाले पान मसाले को 'माउथ फ्रेशनर' के रूप में प्रोत्साहित किया है। अन्य सेलेब्रिटीज़ ने आनलाइन गेम साइटों को प्रोत्साहित किया है जो वास्तव में 'जुआघर' हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक शुरुआत है, पर भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाने का रास्ता लंबा है। भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए स्पष्ट और सटीक दिशानिर्देशों की जरूरत है क्योंकि वर्तमान दिशानिर्देश काफी नहीं हैं। लेकिन अक्सर सेलेब्रिटीज़ यह नहीं जानते हैं कि वे किस चीज का प्रोत्साहन कर रहे हैं। हालीवुड स्टार पियरे ब्रान्सन माउथ फ्रेशनर समझ कर एक 'चिविंग टोबैको' विज्ञापन में गलती से आ गए थे। उनको भले ही इस गलती के लिए माफ किया जाए, पर अनेक भारतीय सेलेब्रिटीज़ ऐसे हथकंडों से परिचित हैं। सेलेब्रिटीज़ और इन्फ्लूएंसरों को विकसित होते दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ ही अपने दर्शकों की निष्ठा और वफादारी सुनिश्चित करने के लिए नैतिकता एवं आदर्श व्यवहार को प्राथमिकता देनी होगी। यह उनके सम्मान तथा समाज कल्याण के लिए अच्छा होगा।

# नई सरकार की जिम्मेदारियां

देश इस समय नई सरकार की प्रतीक्षा कर रहा है। ऐसे में सबकी नजरें नए प्रशासन के समक्ष उपस्थित अनेकानेक चुनौतियों पर रहेंगी।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



देश इस समय लोकसभा चुनाव पूरे होने के बाद बनने वाली नई सरकार की प्रतीक्षा कर रहा है। ऐसे में सबकी नजरें नए प्रशासन के समक्ष उपस्थित अनेकानेक चुनौतियों पर रहेंगी। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा नेताओं का विश्वास है कि अब की बार वे 'चार सौ पार' का जादुई आंकड़ा प्राप्त करने में सफल होंगे, पर राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता है। लेकिन 4 जून को आम चुनाव के परिणाम आने के बाद नई दिल्ली में नई सरकार निश्चित रूप से बन जाएगी। इस पृष्ठभूमि में कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि नई सरकार को अनेकानेक नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

इनमें नई उभरती तकनीकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के आधार पर स्वयं को ढालना, कृत्रिम बुद्धि-एआई का तेजी से उभार, चीन की विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला करने की रणनीति बनाना तथा क्षेत्र के सुरक्षा खतरों का मुकाबला करना शामिल हैं। इन चुनौतियों से निपटना भारत के भविष्य में विकसित देशों की बिरादरी में शामिल होने के लिए जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डिजिटल तकनीकों पर जोर देने के अच्छे नतीजे निकले हैं। इससे कोविड-19 संकट से निपटने, संकट के समय सेवाओं का सुचारु रूप से संचालन करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देने में सहायता मिली है। भारत ने मिशन मोड में सेमीकंडक्टर उत्पादन का रोडमैप तैयार किया है, अंतरिक्ष क्षेत्र में नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं तथा एआई में भारत की क्षमतायें बढ़ाने का निर्णय किया है। इनसे भारत को खोज को गति देने में अमेरिका और चीन का मुकाबला करने में सहायता मिली है जो भविष्य की इन तकनीकों पर महारत पाने का प्रयास कर रहे हैं।

विदेश नीति विशेषज्ञों ने क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत की बढ़ती चिन्ताओं को रेखांकित किया है क्योंकि इसका खास प्रभाव नियंत्रण रेखा-एलओसी पर सुरक्षा को प्रभावित करता है। इसके परिणामस्वरूप नए प्रशासन को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए संभवत: अमेरिका के सहयोग से एक रणनीतिक योजना विकसित करने पर ध्यान देना होगा। चीन की हालिया रणनीति में भारत के पड़ोसियों को कर्ज नीतियों से प्रभावित करना तथा उनको महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई जैसी परियोजनाओं व रक्षा संबंधी उद्यमों के लिए भारी मात्रा में कर्ज का प्रस्ताव करना शामिल है।

उदाहरण के लिए, चीन ने मालदीव के साथ 'सैनिक सहायता' के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें मालदीव को गैर-घातक हथियार सप्लाई करना तथा मालदीव के सुरक्षा बलों को मुफ्त प्रशिक्षण देना शामिल है। यह पुरानी स्थितियों से व्यापक परिवर्तन है जब मालदीव के सुरक्षा बलों को भारत और अमेरिका प्रशिक्षण देते थे। इसके साथ ही भारत को चीन द्वारा 'नई उत्पादक शक्तियों' की प्रगति का जवाब देने की दीर्घकालीन और व्यावहारिक रणनीति बनानी होगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस अवधारणा का विकास किया है। इसमें कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में खोज के माध्यम से आर्थिक विकास पर ध्यान देने का प्रमुख स्थान है। चीन का उद्देश्य उत्कृष्ट विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अमेरिका को पीछे छोड़ना है। यह भी भारत के लिए एक चुनौती है। इसलिए भारत को अमेरिका से सहायता प्राप्त करने के सारे प्रयास करने चाहिए ताकि वह जापान, आस्ट्रेलिया जैसे सहयोगियों के साथ वैश्विक तकनीकी गठजोड़ बना सके जिसमें 'चिप एलायंस' भी शामिल है। भारत को महत्वपूर्ण उभरती तकनीकों के क्षेत्र में इन देशों के साथ मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी विकसित करने की दिशा में भी गंभीरता से काम करना होगा। क्षेत्र में चीन के विस्तारित होते संबंध स्पष्ट हैं और भारत को सचेतन ढंग से उसके प्रभाव का मुकाबला करने के कदम उठाने होंगे।

चीन और नेपाल के बीच बढ़ते संबंध इसका उदाहरण हैं। हाल ही में नेपाल में कम्युनिस्ट सरकार की चीन के साथ वैचारिक निकटता बढ़ी है और यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन है। यह खासकर चीन की 'कर्ज जाल' नीति के संबंध में महत्वपूर्ण हो जाता है। पाकिस्तान भी इस रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है। चीन ने उसे 23 बिलियन डालर का भारी कर्ज दिया है जिसके बड़े हिस्से का संबंध बेल्ट एंड रोड पहल से है। पाकिस्तान पर चीनी कर्ज का बोझ बढ़ रहा है जो 2000 से 2021 के बीच कुल 67.2 बिलियन डालर है। इससे उसकी कर्ज पर निर्भरता स्पष्ट होती है। गंभीर आर्थिक संकट का सामना करने के बावजूद पाकिस्तान लगातार चीनी कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है और इसके गंभीर खतरे उसके सामने आ रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली में नई सरकार को हाल में श्रीलंका से संबंध सामान्य होने पर संतोष होगा। श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट ने उसे विनाश के कगार पर पहुंचा दिया था, पर भारत ने उसकी अर्थव्यवस्था को 4 बिलियन डालर आर्थिक सहायता के साथ ही मानवीय सहायता भी दी। इसके साथ ही वह श्रीलंका को स्थिरता प्रदान करने के लिए आईएमएफ का 48 महीने का विशेष पैकेज दिलवाने में भी सफल रहा। यह कदम भारत की परंपरागत राजनय तथा पड़ोसी की आवश्यकता पर सहायता के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है। उल्लेखनीय है कि पहले श्रीलंका को भारी कर्ज देने वाले चीन ने आवश्यकता के समय उसकी सहायता नहीं की। ऐसे में भारत के हस्तक्षेप को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा गया और इससे श्रीलंका के दृष्टिकोण में परिवर्तन हुआ। पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने श्रीलंका चुनाव में भारतीय हस्तक्षेप का आरोप लगाया था जिसके चलते उनको 2015 में सत्ता से बाहर कर दिया गया था। यह प्रवृत्ति गोटाबाया राजपक्षे के समय भी जारी रही, जब उन्होंने कोलंबो हवाईअड्डे पर ईस्ट कंटेनर टर्मिनल-ईसीटी का समझौता रद्द कर दिया। यह 2019 के उस समझौते का उल्लंघन था जिस पर जापान, भारत और श्रीलंका ने हस्ताक्षर किए थे। अब श्रीलंकाई सदन के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्डेरा ने भारत को उनके देश की 'रक्तपात' से रक्षा करने के लिए धन्यवाद दिया है। इस प्रकार चीन की असलियत श्रीलंकाई जनता के सामने उजागर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध शानदार बने हुए हैं। 23 नवंबर, 2023 को एक संयुक्त आयोजन में मोदी ने जोर दिया कि परस्पर लाभ के आधार पर भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा विकास साझीदार है।

सभी पार्टियों के चुनाव अभियान का एक खास तत्व यह रहा है कि विकासशील देशों के उलट यहां जनता को विदेश नीति की प्रासांगिकता के बारे में जागरूक करने के लिए बहसों, चर्चाओं और विमर्श का अभाव रहा है। घोषणापत्रों में भले ही विदेश संबंधों व भावी रणनीति का उल्लेख रहा हो, पर विकसित देशों की बिरादरी में शामिल होने के लक्ष्य के महत्व पर जोर देने का कोई प्रयास नहीं दिखा। अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा यूक्रेन युद्ध के कारण थोपे गए आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद रूस से कच्चा तेल आयात करने पर भारत के स्वतंत्र दृष्टिकोण ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च स्थान देता है। विदेश नीति के संबंध में खासकर पिछले दस साल से भारत सरकार के निर्णय उसके राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर केन्द्रित रहे हैं।

भारत अपने इस दृष्टिकोण से दुनिया के अधिकांश देशों को सहमत करने में भी सफल रहा है। इसी कारण रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद भारत को रूस से महत्वपूर्ण मिसाइल प्रणालियों के आयात को भी अपवाद के रूप में स्वीकार किया गया। ऐसे में नई सरकार के समक्ष मालदीव और नेपाल के संबंध में विदेश नीति की रूपरेखा निर्धारित करने की चुनौती होगी। विदेश नीति विशेषज्ञों का मानना है कि मालदीव और नेपाल के संबंध में रणनीतिक दृष्टिकोण में लचीलापन जरूरी होगा ताकि चीन के बढ़ते प्रभाव का अच्छी तरह मुकाबला किया जा सके।

# ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण

> “ कई महिलाओं को सशक्त बनाने के बावजूद इस योजना के लाभों तक पूर्ण रूप से सबकी पहुंच संभव नहीं हो पाई है। ”

**मैनिमा अख्तर**
(लेखिका, स्तम्भकार हैं)



जम्मू और कश्मीर के दूरदराज के गांवों में, एक मूक क्रांति चल रही है क्योंकि इन क्षेत्रों में महिलाएं उम्मीद योजना - जम्मू और कश्मीर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जेकेआरएलएम) के माध्यम से स्वरोजगार के रास्ते तलाशने के लिए अपने घरों से बाहर आ रही हैं। इस परिवर्तनकारी पहल का लक्ष्य पूर्ववर्ती 125 ब्लॉकों में 66त्न ग्रामीण आबादी तक पहुंचना, उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़ना और उनका तब तक पोषण करना है जब तक वे गरीबी से बाहर नहीं आते और जीवन की सभ्य गुणवत्ता का आनंद नहीं लेते।

पिछले साल दिसंबर में, मिशन निदेशक जेकेआरएलएम, इंदु कंवल चिब ने जेकेआरएलएम विजन 2024-30 को साझा करते हुए बताया कि जेकेआरएलएम ने सफलतापूर्वक 725,000 महिलाओं को एकजुट किया है और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 87,000 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का गठन किया है। ये एसएचजी विभिन्न क्षेत्रों जैसे आजीविका, वित्तीय समावेशन, लिंग और सामाजिक समावेशन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। हालांकि, कुछ ग्रामीण क्षेत्र इस महत्वपूर्ण योजना से अनभिज्ञ हैं, और इसके लाभों को भुनाने के लिए व्यापक ज्ञान का अभाव है। ऐसा ही एक क्षेत्र है सीमावर्ती जिले पुंछ की मंडी तहसील का बैला गांव, जो जम्मू शहर से लगभग 230 किलोमीटर दूर स्थित है।

हालांकि यह योजना 2016 से पास की मंडी तहसील में चालू है, लेकिन बैला गांव में इसकी पहुंच सीमित है। जब उम्मीद योजना के बारे में पूछा गया, तो इस सुदूर गाँव की महिलाओं की प्रतिक्रिया जागरूकता की कमी थी। जब उन्हें योजना के लाभों के बारे में बताया गया, तो उन्होंने इसके कामकाज को समझने की उत्सुकता व्यक्त की, महिलाओं को कार्यबल में शामिल करने और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में इसके महत्व को रेखांकित किया। इस संदर्भ में, बैला की रहने वाली 18 वर्षीय मतीना अख्तर ने अपना दृष्टिकोण साझा किया मंडी से सिर्फ दो किलोमीटर दूर रहने के बावजूद, हम इस योजना से अनजान हैं। हमारे देश के एकांत कोनों और विकास योजनाओं के बीच यह बहुत बड़ा अंतर है। यह अंतर हमें, दूरदराज के इलाकों की महिलाओं को, इसके फायदों से वंचित कर देता है। हमें इसके बारे में तभी पता चलता है जब योजना बंद होने की कगार पर होती है। हमारी दूरदर्शिता के कारण ही हमें इस योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अगर हम अंधेरे में हैं तो हमें इससे कैसे जुड़ना चाहिए? जब मुझे अपनी किराने की दुकान के लिए धन की आवश्यकता थी, तो मेरे पास नकदी की कमी थी। इसलिए, मैंने सामग्री खरीदने के लिए अपने घर से कुछ लकड़ी बेचने का सहारा लिया। अगर मुझे इस योजना के बारे में पहले पता होता, तो मैं उन लकड़ियों को नहीं बेचता, उसी गांव की 37 वर्षीय फरीदा अख्तर ने अफसोस जताया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें किसी योजना के बारे में जानकारी है? 23 साल की निवासी ज़रीना अख्तर ने जवाब दिया कि उनके समुदाय के भीतर, मान्यता प्राप्त एकमात्र योजना आंगनवाड़ी योजना (आईसीडीएस) है, जो इस एकमात्र कार्यक्रम से परे सरकारी पहलों के ज्ञान और पहुंच में एक महत्वपूर्ण अंतर को उजागर करती है। गांव के लोगों के साथ-साथ महिलाओं और पुरुषों में भी काफी डर है. उन्हें असफलता का डर है - अगर वे अपने प्रयास में सफल नहीं हुए तो क्या होगा?



बैला की 19 वर्षीय सलमा अख्तर इस धारणा की पुष्टि करती हैं। उन्होंने योजना के तहत ऋण अधिग्रहण से जुड़े संभावित परिणामों और अनिश्चितताओं के बारे में आशंका व्यक्त की। इन महिलाओं के मन में घर कर रही आशंकाओं को दूर करने की जरूरत है और उन्हें यह बताने का प्रयास करने की जरूरत है कि यह योजना खतरा नहीं, बल्कि वरदान है। उन्हें यह आश्वस्त करने की आवश्यकता है कि यह पहल उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। उन्हें इस बात से अवगत कराया जाना चाहिए कि यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाई गई है और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में काम करने के लिए बनाई गई है। मंडी तहसील में उम्मीद योजना की क्लस्टर प्रमुख नईमा अख्तर के अनुसार, सरकार ने महिलाओं को इससे लाभान्वित करने के लिए इस योजना के तहत अच्छी धनराशि आवंटित की है। मैं अन्य महिलाओं से, जो इस योजना से अनजान हैं, हमसे जुड़ने का आग्रह करती हूं। मंडी लोरेन क्षेत्र में कई व्यक्तियों, पुरुषों और महिलाओं दोनों ने इस योजना के माध्यम से पुरस्कृत अवसर प्राप्त किए हैं। वे शारीरिक श्रम किए बिना ही अपने घर का भरण-पोषण कर रहे हैं।

अफसोस की बात है कि बैला की महिलाएं इस असाधारण कार्यक्रम से बेखबर हैं। इस बीच, अन्य क्षेत्रों की महिलाएं इसका लाभ उठा रही हैं और खुद को प्रगति की सीढ़ियां चढ़ रही हैं। वे न केवल वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रहे हैं बल्कि आत्मनिर्भरता भी विकसित कर रहे हैं। इससे बैला की महिलाओं के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव की उम्मीद जगी है।

## आप की बात

### मतदाताओं की पसंद

**पचहत्तर साल** से देश के मतदाता बड़ी संख्या में अपने विकास की चाहत में मुख्यत: एक ही दल के प्रति प्रतिबद्धता पूर्वक मतदान करते रहे। मगर गत 10 वर्षों में उन्हें जो मिला वह पूर्व के 75 वर्षों में भी नहीं मिला था। पिछड़ा वर्ग हो या गरीब वर्ग जो कभी खुद का शौचालय तक बनवाने में सक्षम नहीं थे, उन्हें अब पक्के मकान, खाना पकाने की गैस तथा किसानों व गरीब महिलाओं को नगद राशि निर्बाध रूप से मिल रही है। यही वजह है कि अब अधिकांश मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणापत्रों से प्रभावित नहीं होते हैं। वह जानते हैं कि जो मिल रहा है। उससे अधिक और ज्यादा देना किसी भी अन्य दल के लिए संभव नहीं है। इस कारण मतदाता येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने के लिए खैराती घोषणाओं की बाढ़ लाने वाले दलों से प्रभावित नहीं होते हैं। उनको पुरानी सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा सरकारी योजनाओं में लगे दलालों व बिचौलियों का भी कड़वा अनुभव है। आजकल सोशल मीडिया के चलते लोग अब अधिक समझदार हो गए हैं। वे सरकार की छोटी मोटी खामियों को अनदेखा कर अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना चाहते हैं। मतदाता उसी दल को वोट देंगे जिस पर उन्हें अपनी भावी पीढ़ी के उत्थान और उसे आत्मनिर्भर बनाने का भरोसा होगा।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### आविष्कारों के दुष्प्रभाव

**हम** उस पीढ़ी के लोग हैं जिन्होंने वैज्ञानिक अद्भुत चमत्कारों से हमारी पूरी दुनिया को आसान, सहज, सरल, सुखदायक, श्रम रहित बनाकर रख दिया है। मगर हर सुख के अनुपात में ठीक उतना ही दुख उठाना पड़ता है। और यही मोबाइल रुपी स्मार्टफोन के आने से हो गया। संदेशों के आदान-प्रदान और बातचीत तक तो इसकी उपयोगिता बेमिसाल है। इसने प्रत्येक व्यापारी को अंतरराष्ट्रीय लिंक से जोड़ दिया है। मगर इसके साथ आने वाले खतरनाक गेम, करोड़ों रुपए कमाने का लालच देनेवाले गेम और फेक वीडियो जैसी कई समस्याएं भी आकर सामने खड़ी हो रही है। अब तो इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के जुड़ जाने के बाद इसके दुरुपयोग की सीमा निर्बाध हो गई है। अब 3 सालके बच्चे के हाथ से आप मोबाइल नहीं छुड़ा सकते। बच्चे ही क्यों किशोर युवा और अब तो वृद्ध भी स्मार्टफोन के चंगुल में फंस चुके हैं। जब महंगा डाटा आता था तो लोग फ्री थे अब फ्री डाटा आने लगा तो लोगों से मिलना महंगा हो गया। हमें विज्ञान एवं तकनीक के विभिन्न आविष्कारों के दुष्प्रभाव पर भी गौर करना होगा क्योंकि वे हजारों साल से चले आ रहे हमारे प्राकृतिक जीवन को मशीनी बनाते जा रहे हैं।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### कैनबिस प्रयोग पर विवाद

**एशिया** के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल थाईलैंड ने दो साल पहले भांग को प्रतिबंधित सूची से हटा दिया था। लेकिन अब प्रधानमंत्री थाविसिन ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय नियमों में संशोधन कर भांग को मादक पदार्थ के रूप में पुन: सूचीबद्ध करे। इसके उलट भांग के उपयोग व खपत को लगातार दुनिया भर के कई देश वैधता प्रदान कर रहे हैं। वैसे तो इसके चिकित्सीय उपयोग को वैध घोषित किया गया है, मगर इसका नशे के तौर पर खूब उपयोग हो रहा है। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चिली, कोलंबिया, क्रोएशिया, साइप्रस, जर्मनी, ग्रीस, इज़राइल, इटली, जमैका, लिथुआनिया, लक्ज़मबर्ग, उत्तरी मैसेडोनिया, नॉर्वे, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पेरू, पोलैंड और स्विट्जरलैंड ने इसके प्रयोग की अनुमति दी है। थाई सरकार ने 2018 में कैनबिस को चिकित्सा उपयोग के लिए और 2022 में मनोरंजक उपयोग के लिए स्वीकार किया था। लेकिन अब थाईलैंड के युवा इसके नशे में लिप्त होते जा रहे हैं। थाईलैंड के उदाहरण से कैनबिस के प्रयोग पर सवाल उठने लगे हैं। कैनबिस के चिकित्सकीय प्रयोग के समर्थन और विरोध में तर्क देने वालों की कमी नहीं है, लेकिन नशे के तौर पर इसका प्रयोग रोकना लगभग असंभव हो गया है।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### पशु पक्षियों की सुरक्षा

**भीषण गर्मी** का दौर चल रहा है। मानव जीवन तो भीषण गर्मी की मार झेलता और सहता है, परंतु पशु पक्षी भी इसके प्रभाव से अछूते नहीं है। आसमान से बरसती तेज धुप गर्मी पक्षियों के लिए बहुत ही खतरनाक साबित होती है। हम सभी का परम कर्त्तव्य होना चाहिए कि पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए द्वार, गैलरी, छत आदि स्थानों पर सकोरे बांध कर रखे और उनमे लगातार पानी भरते रहे। साथ ही साथ गाय, कुत्ते और अन्य जानवरों के लिए भी पानी पीने की सुविधाएं करें। मूक प्राणी बोल नहीं सकते, पर इंसान और इंसानियत का परिचय देकर मानवता के नाते हमे उनकी पीड़ा से रुबरु होना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्यावरण में पशु पक्षी और अन्य जीव जंतुओं का अहम योगदान होता है। वर्तमान में गर्मी चरम पर है और सभी को राहत की जरूरत होती है। क्यों न हम संकल्पित होकर अपनी कर्तव्य निष्ठा को मूर्त रुप दें? हालाकि नगरों में कुछ सेवाभावी संस्थाएं इन कार्यों को करती हैं, परंतु समाज के हर नागरिक को भी ऐसे सेवाभाव से जुड़ना होगा। हमें पशु पक्षियों की प्यास बुझाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले बालोद जिले के 12 विद्यार्थियों का किया गया सम्मान, तांदुला रिसॉर्ट में लिया बोटिंग का मजा

## बड़ी संख्या में जिले के बच्चों की उपलब्धि पर कलेक्टर हुए अभिभूत, सभी मेधावी विद्यार्थियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले बालोद जिले के कुल 12 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले एवं अन्य अधिकारियों ने राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के सभी 12 बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों के द्वारा राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के सभी 12 विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार 9 मई का दिन जिले के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन रहा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12वीं के एक एवं कक्षा 10वीं के 11 सहित जिले के कुल 12 विद्यार्थियों ने इतनी बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण उलपब्धि हासिल की है।

### 10 छात्र सरकारी स्कूलों के

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जिले के विद्यार्थियों के टॉप टेन में स्थान अर्जित करने पर बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। उन्होंने जिले के विद्यार्थियों के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए मेधावी विद्यार्थियों के अलावा उनके शिक्षक माता, पिता एवं सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत जिले के शासकीय स्कूलों का प्रदर्शन बहुत ही बेहतर रहा। राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के कुल 12 मेधावी विद्यार्थियों में से 10 छात्र-छात्राएं जिले के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी है। खास बात यह है कि राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के अनेक विद्यार्थी अपने खराब आर्थिक स्थिति एवं विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी अपने मेहनत, लगन एवं साधना के बदौलत परिस्थिति को मात देते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।






**जिले के शासकीय स्कूलों का प्रदर्शन रहा बेहतर, 12 टॉपर्स में से 10 शासकीय स्कूल के विद्यार्थी**

**कोई डॉक्टर, नेवी मर्चेंट, डेटा साइंटिस्ट तो कोई आइएएस, इंजीनियर बन करना चाहते है देश व समाज की सेवा**

### मजदूर किसान के बच्चों ने किया कमाल

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में 5वां स्थान हासिल करने वाली जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फागुनदाह की मेधावी विद्यार्थी कुमारी पद्मनी शांडिल्य ने बताया कि उनके पिताजी का देहांत हो गया है। मेरी माताजी स्कूल में रसोईए का कार्य तथा मेहनत मजदूरी करते हुए मुझे पढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि घर की खराब आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई-लिखाई के कार्य में उनके सामने अनेक बाधाएं उपस्थित होती है। लेकिन उन्होंने जीवन में कुछ करने की चाहत एवं विद्या अध्ययन करने की तीव्र लालसा के कारण कठिनाईयों का सामना करते हुए निरंतर पढ़ाई-लिखाई कर रही है। इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में 5वां स्थान हासिल करने वाली जिले के एक और होनहार छात्रा कुमारी जिज्ञासा ने बताया कि उनके माता-पिता खेती किसानी कर जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण पढ़ाई-लिखाई के दौरान बहुत सारे परेशानियां उपस्थित होती है। लेकिन उनके मन में पढ़ाई-लिखाई के प्रति असीम जिजीविषा है। जिसके बदौलत उन्होंने आज यह उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य सूची की प्राविण्य सूची में 5वां स्थान हासिल करने वाली स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला की विद्यार्थी कुमारी हर्षवती ने बताया कि उनके माता पिता किसान है। वे अपने माता पिता के साथ घरेलु कार्यों में सहयोग करते हुए आज यह उपलब्धि हासिल की है।

### कलेक्टर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

इस अवसर पर कलेक्टर ने जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत जिले के शासकीय स्कूलों के बेहतरीन परीक्षा परिणामों की भी सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के 12 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी है। जो कि हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में भी विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन की अनुकूल सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराई जाए तो शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी भी सफलता का परचम लहरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में विद्यार्थियों के सफलता का रथ निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के विद्यार्थियों की संख्या दुगुनी होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी जिले के इन होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने इन विद्यार्थियों एवं इनके माता पिता को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके लिए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों का बड़ी संख्या में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित होना निश्चित रूप से पूरे जिलेवासियों के लिए गर्व एवं सौभाग्य विषय है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं लगन के अलावा उनके माता, पिता, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है।

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों से ली जानकारी

इस अवसर पर कलेक्टर ने राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के सभी 12 मेधावी विद्यार्थियों से बारी-बारी से चर्चा कर उन्हें उस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने उनके द्वारा निर्धारित रणनीति तथा उनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य आदि के संबंध में जानकारी ली। सभी विद्यार्थियों ने बारी-बारी से पढ़ाई-लिखाई के तरीके एवं निर्धारित लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कक्षा 10वीं में प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी राहुल गंजीर ने आगे गणित की पढ़ाई कर इंजीनियर बनने तथा लुकेश्वर राजपूत ने यूपीएससी की परीक्षा पास करने, पोषण कुमार ने डॉक्टर बनने, कुमारी खुशी टुवानी ने डेटा साईंटिस्ट बनने, कुमारी हेमप्रज्ञा साहू ने मर्चेंट नेवी का इंजीनियर बनने तथा रितिका देवांगन ने डॉक्टर बनकर देश व समाज की सेवा करने की बात कही।

### प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को कराई गई बोटिंग

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर ने जिले के विद्यार्थियों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए नतीजों के अंतर्गत जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आयोजित सम्मान समारोह में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी हर्षवति के अलावा कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राएं राहुल गंजीर, डाली साहू, कुमारी पद्मनी शांडिल्य, कुमारी जिज्ञासा, लुकेश कुमार राजपूत, बबीता साहू, तोषण कुमार, खोमेन्द, कुमारी खुशी टुवानी, कुमारी हेमप्रज्ञा साहू तथा रितीक देवांगन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले जिले के सभी 12 बच्चों को भोजन कराने के उपरांत तांदुला रिसार्ट में बोटिंग भी कराया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थी बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के अवसर पर जिले के सभी 12 मेधावी विद्यार्थियों के अलावा उनके शिक्षक, शिक्षिका, प्राचार्य एवं अन्य अधिकारियों के अलावा विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित थे।

---

# अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर सप्त सुहागनों को घट दान



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतुः सम्प्रदाय) के द्वारा राधाकृष्ण मंदिर नवागांव में घट दान का आयोजन अक्षय तृतिया के अवसर में किया गया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा निर्वाणी और जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि अक्षय तृतिया पर घट दान या घड़ा दान का अपना एक पौराणिक महत्व है, सनातन मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन घट दान की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है, मान्यता के अनुसार भरे हुए घड़े सुहागन महिलाओं को दिया जाता है और उस घड़े में सामर्थ्य अनुसार फल और मुद्रा भी डाला जाता है, इससे वर्ष भर जल की कमी नही होती और दान लेने वाले और देने वाले दोनों के यहां अक्षय धन धान्य रहता है, भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी की इस जयंती पर देश भर में विशेषकर दक्षिण भारत और वृंदावन मथुरा में घट दान का आयोजन मंदिरों में बढ़ चढ़ कर किया जाता है, घट दान कार्यक्रम कर दौरान सेवा निवृत पुलिस उप अधीक्षक सविता दास, मनोरमा वैष्णव, नीलू वैष्णव, अलका वैष्णव, गीता वैष्णव, पल्लवी वैष्णव, गुड्डी वैष्णव सहित ग्रामीण महिलाएं समारोह का हिस्सा बनी।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में कुम्हारी के समस्त विद्यालयों का परिणाम उत्कृष्ट रहा

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में निजी विद्यालयों में विद्या दीप पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) कुम्हारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 97प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 95.20प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा दिलेश साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 95प्रतिशत के साथ कुमकुम देवांगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चंद्रकांत सिन्हा ने 91.33 प्रतिशत, ईशा यादव ने 88.50 प्रतिशत, हिमायनी पटेला एवं आरती सिंह ने 87.33 प्रतिशत अंक राहुल यादव ने 82.17प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 30 छात्र-छात्राओं में 22 छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय से कुणाल लहरे ने



77प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । सूरज गेंद्रे ने 75.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 74प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेखराज सोनकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 72.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर रियांका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70.2प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान यादव एवं सारिका सेन ने दूसरा स्थान विद्यालय में प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में 17 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे एवं सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। विद्यालय कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शाला शिक्षण समिति के संस्थापक बी.आर. सोनकर, संचालक रामेश्वर सोनकर प्राचार्य विभा सोनकर विद्यालय के परीक्षा प्रभार हीरा साहू, मनोज साहू,जया जॉन, पूजा वर्मा, त्रिदीप जना, देवकरण कंवर, मोहन ताम्रकार भुनेश्वरी साकार, मनीषा पटेल, नीमा सोलंकी, चुन्नी साहू, डी स्नेहा, देबाश्री दास, प्रियंका लाकरा, मोहनी साहू, मानसी निर्मलकर, असगरी अंजुम नर्मदा सरवा ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। इसी प्रकार विद्या ज्योति हायर सेकेण्डरी इंग्लिश मिडियम स्कूल कुम्हारी का हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमें कक्षा 10वीं से 1 अंक से कु. विधी देवांगन मेरिट सूची से चूक गई। वे गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त कर 97प्रतिशत लेकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के लगन कठोर मेहनत से सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर नगर एवं शाला का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं से द्वितीय प्रज्जवल देवागंन 94.5प्रतिशत तृतीय महक तिवारी 90.5प्रतिशत अन्य नव्या मनचानी 89.5प्रतिशत. मुस्कान शर्मा 89.16प्रतिशत दिशा दिक्षित 88.33प्रतिशत वासिनी सोनकर 86.66प्रतिशत महविश शाहीद 86 प्रतिशत सुजैन बखला 87.33प्रतिशत इशिका मनहरे 85.3प्रतिशत कार्तिक पटेल 86.83प्रतिशत आदित्य खेलवार 84.8प्रतिशत जान्हवी राजवानी 84.3प्रतिशत गीतांलली पटेल 83.3प्रतिशत, भावना महिलांग 81.2प्रतिशत प्राप्त किये। कक्षा 12वीं से वाणिज्य संकाय राधा पटेल 88प्रतिशत कक्षा मे प्रथम इशा तेलंग 83.2प्रतिशत, द्वितीय एवं श्रेया जायसवाल 82. 8प्रतिशत तृतीय।

# आर.एस.व्ही. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में मनाया गया अक्ती तिहार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आर. एस. व्ही. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया बेमेतरा में अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा के प्रक्षेत्र पर परंपरागत विधि से पूजा अर्चना और माटी पूजन करके, अक्ती तिहार की शुरुआत की गई। माटी पूजन एवं बीज संस्कार का कार्य डॉ. संदीप भंडारकर अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय बेमेतरा द्वारा किया गया। जिसकी शुरुआत उन्होंने खेत में रागी, धान, बरसिंम बीज की बुवाई करके किया। माटी पूजन कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. यू.के.ध्रुव एवं डॉ. असित कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। अंचल में अक्ती तिहार से खेती किसानी प्रारंभ हो जाता है एवं किसान बीज अंकुरण की शुरूवात



इसी दिन से करते हैं। यह त्यौहार हमें अपनी माटी और संस्कृति से जोड़ता है, अपने इतिहास और समाज से जोड़ता है, इसलिए परंपरागत त्यौहार को नहीं भूलना चाहिए। इस दिन का मंचिय आयोजन इस दिन की महत्ता बताने का एक अच्छा अवसर है। जिसमें किसान माटी पूजन देवता पूजन एवं बीज जमाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सामुहिक बीज बैंक का महत्व बताया एवं छात्र-छात्राओं को पारंपरिक बीज संग्रहण के लिए प्रेरित किया। भले ही हम आधुनिक युग के भौतिक प्रपंचों में उलझकर परंपराओं को छोड़ रहे हैं, परंतु इस परंपरा का निर्वहन भी हमें अपनी माटी से जोड़ता है।

---

**विधायक ने सीएम साय से किया निवेदन**

# टॉपरों ने मासूमियत भरे अंदाज में सीएम विष्णुदेव साय से हैलीकॉप्टर में राइड करवाने का किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के टॉपरों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हेलीकॉप्टर में राइड करवाने का आग्रह किया है उन्होंने मासूमियत भरे अंदाज में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से हेलीकॉप्टर में सैर करवाने का अनुरोध किया है। टॉपरों का कहना है कि उन्होंने मेहनत कर के यह परिणाम हासिल किया है, और उन्हें उम्मीद थी कि इस बार भी उन्हें हैलीकॉप्टर पर सैर करने का मौका मिलेगा और इस उम्मीद से उन्होंने और ज्यादा मेहनत की है। बता दे की बालोद जिले से दसवीं क्लास में टॉप टेन में 11 बच्चों ने अपना स्थान बनाया है, तो वही 12वीं की एक छात्रा ने टॉप टेन में जगह बनाई हैं। इस बार पूरे छत्तीसगढ़ में बालोद जिले का बोर्ड परीक्षा के परिणाम में दबदबा रहा है। वही संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अनुरोध किया है कि वह पूर्व सरकार की भांति इस सरकार में भी टॉपरों को हेलीकॉप्टर की सैर करवाएं ताकि उनके सपनो को नई उड़ान मिले और उनका मनोबल बढ़े। सभी टॉपरों को विधायक संगीता सिन्हा ने गुलाब फूल और मिठाई भेंटकर शुभकामनाएं भी दी है। आपको बता दे कि पूर्व की भूपेश बघेल की सरकार ने 2023 में छत्तीसगढ़ के टॉपरों को हैलीकॉप्टर की सैर करवाई थी, बच्चे इस उम्मीद में है कि इस बार भी उन्हें हैलीकॉप्टर की सैर विष्णुदेव साय सरकार करवाएंगी।



### दिली तमन्ना है कि हम भी हैलीकॉप्टर में घूमे

दसवीं के प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले हेमप्रज्ञा साहू एवं डॉली साहू तथा बारहवीं की टॉपर हर्षवती साहू ने कहा कि पिछले बार जो टॉपर बच्चे थे उन्हें हेलीकॉप्टर में सैर कराया गया था, हम भी इस बार अच्छे नम्बर लेकर आये है, वही सोचकर हमने ज्यादा मेहनत की थी। हम चाहते है कि हमारे मुख्यमंत्री हमें हेलीकॉप्टर में सैर करवाएं। क्योकि हमने देखा था पिछली सरकार ने टॉपरों को हैलीकॉप्टर का सैर करवाया था। पिछले साल जितने टॉप किये थे, उन्होंने हैलीकॉप्टर की राइड ली थी, हमने भी इस साल खूब मेहनत कर के स्थान लाया है, हमारी भी दिली तमन्ना है कि हम भी हैलीकॉप्टर में घूमे।

**विधायक ने सीएम साय से किया निवेदन-** विधायक संगीता सिन्हा ने भी सीएम विष्णु देव साय से अनुरोध किया है की टॉपर आये बच्चों को हैलीकॉप्टर की सैर करवाएं। संगीता ने कहा कि पूर्ववती सरकार जो टॉप आये बच्चों को हैलीकॉप्टर से सैर करवाते थे। तो मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन और अपील करती हूं कि जितने हमारे टॉप के बच्चे है, उनको भी हैलीकॉप्टर में सैर कराया जाए। और मुझे आशा है कि मुख्यमंत्री जी इस निवेदन को स्वीकार करेंगे।

# सैम पित्रोदा का बयान, सेम लेस, कांग्रेस नेतृत्व ऐसी मानसिकता के लोगों से भरी पड़ी : डॉ सौरभ निर्वाणी

- सैम पित्रोदा स्वयम की तुलना निश्चित तौर पर चिंपाजी से करते होंगें

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस में राजीव गांधी से लेकर राहुल गांधी के सलाहकार रहे, सैम पित्रोदा का बयान माँ भारती के संतानो में भेद करने वाला, विविधता जिस देश की विशेषता ऐसे विविध रंगों के बगिया में जहर घोलने का काम राहुल गांधी के अंकल सैम ने किया है, ताज्जुब नही होता कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के विचार माँ भारती के संतानो में भेद करने वाली, ऐसा कहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक के स्वयं सेवक डॉ सौरभ निर्वाणी के। गौरतलब हो ओवर सीज



कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पूर्वोत्तर राज्यों के भारतीयों के चेहरे की तुलना चीनियों और दक्षिण भारतीयों की तुलना अफ्रीकियों से किया था, जिसका पुरजोर विरोध देश भर में हुआ और उनके बयान को विभाजन कारी बताते हुए कांग्रेस ने भी अपना पल्ला झाड़ लिया, डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि राहुल गांधी के सैम अंकल जो राहुल गाँधी के सलाहकार भी हैं, भारत के विषय मे ऐसी रंग भेद की सोच रखते हैं, निर्वाणी ने कहा कि हालांकि सैम पित्रोदा के बयान को सुनने के बाद ऐसा लगता है वो स्वयं अपने चेहरे की तुलना आदिमानव के पूर्वजो चिंपाजी से करते होंगे, पित्रोदा की भारत के संतानो के बीच इस नश्लीय टिप्पणी वाले बांटने और भेद उत्पन्न करने की सोच का भारतीय समाज पूरी तरह से तिरष्कार करता है, उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक संस्कृति एवं खान पान की विविधताओ से युक्त यह राष्ट्र अलग अलग पुष्पों से पल्लवित एवं सुवासित है यही हमारी विशेषता है। राहुल गाँधी के सैम अंकल के बयान से सभी कांग्रेसी भी सेम्फुल फील कर रहे हैं।

# जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार वनमण्डल तथा राज्य स्तरीय वन उडनदस्ता टीम की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार वनमण्डल तथा राज्य स्तरीय वन उडनदस्ता टीम द्वारा सक्त्ती वन परिक्षेत्र में 02 आरामील एवं फर्नीचर मार्ट में छापामार जांच की कार्यवाही की गई । वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा प्रियंका पांडेय, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख, सीसीएफ बिलासपुर एवं सीसीएफ रायपुर के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले के द्वारा गहन जांच एवं सतत् कार्यवाही से सागौन के अवैध परिवहन एवं अवैध तस्करी के संबंध में संलिप्त वृहद स्तर के गिरोह संज्ञान में आया है। वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि यह पूरी कार्यवाही 27 मार्च 2024 को ग्राम बिर्रा, जिला जांजगीर-चांपा में सड़क मार्ग से सागौन लकड़ी के लठठों के अवैध परिवहन से प्राप्त गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर संपादित किया गया है जिसमें जांजगीर-चांपा वनमण्डल के सक्ती परिक्षेत्र के अंतर्गत चंद्रपुर बिट के ग्राम खैरा में खार प्रसाद चंद्रा के परिसर में बिना लायसेंस के अवैध रूप से 01 आरामिल संचालित किया जा रहा था।





कार्यवाही के दौरान मिल के अंतर्गत 02 नग बैण्ड र. 02 नग ट्रॉली, 02 नग आधुनिक रेन्दा मशीन रखे गये थे। मौके पर काष्ठ के परिवहन हेतु 01 नग पिकअप भी बरामद किया गया। सघन जांच के दौरान भारी मात्रा में सागौन एवं सरई काष्ठ निर्मित सामग्रियां यथा सोफा सेट, डायनिंग टेबल, पलंग आदि जप्त किये गये है तथा ग्राम खैरा के आरा मशीन को सील किया गया। संयुक्त टीम के द्वारा त्वरित ही दूसरी छापामार कार्यवाही ग्राम घोघरी, परिक्षेत्र सक्ती के केशव प्रसाद पटेल, आरामिल संचालक के परिसर में किया गया। परिसर में भारी मात्रा में विद्यमान विभिन्न प्रजाति यथा नीम, अर्जुन, बबूल, करही, साजा, मुढी, ईमली, सेम्हल आदि लकडी के लठठो की गणना कर आरामिल को सील किया गया। उक्त संयुक्त कार्यवाही में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता प्रभारी संदीप सिंह, परिक्षेत्राधिकारी सक्ती, परिक्षेत्राधिकारी कसडोल, थाना प्रभारी डभरा एवं अन्य अधिकारी- कर्मचारी शामिल थे।

# राजनैतिक दलों की बैठक लेकर स्ट्रॉग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दी गई जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आज चातरखार महाविद्यालय परिसर में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि निर्वाचन आयोग के गाइडलाईन अनुसार स्ट्रॉग रूम में रखे गए इव्हीएम मशीनों एवं सामाग्रियों की सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई है। परिसर में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के साथ ही पूरे परिसर की निगरानी के लिये पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। सुरक्षा बल द्वारा हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुंगेली पार्वती पटेल ने बताया कि सभी अभ्यर्थी तीन शिफ्ट में एक-एक व्यक्ति को निगरानी हेतु प्राधिकृत कर सकते हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोरमी गिरधारी लाल यादव ने बताया कि प्रांगण में किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थों का सेवन करना और नशीली पदार्थ लेकर आना प्रतिबंधित है।

गाड़ी पार्किंग एरिया में रहेंगे। स्ट्रॉग रूम एवं भवन में लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज को लाईव देखने के लिए बाहर में टेंट लगाकर छाया, पानी आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि 24 घंटे निगरानी कर सकते हैं। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभिकर्ताओं को सीसीटीवी का अवलोकन भी कराया गया।

# सेजेस दाऊपारा मुंगेली का मण्डल परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा मुंगेली के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का बोर्ड परीक्षा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनो माध्यम का परिणाम उत्कृष्ट रहा। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 96.72 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वी का 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 वी से श्वेता लहरे 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, आयुषी उपाध्याय 93.67 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं दृष्टि शर्मा 92.17 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में आकृति उपाध्याय 87.30 प्रतिशत के साथ प्रथम, सुमुखी सोनी 84.40 के साथ द्वितीय एवं अंश केशवानी 83.80 प्रतिशत अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम



कक्षा 10वीं का परिणाम 97.22 प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा स्वीटी पाटले 79.17 प्रतिशत के साथ प्रथम, काजल पात्रे 77.67. प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं तनु गंधर्व 76.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं से रिया कुर्रे वाणिज्य संकाय 80 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, नम्रता शर्मा 78 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं बिकेश्वर मिरें जीव विज्ञान संकाय 74.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। शाला प्राचार्य डॉ. आई. पी. यादव सहित समस्त शाला परिवार ने सभी प्रतिभावान एवं सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

# ढाबे में पुलिस रेड, 45 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त, खरसिया पुलिस की कार्रवाइ

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस क्षेत्र में जुआ-सट्टा, अवैध शराब पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खरसिया पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि हेमंत डनसेना अपने ढाबा में अवैध बिक्री के लिए मोटर सायकल स्प्लेंडर पर शराब लेकर खरसिया से भालूनारा की ओर आ रहा है। सूचना पर खरसिया पुलिस मेन रोड़ चोढ़ा के पास घेराबंदी कर संदेही हेमंत डनसेना को हिरासत में लिया गया जिसके पास रखे बैग में




रखे 35 पाव देसी प्लेन, 10 पाव जम्मू विस्की अंग्रेजी शराब एवं 02 पाव मैकडॉवेल नंबर वन शराब जुमला 45 पाव शराब कीमती 5,000 एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सीजी 13 यू.बी. 7948 कीमती 20000 जप्त किया गया। आरोपी- हेमंत डनसेना पिता पूरन लाल डनसेना 26 साल निवासी ग्राम भालूनारा थाना खरसिया के विरुद्ध थाना खरसिया में अपराध धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# नेता प्रतिपक्ष महंत का बड़ा बयान, कहा आत्मानंद जी का नाम बदला जाना छत्तीसगढ़ की अस्मिता से होगा खिलवाड़

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में साल 2018 में सत्ता पर काबिज होने वाली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने जहां छत्तीसगढ़ में सरकारी शिक्षा को बदलते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों की जगह-जगह स्थापना की, तथा बाद में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम के भी स्कूल खोले गए एवं छत्तीसगढ़ सरकार ने इन स्कूलों के पीछे जहां अपना पूरा ध्यान केंद्रित करते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर रखा तथा साल 2023 में छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के नाम को बदलने की चर्चाएं जोरों से है, इसी बीच छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता



प्रतिपक्ष एवं शक्ति विधायक डॉ चरण दास महंत ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदलना छग की अस्मिता से खिलवाड़ होंगा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कॉलेज जहां पर सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने किया था, उसका नाम बदलने की कवायद मौजूदा भाजपा की सरकार कर रही है, इस तरह के प्रयास को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अनुचित करार देते हुए कहा है कि स्कूल का नाम बदलना छत्तीसगढ़ की अस्मिता से खिलवाड़ होगा।

# कलेक्टर ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं, की उज्जवल भविष्य की कामना



■ जिले के योगेश साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपटेन में बनाई जगह

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी किया गया। जिसमें न्यू जेनेरशन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लोरमी के छात्र योगेश साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपटेन में जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया। कलेक्टर ने योगेश की सफलता पर खुशी जाहिर की और बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। योगेश ने जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर से चर्चा के दौरान बताया कि उसे कक्षा 10वीं में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है और सूची में उसका नाम 08वें स्थान पर है। माता-पिता दोनों शिक्षक हैं। वह जिले के कलेक्टर को ही अपना आदर्श मानता है और आगे वह भी आई.ए.एस. बनना चाहता है। इस पर कलेक्टर ने योगेश को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट उपाय नहीं है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करना जरूरी है। उन्होंने योगेश के माता-पिता से भी चर्चा कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे सहित संबंधित अधिकारी और स्कूल के प्राचार्य मौजूद रहे।

# सक्ती कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुए जिले के मेरिट सूची के टॉपर विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट परिसर पर कक्षा 10वी के टॉप-10 में शामिल छात्रा जान्हवी पटेल और छात्र राहुल कुमार गबेल को जनरल नॉलेज, पेन और चाकलेट देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने दोनों बच्चो को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी टॉप-10 की सूची में स्थान बनाने तथा जिले के नाम रोशन करने पर मिठाई खिलाते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र राहुल कुमार गबेल ने बताया की वह आगे चलकर आईआईटी-जेईई की परीक्षा पास कर इंजीनीयर बनना चाहते है। इसी प्रकार छात्रा जान्हवी पटेल ने कहा की वे आगे चलकर प्रोफेशनल आर्टिस्ट बनना चाहती है। इस अवसर पर छात्रा जान्हवी पटेल ने ठुमक चलत रामचन्द्र बाजत पैजनिया......की मधुर गीत भी सुनाई। दोनों ही बच्चो ने अपनी सफ्लता पर अपने पैरेंट्स, शिक्षक सहित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी संबंधित को





धन्यवाद दिया है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने दोनों बच्चो को बधाई देते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा की बच्चो की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने बताया की कक्षा दसवी के बाद ही किसी भी छात्र के करियर की शुरुआत होती है। उन्होंने बच्चो को अपनी रूचि के अनुसार करियर डिसाइड करते हुए कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया, कलेक्टर तोपनो ने हाई स्कूल और हायरसेकण्ड्री परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिले के सभी बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की टॉप-10 सूची में छात्रा जान्हवी पटेल और छात्र राहुल कुमार गबेल दोनों ही बच्चो ने स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

# अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रीराम मंदिर सोनार पारा में विधि विधान पूर्वक भव्य पूजा अर्चना कर मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली की तीनों विंग महिला, पुरूष एवं युवाओं ने सपरिवार एक साथ श्रीराम मंदिर सोनार पारा में विधि विधान पूर्वक भव्य पूजा अर्चना कर मनाया गया। श्रीराम मंदिर सोनार पारा में श्रीराम जानकी के मूर्ति के साथ ही भगवान श्री परशुराम जी की चित्र की विधिवत पूजा अर्चना आचार्य वीरेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में सभी विप्रजनों ने की। भव्य आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुंगेली नगर 17 मई को नगर पालिका स्कूल से भव्य शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। 17 मई को शाम 4 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो सरदार पटेल सभा भवन, जिला भाजपा कार्यालय के सामने से होते हुए पाठक पारा, बड़ा बाजार, नंदी चौक मलहापारा, माँ परमेश्वरी चौक से महाराणा प्रताप चैक पड़ाव से वापस



बालानी चौक होकर महावीर स्वामी चौक गोलबाजार, सदर बाजार होकर परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड होते हुए पुनः नगर पालिका स्कूल पहुँचकर सभा के रूप में परिणित होगी। यहां भगवान परशुराम की भव्य महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात विप्र समाज की बालिकाओं का भक्ति गीतों पर आधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता फिर सामाजिक स्वरूचि भोज होगी। '16 मई शाम 5 बजे परशुराम चैक से नगर में निकलेगी बाईक रैली' 16 मई को शाम 5 बजे परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली से सर्व ब्राह्मण परिषद की सामाजिक सदभाव एवं जागरूकता हेतु बाईक रैली निकलेगी। जिसमें महिला, पुरुष एवं युवा भाग लेंगे। बाईक रैली पुराना बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण पश्चात बिलासपुर रोड करही में समाप्त होगी। अक्षय तृतीया, परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण परिषद के महिला,पुरुष एवं युवा गण उपस्थित रहे। महिला मंडल के द्वारा अक्षय तृतीया परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पाठक पारा स्टेट बैंक रोड में राहगीरों को शर्बत व प्रसाद वितरण किया गया।

## अग्र कुल की बिटिया बनी टॉपर

# छत्तीसगढ़ में अग्रवाल समाज का नाम गौरवन्नित किया सरायपाली की महक अग्रवाल ने

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में 12वीं बोर्ड परीक्षा में महासमुंद जिले के सरायपाली की फर्नीचर व्यवसायी की सुपुत्री महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, महक की सफलता पर जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश का अग्रवाल समाज हर्षित है, तो वहीं अग्रवाल सभा सरायपाली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारीयो ने महक अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंटकर बधाई- शुभकामनाएं दी, तथा महक के परिजनों को भी अग्रवाल समाज में बधाई दी है, तथा महक अग्रवाल ने विगत वर्षो कक्षा दसवीं में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल की स्टेट टॉपर सूची में स्थान बनाया



था,अपनी इस बड़ी सफलता पर महक ने कहा कि 'मुझे बहुत ज्यादा खुशी है, उम्मीद थी कि टॉप टेन में आऊंगी, लेकिन टॉप वन में आ गई। एग्जाम से पहले ही तैयारी हो गई थी। हमारे स्कूल में वीकली टेस्ट, मासिक टेस्ट होते रहते हैं। अपने आप टेस्ट करती रहती थी। मेरे परिवार को और मेरे अध्यापकों ने मुझे हमेशा मोटिवेट किया। यह मुकाम हासिल करने पर कलेक्टर, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य तमाम लोगों ने महक को बधाई दी है। साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की है। बता दें कि महक अग्रवाल के पापा नवीन अग्रवाल फर्नीचर के व्यापारी हैं। मां पूजा अग्रवाल गृहणी हैं। अपने तीन भाई-बहन में महक अग्रवाल सबसे बड़ी है, महक के 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप करने से घरवालों के साथ ही आज हर कोई गर्व महसूस कर रहा है, सफलता के मंत्र बताते हुए महक ने कहा कि मैं रोज सुबह और शाम पढ़ती थी। मैंने किसी प्रकार का ट्यूशन नहीं लिया। खुद से मेहनत करके इस मुकाम पर पहुंची हूं। मेरे इस सफलता के पीछे मेरे मम्मी-पापा और मेरे विद्यालय के प्राचार्य का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने मुझे हमेशा पढ़ाई के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ाने को कहा। मुझे लगता है कि पढ़ाई करने के लिए हमें खुद को समय में नहीं बांधना चाहिए। हमें हमेशा अपना 100त्न अपने पढ़ाई को देना चाहिए ताकि हम अपने पढ़ाई के प्रति पूरा फोकस हो सके, महक अग्रवाल की सफलता पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई दी है,12वीं बोर्ड परीक्षा की स्टेट टॉपर सूची में 20 लोगों ने स्थान बनाया है जिसमे- महक अग्रवाल - महासमुंद - 97.40, कोपल अमबस्ट - बलौदा बाजार - 97.00, प्रीति - बलौदाबाजार - 96.80, आयुषी गुप्ता - जशपुर - 96.80, समीर कुमार - धमतरी - 96.60, हर्षवती - बालोद - 96.00, वेदांतिका शर्मा - बिलासपुर - 96.00, शुभ अग्रवाल - कोरबा - 96.00, डाली पटेल - बालौदा बाजार 95.80, अदिति साहू - बालौदा बाजार - 95.80, हिमांशी - रायपुर - 95.80, वेदिका निषाद - कांकेर - 95.60, पियूष कुमार कन्नोजिया - बलरामपुर - 95.60, कंकना घरमी - कांकेर - 95.40, यमुना - कबीरधाम - 95.20, रिफा जबेरी - कबीरधाम 95.20, साहिल खान - बलरामपुर - 95.20,नीरज शर्मा - सूरजपुर - 95.20, भावना साहू - दुर्ग - 95.00, निधि गोगड़ - कांकेर - 95 प्रतिशत अंक है।

# अब धरमजयगढ में भी महादेव एप सट्टा मामले में एसीबी व ईओडब्लू की बड़ी कार्यवाही

## कथित मास्टर माइंड अनिल अग्रवाल का घर सील



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ में कल महादेव एप सट्टा मामले में एसीबी और ईओडब्लू ने बड़ी कार्यवाही की है, रायपुर से कल सुबह एसीबी और ईओडब्लू की टीम धरमजयगढ़ आ धमकी और महादेव सट्टा एप के मास्टर मांइड माने जाने वाले अनिल अग्रवाल उर्फ पिंटू अग्रवाल के नीचेपारा स्थिति निवास में छापामारी की लेकिन कई सालों से बंद पड़ी भवन को एसीबी और ईओडब्लू टीम ने सील बंद की कार्यवाही करते हुए नीचेपारा की अनिल अग्रवाल की मकान को एसीबी और ईओडब्लू की टीम में 9 मई की सुबह सील कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ में महादेव एप सट्टा के मामले में कई लोगों पर ईडी ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिए हैं। और कई ईडी के रॉडर पर है यहां तक की छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ भी एफआईआर हुआ है, इसी महादेव एप में संलिप्त होने के कारण धरमजयगढ़ निवासी अनिल अग्रवाल को लंबे समय से तलाश की जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर विभिन्न सामग्री का किया दान, बच्चों ने रचाया गुड्डी-गुड्डा का ब्याह



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया पर्व पर कई लोगों ने विभिन्न सामग्री का दान किया वही इस दिन जहां बच्चों ने भी पुतली पुतला का विवाह रचाया जबकि कई लोगों के द्वारा बाजार में खरीदी के कारण रौनक दिखाई दिया। अक्षय तृतीया को बड़े धूमधाम एवं भक्ति भाव से मनाया गया। अक्षय तृतीया मैं विशेष योग रहा इसलिए श्रद्धालुओं ने इस पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। बाजार में जहां लोगों ने सुबह से ही खरीदारी की वहीं कई श्रद्धालुओं ने विभिन्न सामग्री के साथ से सेतवा बेल फल, श्रीफल मिट्टी से बनी मटकी में पानी सहित नगद राशि सहित अन्य सामान का दान मंदिरों तथा आचार्य पंडितों के यहां दिया गया। बता दें कि हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया मनाते हैं। इस दिन माता लक्ष्मी विष्णु भगवान की पूजा अर्चना किया गया। इसके साथ ही परशुराम जी का जन्म हुआ था। इस कारण परशुराम जयंती के नाम से भी इस तिथि को मनाया जाता हैं।

### कई घरो में हुआ पुतरा का हुआ विवाह

बच्चों ने अक्षय तृतीया पर्व पर गुड्डी-गुड्डा का विवाह का कार्यक्रम घर में ही आयोजित कर परंपरा का निर्वाह किए। वहीं इस अक्षय तृतीया के दिन से खेती का भी शुरुआत किसानों ने पारंपरिक तरीके से श्रीगणेश किया है। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय को अक्षय तृतीया मनाया जाता है जो बहुत ही शुभ माना गया है किसी भी तरह का कोई मुहूर्त नहीं देखा जाता और लोग गृह प्रवेश विवाह नए शुभकामनाएं भवन नए व्यवसाय का शुरुआत करते हैं। इसके साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी अक्षय तृतीया के दिन विवाह बच्चे किया गया। इस मौके पर आंगन में बच्चों ने मंडप बनाया छोटे-छोटे लकड़ियों को कपड़ा एवं कागज से सजाकर उसे मड़वा के रूप में सजाया गया मिट्टी की चुकिया बनाई गई और उसे रंग-बिरंगी चावल के दाने से सजाया गया। अक्षय तृतीया पर पुतरी पुतरा को छोटे-छोटे नए-नए रंग-बिरंगी वस्तुओं से सजाया गया और गुड्डी गुड़ियों के सिर पर सुंदर मोर भी लगाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने स्तर पर विवाह की रस्म भी पूरा किया तथा टिकावन जैसे रस्म भी परंपरागत किया गया।

### परंपरागत खेती का भी हुआ श्री गणेश

अक्षय तृतीया के अवसर पर पारंपरिक खेती की शुरुआत हुई। इस मौके पर नगर सहित जिले के विभिन्न गांवों में कुछ किसानों ने खेतों में हल अथवा हसिया चलाकर खेती किसानी का कार्य का शुरूआत किया वहीं कई कुछ किसानों ने धान के बीज भी डालकर खेती के सर्व श्रीगणेश किया गया। इस संबंध में किसानों का कहना है कि अक्ती के दिन खेती के काम प्रारंभ करने से किसानों को विश्वास रहता है कि इस साल फसल अच्छी होगी।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा में आस्था ने 95प्रतिशत लाकर क्षेत्र परिवार को किया गौरवान्वित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। राज्य की 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में आस्था राजपूत ने 95त्न लाकर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया।परिवार वाले व टीचर विद्यालय मित्र नेतागण सभी ने फ़ोन कॉल व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी उज्वल भविष्य की कामना किया । छात्रा आस्था राजपूत देवकर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती हैं। आस्था राजपूत के पिता अरविंद सिंह राजपूत पेशे से किसान हैं और माता संगीता राजपूत गृहणी और आस्था अपने भाई-बहन छोटी हैं।

आस्था राजपूत का मानना है कि उन्हें यह सफलता संघर्ष से मिली है। उन्होंने कहा कि पिता अरविंद राजपूत मेरे पढ़ाई से संबंधित हर चीजो में धयान रखते है वो हमेशा चाहते है कि मेरे बेटा बेटी एक अच्छा पोस्ट में जाए जहाँ वो लोगो की मदद करे जरूरतमंद की सेवा करे परिवार व क्षेत्र के लिए कुछ कर सके। मुझे उन्हीं से प्रेरणा मिली। माता-पिता मेरे रोल मॉडल हैं। माता संगीता पढ़ाई को लेकर मेरा पूरा ख्याल रखती थीं।

**10वी में टॉप टेन में जगह नही बना पाई परन्तु इस कमी को 12 वी पूरी करेगी- पिता**

बेटी आस्था की इस शानदार उपलब्धि को लेकर उनके पिता अरविंद सिंह का खुशी का ठिकाना नहीं है। उनका कहना है कि उन्?हें बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व है।अरविंद सिंह का कहना है बेटा सत्यम राजपूत टॉप टेन से चुका था तो इस बार विश्वास था कि बेटी इस बार टॉप टेन जगह बनाएगी परन्तु इस बार फिर से थोड़ा नंबर के लिए चूक गई पर अभी यह कमी को 12 वी में मुझे विश्वास है पूरा करेगी।पर हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य पढ़कर एक अच्छा पोस्ट में जाकर जरूरत मंद की सेवा करे।समाज व देश की सेवा करे हमेशा मैं अपने बेटा बेटी को लेकर यह चाहता हूं और ये जरुर पूरा करेंगे।

## परशुराम चौक में हुआ है सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा एवं हलवा पुड़ी वितरण



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर के भगवान परशुराम जी चौक स्थित भगवान परशुराम जी स्मारक परिसर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा का आयोजन किया गया पश्चात भगवान परशुराम जी का विधिवत पूजा एवं आरती किया गया। मुख्य यजमान के रुप में रघुनंदन रंजना तिवारी थे आयोजन में मुख्य रूप से लेखमणी पाण्डेय उपप्रांताध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, थानेश्वर दीवान जिला उपाध्यक्ष, मनोज दुबे जिला महासचिव, जय पाण्डेय, शरद तिवारी, कौशल शर्मा, राम मिश्रा, शरद शर्मा, अनिल दुबे, डी के तिवारी, वर्षा गौतम, राजा शुक्ला, विक्की चौबे, योगेश दीवान, के साथ बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। शाम को हलवा पुड़ी का वितरण किया गया।

# अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडे के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ मंसूर अहमद एवं विशिष्ट अतिथि विवेक कुमार तिवारी प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़, कुमारी सुनीता साहू द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़,सरिता दास अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी मनेन्द्रगढ़, मुकेश कुमार पात्रे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिरमिरी, विनय कुमार प्रधान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर, सीजीएम बैकुंठपुर समीर कुजूर, आस्था यादव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनेन्द्रगढ़, न्यायाधीश असलम खान, राकेश खलखो, अमन तिग्गा, मनोज कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में मनेन्द्रगढ़ न्यायालय परिसर में गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जन व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत मंच पर उपस्थित सभी न्यायाधीशगण का अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडे ने मनेन्द्रगढ़ अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष विजय मिश्रा, सचिव आशीष सिंह, उपाध्यक्ष सविता गुप्ता, मयंक जैन, कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, सहसचिव प्रवीण पटेल, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश पांडे, पुस्तकालय प्रभारी यार साय राजवाड़े, कार्यकारिणी सदस्य परवीन बेगम, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र तिवारी आलोक अग्रवाल, जयलाल सिंह व समय लाल सिंह को अधिवक्तावो के हितों में कार्य करने का शपथ दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अधिवक्ता संघ ईमानदारी से वकीलों के हितो की सुरक्षा के लिए कार्य करेगा, वहीं जिला मुख्यालय होने के कारण अभी तक जिन न्यायालयों की स्थापना मनेन्द्रगढ़ में किन्ही कारणों से नही हो पाई है, सबको साथ लेकर उसको स्थापित कराने की पहल कर उसे स्थापित कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 अधिवक्ता संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण ऊर्जावान एवं क्रियाशील है, और इनके नेतृत्व में अवश्य ही अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा, और शुभकामनाएं दिए। वहीं उन्होने मंच पर उपस्थित न्यायाधीशगण से मनेन्द्रगढ़ अधिवक्तावो के अधिवक्ता संघ कक्ष का विस्तार कराने का आग्रह किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ मंसूर अहमद ने सभी निर्वाचित पदाधिकारीवो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए संघ के पदाधिकारी न्यायपालिका और अधिवक्तावो के बीच सामंजस्यपुर्ण अस्तित्व सुनिश्चित करते हुए न्यायिक प्रणाली को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर भीष्म प्रसाद पांडे ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिवक्ता न्यायपालिका के साथ-साथ न्यायिक तंत्र का महत्वपूर्ण अंग है। अधिवक्ताओं को दिए गए अधिकार यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका संचालन सुचारू रुप से हो, और उन्होंने अधिवक्ता संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो भी न्यायालयीन भवन या कक्ष की मूलभूत आवश्यकतायें होगी उसका भी निराकरण अवश्य कराने की पहल की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सचिव आशीष सिंह ने कहा कि संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी संघ की गरिमा के अनुरूप अपना काम करेंगे और सब की सहभागिता सुनिश्चित हो इस दिशा में प्रयास होगा व अधिवक्तावो का हित सरोपरी है। आभार प्रदर्शन मयंक जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश सिंह, विशोक खरे, विजय प्रकाश पटेल, मोहम्मद अशफाक इराकी, गणेश अग्रवाल श्याम बिहारी रैकवार, मोहम्मद शफीक खान, अखिलेश शर्मा, घनश्याम राय, मनोज त्रिपाठी राधेश्याम यादव, रवींद्र जायसवाल, पूर्णिमा खरे, संतोष सिंह, रामनरेश पटेल, संजीवन लाल, विनोद पासी, सुधीर पाठक, अशोक राजवाड़े, संजय गुप्ता, विनय पाठक मुकेश अग्रवाल, कैलाश विश्वकर्मा आशीष मजूमदार, ध्रुव निगम, कल्याण केसरी, राम सुमन मिश्रा, मनमोहन साहू, गोपाल, मंजू, अनिल सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चिरमिरी, अजय पांडे, मनीष सोनी, सुनील चौबे, रामसेवक सोनी, सूरजभान सिंह कन्हैयालाल, राजेश गुप्ता, अजहर जहांगीर, जितेंद्र मिश्रा, जितेंद्र चौहान, पूनम गुप्ता, रश्मि पांडे, अंकित तिवारी, महजबीन खान, वेंकटेश सिंह, आशीष मजूमदार, आशीष राय सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नीलू वर्मा को सौंपा 15 लाख रूपए का चेक



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 की ड्यूटी में लगे अजय वर्मा का 06 मई को निधन होने के तुरंत बाद ही निर्वाचन के 48 घंटे के भीतर 15 लाख रूपए का अनुग्रह प्रतिकर राशि जारी किया। कलेक्टर डॉ सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे स्व. अजय वर्मा के डगनिया स्थित निवास पहुंचे और उनकी पत्नी नीलू वर्मा को 15 लाख रूपए का चेक सौंपा। स्वर्गीय अजय वर्मा नगर निगम के जनसंपर्क शाखा में कार्यरत थे।

# मारुति सुजुकी ने नए जेड-सीरीज इंजन के साथ लॉन्च की एकदम नई स्विफ्ट




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

हैचबैक सेगमेंट को फिर से परिभाषित करते हुए, भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने गर्व के साथ एकदम नई स्विफ्ट को पेश किया है। युवा और उत्साही लोगों के लिए तैयार की गई, एकदम नई स्विफ्ट नए बेंचमार्क बनाने और अपने पूर्ववर्तियों की तरह अपनी प्रशंसीय विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, हिसाशी ताकेउची, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, 2005 में लॉन्च होने के बाद से, स्विफ्ट ब्रांड भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। इसने प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में अग्रणी है और लाखों ग्राहकों के दिलों पर कब्जा जमाने में सफल रही है। एकदम नई स्विफ्ट के लिए हमारा दृष्टिकोण स्विफ्ट प्रेमियों और ड्राइविंग पसंद लोगों के लिए जॉय ऑफ मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करते हुए अपनी मजबूत विरासत को आगे बढ़ाना है। नया जेड-सीरीज इंजन एक फ्यूचरिस्टिक पावरट्रेन है, जो परफॉर्मेंस और सस्टैनेबिलिटी के एक नए आयाम के साथ आता है, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे कुशल हैचबैक बनाता है। हम अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने और उससे अधिक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को पेश करते हुए भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में बदलाव को आगे बढ़ाना निरंतर जारी रखेंगे। नई स्विफ्ट के लॉन्च पर बोलते हुए, पार्थो बनर्जी, सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, भारत में 29 लाख ग्राहकों के साथ, स्विफ्ट ब्रांड ग्राहकों के दिलों में एक खास जगह रखता है। इस प्रीमियम हैचबैक की हर पीढ़ी अपने समय से आगे रही है, ग्राहकों की बढ़ती आकांक्षाओं का पता लगाकर उन्हें पूरा करती है।

# वंडरला भुवनेश्वर ने की खास लॉन्च ऑफर की घोषणा, टिकट सिर्फ 649 रुपये से शुरू







पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

वंडरला हॉलिडेज़, जो कि भारत की सबसे बड़ी मनोरंजन पार्क चेन है, ने भुवनेश्वर के कुम्भारबास्ता में 24 मई को खुलने वाले अपने मनोरंजन पार्क के विशेष लॉन्च ऑफर की घोषणा की है। वंडरला हॉलिडेज़ फिलहाल कोच्चि, बेंगलुरु, हैदराबाद में तीन मनोरंजन पार्क और बेंगलुरु में एक रिसॉर्ट चलाता है, और अब भुवनेश्वर में आ रहा है। भुवनेश्वर में इस पार्क के लॉन्च के जश्न के तौर पर अर्ली बर्ड ऑफर चलेगा, जिसमें ऑनलाइन बुकिंग पर पार्क टिकटों पर 25% की छूट मिलेगी। वंडरला हॉलिडेज़ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण के चिट्टिलपिल्ली ने कहा, हम ओडिशा में वंडरला के शानदार मनोरंजन का अनुभव लाने के लिए उत्साहित हैं। यह हमारे आगंतुकों के लिए मौज-मस्ती और रोमांच के अनुभव का एक नया दौर होगा। ओडिशा में आने के साथ, हम अपने आगंतुकों को शानदार अनुभव देना जारी रखने, यादगार पल और संजोने लायक यादें बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए हम न सिर्फ वर्तमान में खुशियाँ देना चाहते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक यादगार विरासत छोड़ना चाहते हैं। वंडरला ओडिशा में हाई-स्पीड रोलर कोस्टर से लेकर वाटर राइड्स और परिवार के लिए उपयुक्त आकर्षणों तक, हर किसी के लिए मनोरंजन का साधन होगा। इसके कई राइड्स खास बनाए गए हैं और विदेशी कंपनियों से आयातित किए गए हैं, जो इन्हें भारत में अद्वितीय बनाता है। वंडरला भारत और एशिया के शीर्ष मनोरंजन पार्कों में से एक है। आगंतुक इन सीमित समय के ऑफर का लाभ उठा सकते हैं और पहले से टिकट बुक कर सकते हैं। वंडरला हॉलिडेज़ लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय मनोरंजन पार्क संचालक है। कंपनी फिलहाल कोच्चि, बेंगलुरु, हैदराबाद में तीन मनोरंजन पार्क और बेंगलुरु में वंडरला रिसॉर्ट नाम का एक रिसॉर्ट चलाती है। इसके कई राइड्स खासतौर पर बनाए गए हैं और विदेशी कंपनियों से आयातित किए गए हैं।

# क्या आपने मातृत्व के इन पहलुओं को परखा?



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

गर्भ में संतान के आगमन की खबर निश्चित होना एक मां को मातृत्व का एहसास दिलाने की पहली घड़ी होती है। मां बनने के सौभाग्य से बड़ी खुशनसीबी शायद इस जहां में कोई और दूसरी नहीं। मां बनके मां कहलाना आसान है, पर क्या एक मां के रूप में आपका किरदार आपकी संतान की नजर में खरा उतर के सफल हो गया या आपको एक बेहतर मां बनने के लिए हर रोज़ अपनी संतान की नजरों में परीक्षा देनी पड़ती है?

### मां का मुख्य किरदार

आजकल की संतानों की मनोदशा पहले के बच्चों की तरह सरल नहीं। अब परिवार छोटे होते हैं, ज्यादातर माता-पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं, शिक्षा का बोझ बच्चों से बर्दाश्त नहीं होता, जीवन शैली में भी काफी बदलाव आने के कारण नई पीढ़ी के बच्चे काफी जिद्दी, चिड़चिड़े गुस्सैल और मूडी हो गए हैं। अब आप ही सोचिए कि अगर ऐसे बच्चों की मनोवृत्ति को समय से नियंत्रित न किया जाए तो आगे क्या परिणाम हो सकते हैं? ऐसी स्थिति में एक मां का ही सबसे मुख्य किरदार है कि अपनी संतान को एक अच्छा और लायक इंसान बनाए।

### मां को सीखनी होगी ये कला भी

अपनी संतान के भावों के उतार-चढ़ाव को समझने का हुनर हर एक मां में होना चाहिए साथ ही उनकी भावनाओं के अनुसार खुद को समय-समय पर ढालना भी आना चाहिए। ऐसा करने से बच्चों के मन में मां के प्रति अटूट लगाव और आश्रय महसूस होता है। और एक बार ये लगाव दृढ़ हो जाए तो बच्चों की नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित करना और उनसे तालमेल बैठाना काफी आसान हो जाता है।

# जन्मदिन पर विधायक ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



## मरीजों को फल वितरित, अमृतधारा प्याऊ घर का उद्घाटन किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए शुक्रवार को बसना नगर स्थित मां सम्लेश्वरी मंदिर, शनि देव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, शिव मंदिर, गायत्री मंदिर, श्री हनुमान मंदिर आदि योगी शिव मंदिर एवं गढ़फुलझर स्थित श्री श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर में दर्शन पूजन कर सर्वमंगल की कामना करते माथा टेक कर शुभाशीष लिये साथ ही बसना,गढ़फुलझर, पिरदा, सांकरा व पिथौरा के विधायक जनसंपर्क कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय बसना, गजानंद सत्यनारायण ज्वेलर्स पिथौरा, हीरो शोरूम पिथौरा पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी व क्षेत्रवासियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### अमृतधारा प्याऊ घर का किया उद्घाटन

पुरे बसना विधानसभा क्षेत्र को अपना परिवार मानने वाले एकलौते जनसेवक एवं लोकप्रिय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के राहगीरों को पीने के लिए स्वच्छ एवं ठण्डा उपलब्ध कराने हेतु बसना हनुमान मंदिर के समीप एवं गढ़फुलझर, सांकरा, पिरदा विधायक जनसंपर्क कार्यालय के समीप तथा पिथौरा के बार चौक में अमृतधारा प्याऊ घर का उद्घाटन किया।

### मरीजों को किया फल वितरित

जन जन के हितैषी जनसेवक विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने जन्मदिन के अवसर पर बसना नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अवर लेडी हास्पिटल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मरीजों को फल वितरित किया तथा उनका कुशलक्षेम जाना और स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त स्थानों में केक काटकर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया तथा जन्मदिन कार्य म के दौरान विधायक ने पिथौरा स्थित गौशाला पहुंच कर गौमाता की पूजा अर्चना कर फल खिलाया।

## बायजूस ने उत्पाद और सेवाओं की क्षमता और प्रभाव के आधार पर आर्गेनिक ग्रोथ के लिए ट्रांसफॉर्मेटिव सेल्स मॉडल का अनावरण किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बायजूस के फाउंडर बायजू रवीन्द्रन ने 1500 से अधिक सेल्स सहयोगियों और मैनेजर्स के साथ एक मीटिंग में कंपनी की सेल्स रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी दी। यह बदलाव सस्टेनेबल और स्केलेबल मॉडल पर जोर देता है, जो कंपनी के सेल्स वर्कफोर्स को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्वालिटी एजुकेशन को पहले से कहीं अधिक आसान बनाने पर केंद्रित है। बायजूस ने अपने सेल्स मॉडल को पुश-आधारित से पुल-आधारित मॉडल में बदल दिया है। यह मॉडल चूकने के डर के बजाय सीखने के प्यार पर आधारित है। अब मैनेजर्स सेल्स टीम के साथ एक कोच की तरह व्यवहार करेंगे, जो उन्हें अधिक सहायता करने और मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे न कि कॉल कोटा को सख्ती से लागू कराने पर केंद्रित होंगे। सेल्स सहयोगियों को अपने तरीके से काम करने का लचीलापन मिलेगा, और उनके द्वारा किए गए कॉल्स की संख्या पर नजर नहीं रखी जाएगी। बायजूस का कहना है कि अगर आप सिर्फ आधे घंटे काम करके भी नतीजे हासिल कर सकते हैं, तो कृपया ऐसा ही करें। यदि सिर्फ वीकेंड पर काम करना चाहते हैं? तो भी कोई दिक्कत नहीं है!

# किसान विरोधी अधिकारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : भाजपा किसान मोर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



उपायुक्त सहकारिता राजनांदगांव के द्वारा तानाशाही पूर्ण किसान विरोधी आदेश के विरोध में जिला भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू महामंत्री रविंद्र वैष्णव विरेन्द्र साहु दादुराम सोनकर रवि सिन्हा रामेश्व चंद्राकर खिलेश्वर साहू देवल साहू की उपस्थिति में कलेक्टर महोदय के समक्ष ज्ञापन सोपा गया । ज्ञापन में लेख है कि विगत 12 वर्षों से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा सरकारी समितियां के माध्यम से किसानों को कृषि कार्य हेतु 20000 रुपए प्रति एकड़ एवं 6000 रुपए खाद बीज के लिए प्रदाय किया जाता था । यह राशि किसानों को एक माह पूर्व ही प्राप्त हो जाती थी , पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर इसे कम कर 10500 रुपये प्रति एकड़ देने का तानाशाही पूर्ण आदेश उपायुक्त सहकारिता के द्वारा किया गया है जो की सर्वथा अनुचित है और किसी विशेष राजनीतिक दल को राजनीति फायदा देने का प्रयास परील्क्षित हो रहा है इस संबंध में स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से भी किसान मोर्चा ने विशेष आग्रह किया है कि वह इस दिशा पर सकारात्मक कदम उठाने का एवं दिशा निर्देश कर स्थिति को सामान्य करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ज्ञात हो की किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु और कृषि के कार्य को सुचारू रूप से संचालन हेतु दी गई सुविधा है किसान क्रेडिट कार्ड के कारण किसानों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है कृषि को बढ़ावा मिला, इस महत्वाकांक्षी योजना को लोकसभा चुनाव में 9 अप्रैल को एक आदेश निकालकर बाधा पैदा करने पार्टी विशेष को फायदा पहुंचाने का प्रयास किया गया और चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाकर किसानों के बीच में भाजपा को बदनाम करने का कार्य किया कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि जिला सरकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान का इनके अव्यावहारिक और भ्रष्ट कार्यों का पूर्ण संरक्षण रहा उपायुक्त के इस आदेश के कारण किसान एक माह से कृषि ऋण केसीसी नहीं बनवा पा रहे हैं ऐसे किसान विरोधी और भ्रष्ट आचरण के अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जावे जिसका भारतीय जनता किसान मोर्चा पुरजोर विरोध करती है एवं ऐसे अधिकारी को किसानों के हित में तत्काल निलंबित करने का मांग करती है एवं पूर्व की भांति ही किसानों को 2024-25 के लिए कृषि ऋण प्रदान किया जावे की प्रबल मांग रखती है अन्यथा किसान मोर्चा अपने हक के लिए उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा। उपरोक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने दी।

# 12वीं कृषि में बीपीएस का विद्यार्थी नगर में प्रथम

## 10वीं में प्रथम से चतुर्थ तक बीपीएस के विद्यार्थी



■ बोर्ड में भारतीय पब्लिक स्कूल का नगर में दबदबा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12 वीं एवं 10वीं बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अपना परचम लहराया। कक्षा 10वीं में नगर में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं कृषि संकाय में नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 60 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये थे, जिसमें से 53 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये।

परीक्षा परिणाम 88.33 रहा। प्रथम श्रेणी में 34 द्वितीय श्रेणी में 12 एवं तृतीय श्रेणी में 07 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। 10वीं कक्षा में प्रथम वीणा साहू 95.83 फीसदी, द्वितीय स्नेहा राजपूत 95 फीसदी, तृतीय सिमरन नेताम 94.5 फीसदी एवं चतुर्थ प्राची देवांगन 94.3 फीसदी रहे। पंचम् कु. ज्योति साहू 92.5 फीसदी रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 11, कामर्स में 01, जीवविज्ञान में 45 एवं कृषि संकाय में 19 कुल 76 में से 74 परीक्षार्थी शामिल हुये। इनमें से 68 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। परीक्षा परिणाम 91.89 फीसदी रहा। प्रथम श्रेणी में 33, द्वितीय श्रेणी में 33, तृतीय श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम संजना रामटेके 89.4 फीसदी, द्वितीय अनुष्ठा रानी साहू 87.8 फीसदी, तृतीय कुमेश्वर 83.2 फीसदी, चतुर्थ चैतन्य 82 फीसदी, पंचम् आर्यन 81.6 फीसदी रहे।

# कक्षा 10वीं में कुमारी वंशिका साहू 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां स्थान

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित
- जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण
- कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की छात्रा कुमारी वंशिका साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में सर्वेश्वर दास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के छात्र रिकेश देवांगन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़ीकला राजनांदगांव के छात्र ओगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 71.85 एवं छात्राओं का प्रतिशत 80.78 है। इस तरह कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 80.11 एवं छात्राओं का प्रतिशत 86.24 है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम प्राप्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल ने भी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए समर्पित

## रेडक्रास द्वारा किए जा रहे कार्यों की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राजनांदगांव संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, नांदगांव ब्लड सेंटर, लाइफ लाईन ब्लड बैंक एवं बिलासा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, मित्रता एवं मानव सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडक्रास सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए हमेशा आगे रहती है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि दिए गए रक्त को थैलेसिमिया, सिकलसेल, डिलीवरी एवं इमरजेंसी एक्सीडेंट केस में जीवन रक्षा के लिए किया जाएगा। रक्तदान को जनअभियान बनाने के लिए रेडक्रास संस्था द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों द्वारा 61 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही व्याख्यान के माध्यम से रेडक्रास द्वारा विभिन्न गतिविधियों में किए जा रहे कार्यों के बारे में बाताया गया। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक से फणेंद्र जैन, अभिषेक सिंह, संजीव प्रधान, परंपरा ग्रुप के सदस्य यश शर्मा, लोकेश शर्मा, जिला चिकित्सालय के पीसी जेम्स, ब्लड बैंक प्रभारी उषा, जगदीश सोनी, कश्यप, कल्पना, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के चुम्मन साहू , रेडक्रास के हेमप्रभा सिंह, मोहनीश साहू, गजेंद्र साहू, खोमेश साहू ने सहयोग किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के आर के मांडवी, शैलजा शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जय राम सिन्हा, रेनू मेश्राम, डी डी साहू, प्रदीप शर्मा, संतोष चौहान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक




■ जल संरक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने जल संरक्षण के उपाय करने, भू-जल स्तर बनाये रखने एवं बढ़ाने के संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के उपाय करने के साथ ही जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत है। तालाब, डबरी, कुआँ एवं अन्य माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक जिला पंचायत देवेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

# हिंदी मीडियम 12वीं में लक्ष्मी, 10वीं में चाँदनी प्रथम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम का परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आये हैं। सेजेस डोंगरगांव नगर के प्रभारी प्राचार्य एवं एबीईओ जयंत साहू ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम के बोर्ड कक्षाओं के परिणाम की जानकारी साझा की है। कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय में कुल 32 छात्र सम्मिलित हुए जिसमे 21 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण रहे। प्रथम श्रेणी में 7 तथा द्वितीय श्रेणी में 15 छात्रों ने सफलता अर्जित की। 9 छात्र पूरक रहे। ममता 82 फीसदी अंको के साथ प्रथम एवम कुमारी गणेशी 81.9 फीसदी अंको के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कला संकाय में कुल 39 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 23 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 14 विद्यार्थी पूरक एवम 2 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। कुमारी किरण 71 फीसदी अंको के साथ प्रथम एवम कुमारी तम्माना 68.6 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं कॉमर्स में कुल 13 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 12 छात्र उत्तीर्ण हुए। 01 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। प्रथम श्रेणी में 3, द्वितीय श्रेणी में 7 एवम तृतीय श्रेणी में 2 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 92.30 फीसदी रहा। कुमारी लक्ष्मी 71.50 फीसदी प्रथम तथा एकता 71 फीसदी द्वितीय स्थान पर रहे।

**दसवीं की चाँदनी विद्यालय में प्रथम**-कक्षा दसवीं में कुल 55 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमे प्रथम श्रेणी में 21 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 17, तृतीय श्रेणी में 2 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 40 छात्र उत्तीर्ण हुए। 10 छात्र पूरक एवम 5 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 72.72 फीसदी रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान चांदनी 87 फीसदी, द्वितीय कोमलिका 84.66 फीसदी एवम तृतीय हिमानी 83 फीसदी रहे।

# सेजेस 12वीं विज्ञान में हर्ष व कॉमर्स में ऋषव प्रथम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के बोर्ड का परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं एवं 10वीं बोर्ड कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए हैं। नगर में संचालित सेजेस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के 12वीं एवं 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आये हैं। सेजेस डोंगरगांव नगर के प्राचार्य जयंत साहू ने बोर्ड कक्षाओं के परिणाम की घोषणा उपरांत मीडिया में जानकारी साझा की है।

सेजेस कार्यालय से जानकारी मुताबिक सेजेस के कक्षा बारहवीं विज्ञान में कुल 42 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें प्रथम श्रेणी में 26, द्वितीय श्रेणी में 14 के साथ कुल 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए। 2 छात्र पूरक आए। इस प्रकार कुल 95.23 फीसदी उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं विज्ञान में प्रथम हर्ष वर्मा 82.8 फीसदी, द्वितीय लक्ष्य साहू 80.8 फीसदी एवम तृतीय स्थान पर सृष्टि जैन 78.8 फीसदी रहे। सेजेस के कॉमर्स में कुल 21 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 13 के साथ सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 100 फीसदी उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं कॉमर्स में प्रथम ऋषव जैन 87.2 फीसदी, द्वितीय स्थान पर रमेश राजपूत 85.4 फीसदी एवम तृतीय स्थान पर करण देवांगन 84 फीसदी पर रहे।


## सेजेस 10वीं में लुकिता प्रथम

सेजेस के 10वीं बोर्ड में कुल 82 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें प्रथम श्रेणी में 61, द्वितीय श्रेणी में 17, तृतीय श्रेणी में 01 के साथ कुल 79 बच्चे उत्तीर्ण हुए। 2 छात्र पूरक एवम 01 छात्र अनुत्तीर्ण रहा। कुल 96.34 फीसदी उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में प्रथम लुकिता साहू 94.33 फीसदी, द्वितीय खुशी देवांगन 92.66 फीसदी एवं तृतीय रीतू साहू, रोहन देवांगन और श्रेष्ठा जैन 92.33 फीसदी रहे।

## ठेकेदार द्वारा जलागार निर्माण व नलजल विस्तार बंद, लापरवाह ठेकेदार पर पीएचई विभाग मेहरबान

# पीएचई विभाग उदासीन, जलजीवन मिशन पर ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत के आश्रित ग्राम पंचायत मनेरी में पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल के लिए रोजाना ग्रामीणों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। दरअसल ग्राम में एकमात्र बोरवेल्स के माध्यम से पेयजल आपूर्ति का प्रयास ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन घने आबादी वाले गाँव में उच्च स्तरीय जलागार के अभाव में पेयजल सप्लाई कमतर साबित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि मनेरी में वर्ष 2022 में केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत नलजल विस्तार व पानी टंकी निर्माण हेतु 01 करोड 40 लाख रु. स्वीकृत हुआ है। लेकिन जलागार का निर्माण 9 माह से ठप्प हो गया है। पानी टँकी निर्माण के साथ पाईप लाइन विस्तार का कार्य भी अधूरा है, जिससे नल कनेक्शन का कार्य भी पूर्ण नही हो पाया है। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि जलजीवन मिशन योजना अंतर्गत पीएचई द्वारा ठेकेदार कार्य कराया जा रहा था। पीएचई के ठेकेदार ने जलागार निर्माण को बंद कर दिया है, एवं पाईप लाईन विस्तार हेतु गड्ढे खुदाई कर छोड़ दिया गया है।

**ठेकेदार पर पीएचई मेहरबान-सरपँच-** सरपँच ने मीडिया को बताया कि पीएचई के ठेकेदार ने टँकी निर्माण बंद कर दिया है। 9 माह से कार्य बंद है। निर्माण की अवधि भी समाप्ति की ओर है। ठेकेदार ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया है। विभाग को लिखित में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पीएचई का कोई भी अधिकारी अब तक मौके पर नही पहुंच सका है। गांव में पेयजल संकट विकराल स्वरूप में आ गया है। सरपँच ने ग्रामीणों के साथ आगामी दिनों विरोध प्रदर्शन कि चेतावनी दी है।

ठेकेदार से बात करके लाइन अप करती हूँ।

**-पलक जैन, एसडीओ पीएचई**

## पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विद्यालय में प्रवेश लाटरी के माध्यम से

**राजनांदगांव।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 15 मई 2024 को प्रातः 11 बजे लाटरी के माध्यम से किया जाएगा।

## आईटीआई राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प 13 मई को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 मई 2024 को सुबह 9 बजे से फूड डिविजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आईटीसी बेस्ड इन त्रिचय तमिलनाडु द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में 12वीं, आईटीआई, बीएससी उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा विनिशा साहू 10वीं में प्रथम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बाल भारती पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा विनिशा साहू पिता गोविंद साहू (साव) ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त की है। ज्ञात हो कि पिता गोविंद साहू (साव) छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध संगीतकार हैं। विनिशा के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, परिजनों सहित ईष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है। सभी ने विनिशा साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## नेशनल लोक अदालत के आयोजन की तिथियों में परिवर्तन

**राजनांदगांव ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। इसके अनुसार 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 13 जुलाई 2024 को तथा 14 सितम्बर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 21 सितम्बर 2024 को किया जाएगा।

# मुस्लिम समाज ने 10 वीं की प्रदेश टॉपर सिमरन शब्बा को तोहफे में दिया लैपटॉप, मौलाना मंसूर ने कहा, बेटी शिक्षा का योगदान देश की सेवा में देना

## आईएएस बनने के सफर में सहयोग करने का अंजुमन इस्लामियां जशपुर ने किया वादा

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कहते हैं प्रतिभा अक्सर अभावों में ही पलती है। जिसे सबकुछ हासिल है उसे कुछ हासिल कर लेने का अहसास भी खुशी नहीं देता। ऐसा ही शिक्षा के क्षेत्र में अक्सर दिखाई देता है। जिन बच्चों के पास सारी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं वे कम ही उत्कृष्ठता को हासिल कर पाते हैं। अभावों में उत्कृष्ठता में अपना स्थान बनाकर जिला, समाज और परिवार का नाम रोशन किया है जशपुर की होनहार बेटी सिमरन शब्बा ने। सिमरन ने 99.5 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कक्षा 10वीं के परिणाम में पहला स्थान हासिल किया है। गुरूवार को परिणाम जारी होते ही प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से लेकर जिला प्रशासन के द्वारा बधाई का सिलसिला जारी रहा। वहीं शुक्रवार को मुस्लिम समाज जशपुर अंजुमन इस्लामियां की ओर से सिमरन शब्बा को उसके घर जाकर इस एतिहासिक कामयाबी के लिए मुबारकबाद दिया और उसे एक लैपटॉप भेंट किया जो उसके आगे की पढ़ाई के लिए सहयोगी हो सके।



**देश सेवा का जगाया जज्बा**-सिमरन शब्बा को मुबारक बाद देने पहुंचे जामा मस्जिद जशपुर के मुत्तवली और वरिष्ठ मौलाना मंसूर आलम ने सिमरन के परिवार को बधाई दी और सिमरन को दुआ देते हुए कहा, शिक्षा का महत्व समझने वाला परिवार समाज में एक ऊंचा मुकाम रखता है। मां और पिता ने अपनी जिम्मेदारियों को जैसे निभाया वैसे ही सिमरन ने भी जी तोड़ मेहनत करके जिले का नाम रोशन किया है। मौलाना मंसूर ने सिमरन से कहा, अपनी शिक्षा से देश की सेवा करना जिससे आगे चलकर जिला के साथ-साथ परिवार और मुस्लिम समाज का नाम रोशन हो। **इन्होंने दी मुबारकबाद**-सिमरन शब्बा को उछत्तीसगढ़ में पहला स्थान हासिल करने की सफलता को लेकर उसे अंजुमन इस्लामियां के सदर महबूब अंसारी, सरफराज आलम, शकील खान, खजांची प्यार मोहम्मद, केडीएस स्कूल संचालक रिजवान मलिक, एएसआई नसरूद्दीन अंसारी, राजन अलि, सगीर खान डीपाटोली, मुस्ताक अंसारी छोटे, पत्रकार तनवीर कुरैशी, बेलाल अंसारी, समीर खान, तनवीर खान, राजा खान और अरमान कुरैशी उपस्थित थे।

# फनी फ्रेंड्स धमतरी ने गर्मी में राहत और ऊर्जा देने पथिकों के लिए शीतल मठा का लगाया स्टॉल

## नेत्र मरीजों एवं कुपोषित बच्चों को फल और बिस्किट प्रदान किया

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी के फनी फ्रेंड्स ग्रुप की महिला सदस्यों ने बढ़ती हुई गर्मी में काम पर आने जाने वाले राहगीरों को पोदीने एवं जीरे वाला शीतल मठा पिलाया। रत्नाबांधा रोड में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने लगाए गए स्टॉल में मठा की सेवा दे रही ग्रुप की सदस्य वर्षा खंडेलवाल ने बताया कि उनका ग्रुप गर्मी के मौसम में प्रतिवर्ष 3 से 4 बार शीतल मठा, आम का पना, गुलाब एवं खस के शरबत पिलाकर लोगों को गर्मी और थकान से राहत दिलाने का प्रयास करते है। उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि बहुत से राहगीरों ने उन्हें धन्यवाद दिया। बहुतों ने पुण्य का कार्य कहते हुए दुआएं दीं, एक राहगीर ने कहा मठा बहुत स्वादिष्ट बना है और शीतल होने के कारण गला ही नहीं आत्मा भी तृप्त हो गई। इसके पश्चात उनका ग्रुप जिला चिकित्सालय के नेत्र मरीजों एवं पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती





बच्चों के पास गया और उन्हें फल एवं बिस्किट दिए और जल्दी स्वस्थ होने की शुभकामना दी। हॉस्पिटल से वे लोग श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट धमतरी पहुंचे और वहां की गायों को चूनी भूसी और गुड़ का मिश्रण खिलाया। इन सभी सेवा कार्यों में वर्षा अशोक खंडेलवाल की बेटी परी खंडेलवाल उत्साह पूर्वक सक्रिय रही। फनी फ्रेंड्स ग्रुप की सदस्य सरिता दोशी ने बताया कि परी का जन्मदिन है और उसके साथ मिलकर हम सबने उपरोक्त गतिविधियों के साथ उसकी खुशियां बांटी हैं।

# बाजार पारा नगरी में जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जुआ सट्टा, अवैध शराब एवं अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये थे। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी नगरी को मुखबिर से सूचना मिली कि बाजार पारा नगरी में कुछ व्यक्तियों के द्वारा 52 पत्ते ताश जुआ खेल रहें हैं की सूचना पर तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये तो 05 जुआडियान को पुलिस आरोपियों को मौके पर जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया, कुछ आरोपीगण पुलिस को देखकर भाग गए। मौके पर जुआ खेलते पांच पकडे गये व्यक्तियों को नाम पता पूछने पर अपना नाम नारायण पिता दयालू राम निषाद उम्र 35 वर्ष, हेमंत साहू पिता राजू साहू उम्र 25 वर्ष, नरसिंह पटेल पिता



तुलाराम पटेल उम्र 34 वर्ष, ओमप्रकाश पटेल पिता नारायण पटेल उम्र 25 वर्ष रितु कुमार पिता जमुनालाल साहू उम्र 29 साकिनान नगरी थाना नगरी का रहने वाला बताये मौके पर फड से नारायण निषाद द्वारा दांव पर लगाये 150 रूपये एवं तलाशी पर 50. रूपये, हेमंत साहू फड से 200. रूपये तलाशी से 100. रूपये नरसिंह पटेल फ ड से 300. रूपये तलाशी से 200/- रूपये ओमप्रकाश पटेल फड से 150 रूपये तलाशी से 100 रूपये रितु कुमार साहू फड से 200 तलाशी से 100 रूपये तास के 52 पत्ते एवं कुल रकम 1550 रूपये नगदी समक्ष गवाहन के जप्त कर थाना नगरी के अपराध क्रमांक 34/24 धारा 3(2) जुआ एक्ट छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरी निरी टुमन लाल डडसेना, सउनि श्रीराम पटेल आरक्षक पंकज प्रधान, दुष्यंत सिन्हा, महाबली सलाम, हेमलाल ध्रुव का विशेष भूमिका रही।

# बीएम शाह हॉस्पिटल में आज सभी विभागों की OPD रहेगी फ्री, 10वें स्थापना दिवस पर मैनेजमेंट का ऑफर

पायनियर संवाददाता ᐸ भिलाई
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल बीएम शाह हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 11 मई को सभी विभागों की ओपीडी निःशुल्क रहेगी। प्रबंधन द्वारा अस्पताल के 10वें स्थापना दिवस के मौके पर यह स्पेशल ऑफर दिया जा रहा है। बीएम हॉस्पिटल अपनी स्थापना की 10वीं वर्षगांठ 12 मई रविवार को मना रहा है और इस दिन को खास बनाने के लिए प्रबंधन द्वारा एक दिन पहले यानी 11 मई शनिवार को सभी विभागों की ओपीडी फ्री की जा रही है। बता दें बीएम शाह हॉस्पिटल भिलाई में श्रेष्ठ और अनुभवी डॉक्टर्स व सर्जनों की टीम लगातार अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या करा रही है। अस्पताल साल दर साल उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के कारण दुर्ग जिले के साथ ही दीगर जिलों में भी अपनी पैठ बना रखी




है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 10 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 11 मई 2024 को सभी विभागों की ओपीडी निःशुल्क रहेगी। इस दौरान न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोंलॉजी,गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, मेडिसीन, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हड्डी रोग, ईएनटी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, छाती एवं टीबी रोग व दंत रोग आदि की ओपीडी निःशुल्क रखी गई है। हॉस्पिटल के ट्रस्टी रवि विजय शाह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जय तिवारी व डायरेक्टर ऑपरेशन डॉ. अरुण मिश्रा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल सिंह, सीईओ विमल मल्होत्रा ने 10 वीं वर्षगांठ पर सभी के सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया एवं जनता से निः शुल्क शिविर का लाभ उठाने अपील की।

# श्री दिगंबर समाज ने धमतरी जिला जेल में शीतल पेयजल भेंट किया





पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

अक्षय तृतीया के पारणा दिवस पर भगवान आदिनाथ को 1 साल कठीन तपस्या के बाद आज गन्ना रस से आहार ग्रहण करने के उपलक्ष में श्री दिगंबर समाज ने धमतरी जिला जेल में शीतल पेयजल भेंट किया गया। श्री हनुमान प्रसाद बड़जात्या की स्मृति में विनोद बड़जात्या ने जिला जेल में वहाँ भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर ये भेंट प्रदान की। श्री दिगंबर जैन समाज के विजय प्रकाश जैन,दिलीप संजु बड़जात्या, अनिल अनु जैन, मुकेश संध्या जैन, अजय अलका सिघंइ, ज्ञानचंद लुनावत, संगीता शाह, वाणी शाह ,अनिल मधु बैद ,हेमराज सोनी, अतीस मामा, हेमंत वर्षा शाह, रीना जैन चंचल जैन उसके पश्चात गन्ना रस वितरण किया गया।

# बालोद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा

पायनियर संवाददाता ᐸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत बालोद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 91.17 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.85 प्रतिशत रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं में 01 विद्यार्थी ने तथा कक्षा 10वीं के 11 विद्यार्थियों सहित जिले के कुल 12 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल झलमला के कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी हर्षवति ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान हासिल की है। इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के प्रियदर्शीनी पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल अर्जुंदा के छात्र राहुल गंजीर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बालोद की छात्रा डाली साहू ने 98.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान हासिल किया है। इसी तरह शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल फागुनदाह की छात्रा कुमारी पद्मनी शांडिल्य तथा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धनेली की छात्रा कुमारी जिज्ञासा ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही संस्कार शाला हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद के छात्र लुकेश कुमार राजपूत एवं शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल खूटेरी की छात्रा बबीता साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में छठा स्थान हासिल किया है।

# 10 दिवसीय निःशुल्क थिएटर कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं शाश्वत उत्सर्ग थिएटर ग्रुप धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप नाटक कार्यशाला का आयोजन 9 से 18 मई 2024 तक जिला संस्थान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में किया गया है। आज प्रातः 10 बजे इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गुलशन कुमार, नरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, आकाश गिरी, आशीष कुमार, सोमनाथ, सुनील सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार और गुलशन ध्रुव कार्यशाला में आयोजन के संबंध में एक दूसरे को सहयोग करने उपस्थित रहे। साथ ही अपने-अपने विचार साझा किये जिसमे थिएटर के आयाम को समझने एवं बेहतर समाज निर्माण में युवाओ की भूमिका पर विचार को बेहतर तरीके से विभिन्न बिंदुओं पर कौशल प्रदान किया गया। प्रति दिन कुल सात सत्र आयोजित किए गए जाएंगे। प्रथम सत्र में थिएटर के






उद्देश्य एवं भूमिका दूसरे सत्र में औपचारिक बातचीत परिचय अनुभव और अपेक्षा तथा तृतीय सत्र अभिव्यक्ति चतुर्थ सत्र थीम स्टोरी घटना पर चर्चा पंचम सत्र अभ्यास छटवां सत्र प्रस्तुति का तथा अंतिम सत्र समेकन और फीडबेक के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। प्रत्येक दिन कार्यशाला सुबह 10 से 5 बजे तक शिक्षक प्रदान किया जा रहा है तथा धमतरी से बाहर आए प्रतिभागियों के रूकने और भोजन की निशुल्क व्यवस्था अजीम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में किया गया है। 18 मई को 2:30 से 5 बजे इस दौरान तैयार नाटक प्रदर्शित होंगे। जिसे देखने गांव व शहर के नागरिक देखने आएंगे।

# छः विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की निधि साहू ने, गांव की बेटी निधि ने 96.50 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया





पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ दसवीं बोर्ड वार्षिक परीक्षा परिणाम में ग्राम नवागांव कंडेल की प्रतिभावान बेटी निधि साहू ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता व ग्राम का नाम रौशन की है। निधि साहू प्रारंभ से मेधावी छात्र रही है स्काउट गाइड में भी तृतीय सोपान उत्तीर्ण है। बिना कोचिंग व् ट्यूशन के इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। शासकीय हाई स्कूल सांकरा भोथली के शिक्षकगणों ने इनका मार्गदर्शन किया, इनके माता सवितांजली साहू शिक्षिका पिता बलेश कुमार साहू व्याख्याता है। 6 विषयों में निधि ने विशेष योग्यता हासिल की है थोड़ा अंक कम होने के कारण प्रदेश टॉप 10 में स्थान नहीं आया बल्कि धमतरी जिला में तृतीय स्थान पर आकर पूरे क्षेत्र को गौरवानवित की है। अभाव या कठिनाइयां आपके लक्ष्य प्राप्त करने में बाधा नहीं होती। निधि के दादा मनराखन लाल साहू ग्राम पटेल शिक्षा प्राप्त करने के लिए सदैव बच्चों को प्रेरित व सहयोग करते हैं उनके परिवार को शिक्षक परिवार के नाम से जाना जाता है इस उपलब्धि पर प्राचार्य भीखम साहू, व्याख्याता देव कुमार यादव, संकुल प्राचार्य सयोगिनी रामटेके, संकुल समन्वयक कुंदन ढालेन, गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, देवनाथ साहु ,अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, गेवाराम नेताम जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदले, लक्ष्मण मगर, अमित तिवारी शिक्षक गण व ईस्ट मित्र रिश्तेदार आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## 'प्राइड ऑफ भारत- 24' पुरस्कार से सम्मानित किया गया जयपुर में

# लकड़ी के चम्मच पर क्रिकेटरों के चेहरे उकेर विश्व रिकॉर्ड बनाया पांडुरंगा राव ने

पायनियर संवाददाता ᐸ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर अफसर और देश के प्रख्यात कार्टूनिस्ट बीवी पांडुरंगा राव लकड़ी के चम्मचों पर भारतीय क्रिकेटरों के 110 चेहरों को चित्रित कर के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया में शामिल होने का अनूठा सम्मान अर्जित किया है। इसके अलावा पांडुरंगा राव को कार्टून कला के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और दूसरों को प्रेरित करने के लिए समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए कला और संस्कृति की श्रेणी में प्रतिष्ठित आई कैन फाउंडेशन 'प्राइड ऑफभारत' 24' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पांडुरंगा राव ने अपनी इन उपलब्धियों को भिलाई बिरादरी को को समर्पित किया है। दो दशक पहले













भिलाई स्टील प्लांट से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उपरांत राव अपने गृह ग्राम बैंगलुरू में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी उपलब्धियों पर कहा है कि कार्टून व अन्य विधाओं को विकसित करने में उन्हें भिलाई स्टील प्लांट और भिलाई बिरादरी ने हमेशा प्रोत्साहित किया। इस वजह से आज वह राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान दे पाए हैं। पांडुरंगा राव ने बताया कि उन्होंने वर्तमान क्रिकेटरों जैसे विराट कोहली, जसप्रित बुमराह, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा आदि और पूर्व क्रिकेटरों जैसे सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीनू मांकड़, एनएके पटौदी, विजय मर्चेंट और लाला अमरनाथ के चेहरे लकड़ी के चम्मच पर उकेरे हैं। जिसमें प्रत्येक की लंबाई 16 इंच है। इसे बनाने में उन्हें पूरे 26 दिन लगे। सम्मान स्वरूप उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया ने सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया है। एक अन्य जानकारी में 80 वर्षीय पांडुरंगा राव ने बताया कि लिए कला और संस्कृति की श्रेणी में प्रतिष्ठित आई कैन फाउंडेशन 'प्राइड ऑफभारत' 24' पुरस्कार से उन्हें जयपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। क्रिकेटरों के चेहरे लकड़ी के चम्मच पर उकेरने के संबंध में पांडुरंगा राव ने बताया कि भिलाई में रहते हुए उन्होंने पूरे जुनून के साथ क्रिकेट खेला है और अंपायरिंग भी की है। इसलिए एक आदरांजलि स्वरूप क्रिकेटरों के चेहरे चम्मच पर बनाए हैं। उल्लेखनीय है कि पांडुरंगा राव ने 14 बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 13 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 13 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूआरएफ एशिया रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्हें एशिया ग्रैंड मास्टर और यूआरएफ लीजेंड पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। उम्र के इस पड़ाव में भी वे पूरी ऊर्जा के साथ क्रिकेट और बैडमिंटन का लगातार अभ्यास करते रहते हैं और कार्टून, फ्लिप बुक, एनिमेशन व पेंटिंग सहित अन्य विधाओं में सक्रिय रहते हैं।

# अनुत्तीर्ण बच्चे न हों निराश, जीवन में खुद को साबित करने मिलेंगे अनेक मौके : महापौर

- महापौर धीरज बाकलीवाल ने होनहारों बच्चों को सराहा और की उनके उज्जवल भविष्य की कामना

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के जारी नतीजे में दुर्ग शहर एवं जिले के होनहार बच्चों ने टाप किया है।दुर्ग नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने इन बच्चों सहित परीक्षा में सफल अन्य बच्चों को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। महापौर ने कहा कि टाप टेन में शामिल बच्चों ने सिर्फ शहर व जिले में ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले का मान बढाया। उन्होंने 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने होनहारों बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।और उन्होंने असफल विद्यार्थियों से निराश नहीं होने एवं निरंतर मेहनत करते रहने की बात कही।उन्होंने ये भी कहा कि जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन संतोषपूर्ण नहीं रहा उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। जीवन में खुद को साबित करने अनेक मौके मिलेंगे।

# डेमोग्राफी चेंज भारत की एकता के लिए खतरा : डिप्टी सीएम शर्मा



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने देश व प्रदेश की जनसांख्यिकी में आ रहे बदलाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि डेमोग्राफी का चेंज होना भारत की एकता के लिए बहुत बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में उल्लिखित आँकड़ों के मद्देनजर विजय शर्मा ने कहा कि सामान्यतः जनसंख्या में ऐसी बढ़ोतरी नहीं होती, इसलिए इसमें कितनी संख्या में घुसपैठिए हैं, इस पर भी विचार किया जाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसको स्पष्ट करना होगा कि किन-किन क्षेत्रों में ऐसा हो रहा है? उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि डेमोग्राफी का चेंज होना किसी भी स्थान के लिए खतरा होता है। हिंदुओं की सहिष्णुता आदिकाल से पूरी दुनिया के सामने ही स्थापित है। हिंदू की सहिष्णुता के कारण ही यहाँ पर सारा अल्पसंख्यक समुदाय फल-फूल रहा है और हमें इसकी खुशी भी है, लेकिन हिंदुओं की संख्या कम हो जाए, यह भी चिंता का विषय है। हिंदुओं की संख्या कम होने से देश में अराजकता आएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की संख्या जिस अनुपात में 7.8 प्रतिशत घटी हुई बताई जा रही है तो यह विचारणीय है कि कितने करोड़ों में यह संख्या आएगी और जो जनसंख्या बढ़ी है, वह लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ी है। तो यह कितनी बड़ी बात है! इतनी जनसंख्या सामान्यतया नहीं बढ़ सकती। यह एक गंभीर प्रश्न है कि अगर इस अनुपात में आबादी बढ़ी है तो यह कैसे बढ़ी है? कितनी घुसपैठ हो गई है? इसको स्पष्ट करना होगा कि किन-किन क्षेत्रों में ऐसा हो रहा है? उसकी स्पष्टता पर जाना होगा और उसके बाद वहाँ पर सारा जनमानस तैयार होना चाहिए। इस विषय की गंभीरता को सभी को समझना होगा, अन्यथा भारत ऐसे ही विभाजन के दंश झेल चुका है। डेमोग्राफी का यह बदलाव भारत के लिए बहुत बड़ा खतरा है। कोई सामान्य प्रक्रिया में इतनी जनसंख्या इतनी जल्दी नहीं बढ़ सकती है। इसमें बहुत सारी चीजें हैं जो जिम्मेदार हैं। इसलिए यह कहना बेमानी है कि चुनाव के समय ऐसा क्यों बोला जा रहा है? इस विषय पर चुनाव के समय क्यों नहीं बोलना चाहिए? कोई भी विषय हो, चुनाव के समय बोलना है या नहीं बोलना है, ऐसा नहीं होता है। जो आवश्यक है, वह बोला जाए और इसमें कोई संशय नहीं है।

## यदि देश में डेमोग्राफिकल चेंज हुआ है तो दोषी भाजपा और मोदी है : शुक्ला

यदि देश में डेमोग्राफिकल चेंज हुआ है तो उसकी दोषी भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में 10 सालों से भाजपा की सरकार है। भाजपा दंभ भरती है कि उसके राज में हिंदू ज्यादा सुरक्षित है। वह सनातन के आधार पर सरकार चलाने का दावा भी करती है, फिर भी यदि देश में हिन्दुओं की आबादी कम हो गयी है तो इसके लिये भाजपा की केन्द्र सरकार उसकी नीतियां दोषी है। आपने 10 वर्षों तक क्या किया जो ऐसी स्थिति निर्मित हुई है? यदि देश में घुसपैठिये घुस आये और एक धर्म की आबादी बढ़ गयी तो उसके लिये भी भाजपा की केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। देश की सीमायें सुरक्षित क्यों नहीं रख पाये? 2011



की जनगणना में तो ऐसी स्थिति नहीं थी। 2014 से मोदी की सरकार बनी है तो जनसंख्या के इस बदलाव की दोषी तो मोदी सरकार ही मानी जायेगी। शुक्ला ने कहा कि देश में किसी भी धर्म जाति, संप्रदाय की संख्या का सही आंकड़ा सरकार के पास है ही नहीं। भाजपा प्रोपोगंडा कर रही ताकि इसको चुनावी मुद्दा बनाया जा सके। भाजपा और मोदी अपने आर्थिक सलाहकार से बयान दिलवा कर देश की जनता में मुस्लिमों की आबादी का भय दिखा कर वोट हासिल करना चाह रहे है। जब 2011 के बाद देश की जनगणना ही नहीं हुई है, 2022 में मोदी सरकार ने जनगणना करवाया ही नहीं फिर कैसे दावा कर रहे कि मुस्लिमों की आबादी बढ़ गयी, हिन्दुओं की कम हो गयी। यह बयान भाजपा की चाल है। चुनाव जीतने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा तो भाजपा हिन्दू-मुस्लिम पर उतर आई है लेकिन भाजपा का षडयंत्र अब नहीं चलने वाला जनता भाजपा के षडयंत्रों को समझ चुकी है अबकी मोदी की नाकामी, वादाखिलाफी के खिलाफ मतदान करेगी। 10 सालों में मोदी और भाजपा हिन्दुओं को सुरक्षित रखने और उनको समृद्ध बनाने में नाकामयाब साबित हुये है। मोदी के आर्थिक सलाहकार के बयानों से तो यही लग रहा है।

# सराफा कारोबारी सांखला एसीबी-ईओडब्लू की हिरासत में

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



एसीबी-ईओडब्लू ने महादेव सट्टा मामले में दुर्ग के सराफा कारोबारी प्रकाश सांखला को हिरासत में लेकर रायपुर ले आई है। प्रकाश सांखला पर महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के पैसे कारोबार में निवेश करने के आरोप है। ईओडब्लू ने प्रकाश के आकाशगंगा भिलाई स्थित सहेली अलंकरण ज्वेलर्स और दुर्ग के घर में छापा मारा था। उसे कोर्ट में पेश किया जा सकता है। गौरतलब है कि गुरुवार को दुर्ग के 18, रायपुर के 7, बलौदाबाजार के 2, रायगढ़ और कांकेर के 1 -1 जगह पर कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि ईओडब्ल्यू के छापे में महादेव सट्टा ऐप से संबंधित दस्तावेज, हवाला संबंधी पर्चियां और बैंक संबंधित कागजात समेत बड़ी मात्रा में संदेहास्पद दस्तावेज मिले है। इनकी जांच की जा रही है।

# संजीवनी धान का फायदा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे : राज्यपाल

## कुलपति डॉ. चंदेल ने राज्यपाल को संजीवनी धान के संबंध में जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से इंदिरा गांधी कृषि विश्विद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की नवीन प्रजाति संजीवनी धान के बारे में जानकारी दी। डॉ चंदेल ने राज्यपाल को बताया की भाभा एटॉमिक रिसर्च इंस्टीटयूट मुंबई के सहयोग से कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की औषधीय गुणों वाली परंपरागत किस्मों से संजीवनी धान का विकास किया गया है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है तथा इसमें एन्टी कैंसर गुण पाये गये हैं। राज्यपाल हरचिंदन ने इस उपलब्धि के लिये कुलपति डॉ चंदेल तथा उनके वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनायें दी। हरिचंदन ने कहा की संजीवनी धान का ज्यादा मात्रा में उत्पादन किया जाये तथा अधिक से अधिक लोगों तक इसे पहुंचाया जाए जिससे इसका लाभ अधिक लोगों को मिल सके।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का कांग्रेस विरोध करेगी : दीपक बैज

## पीएमश्री स्कूल बनाना है तो नये स्कूल खोले ले, आत्मानंद स्कूल ही क्यों?

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद स्कूलों का नाम बदले जाने का कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी छत्तीसगढ़ में जन्में एक विद्वान संत और विश्वविख्यात आध्यात्मिक व्यक्तित्व थे और इसीलिए कांग्रेस की सरकार ने इस योजना का नाम उनके नाम पर रखा था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार उनके नाम को हटाना चाहती है। शासन की ओर से 'स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना' का नाम बदलकर 'पीएमश्री' करने का आदेश जारी किया गया है, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों की सहमति लेने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस पार्टी की ओर से हम सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हैं कि सरकार की ओर से इस तरह का कोई प्रस्ताव आता है तो इसका लिखित और मुखर विरोध करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद



छत्तीसगढ़ की धरोहर थे। भाजपा सरकार उनके नाम को सिर्फ इसलिये बदलना चाहती है कि उनके नामों को पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया था। छत्तीसगढ़ के एक विश्वविख्यात संत और आध्यात्मिक व्यक्ति के नाम पर चल रही योजना का नाम बदलने से पता चलता है कि अब भाजपा को संतों और धार्मिक व्यक्तियों से भी दिक्कत होने लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्वामी आत्मानंद छत्तीसगढ़ की विभूति है, उनके नाम से जो स्कूल चालू किया गया था यह स्कूल एक महत्वकांक्षी योजना के तहत शुरू किया गया था। गरीबों के बच्चों को मुफ्त अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी गयी और उसके सार्थक परिणाम भी सामने आये। 10 वी और 12 वी में 75 फीसदी से अधिक बच्चे प्रवीण्य सूची में आये। ऐसे में स्कूल का नाम दलीय दुर्भावना से बदला जाना दुर्भाग्यजनक है। भारतीय जनता पार्टी के इन स्कूलों के सामने पीएम श्री लगायेगी। प्रधानमंत्री का या केन्द्र सरकार का इन स्कूलों के

# डॉ अलंग ने लिया उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति का चार्ज, हटाये गये डॉ राम शंकर कुरील, राजभवन से जारी हुआ आदेश

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने प्रदेश के महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है । इस संबंध में राजभवन से आदेश जारी किया गया है। राज्यपाल ने उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 17 अंतर्गत डॉ. राम शंकर कुरील को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी



विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग के कुलपति के पद से तत्काल प्रभाव से हटाये जाने का आदेश दिया गया है। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 14(7) अंतर्गत संभागायुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग के कुलपति के रुप में दायित्व निवर्हन हेतु नामनिर्देशित किया गया है।

# देश विरोधी बयान देना कांग्रेस की मानसिकता : किरण सिंह देव

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान-प्रेम से पगे उस बयान की तीव्र भर्त्सना की है, जिसमें अय्यर ने कहा है कि 'पाकिस्तान एक संप्रभु देश है और उनके पास परमाणु बम भी है, इसलिए हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए।' देव ने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान और भारत के दुश्मनों से प्रेम अब कोई छिपी बात नहीं रह गई है, लेकिन अय्यर यह याद रखें कि जिन नरेंद्र मोदी को अय्यर ने चाय वाला और नीच कहकर विषवमन किया था, उन्हीं मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में परमाणु बम रखकर भी पुलवामा एयर स्ट्राइक के बाद भारत के कड़े रुख से थर्राकर पाकिस्तान 24 घंटे के भीतर हमारे जाँबाज सैनिक अभिनंदन को सकुशल भारत की सीमा तक छोड़ने के लिए मिमियाते हुए आया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि विश्व शक्तियों की परवाह किए बगैर भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व. अटलजी के प्रधानमंत्रित्व काल में एक नहीं, पूरे पाँच परमाणु परीक्षण करके भारत के शक्ति-सम्पन्न होने का जो उद्घोष किया था, मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी उस उद्घोष की गगनभेदी गर्जना कर रहे हैं। उरी सर्जिकल और पुलवामा एयर स्ट्राइक के बाद से अय्यर का वह तथाकथित परमाणु बम धारी पाकिस्तान दुम दबाए बैठा है और विश्व बिरादरी में अलग-थलग पड़ गया है। अय्यर अपना पाकिस्तान-प्रेम अपने पास सहेजकर रखें, भारतीयों को इन फिज़ूल की बातों से डराने का हास्यास्पद उपक्रम न करें। यह नया भारत है, जो मोदी के नेतृत्व में अपनी शक्ति की गर्जना कर रहा है। अपने देश की सीमाओं पर अपने सैनिकों की शहादत के प्रतिकार करने या प्रतिशोध लेने के बजाय संयुक्त राष्ट्र में मिमियाने वाला वह भारत अब घर में घुसकर मारना सीख चुका है, इसलिए अय्यर अपनी फिज़ूल की नसीहतें देना बंद करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि अय्यर का यह पाकिस्तान-प्रेम कोई पहली बार जगजाहिर नहीं हुआ है।

# नीति आयोग के कार्यों से अवगत हुए प्रशिक्षु आईएएस



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य नीति आयोग के सभा कक्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2022 के प्रशिक्षु अधिकारियों को आयोग के कार्यों की जानकारी दी गई। आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा संयुक्त संचालक डॉ नीतू गौरडिया द्वारा अधिकारियों को आयोग की पृष्ठभूमि, आयोग को सौंप गए दायित्व, आयोग की संरचना, प्रमुख उपलब्धियां, सतत विकास लक्ष्य एवं उसका क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी दी गई। राज्य एवं जिला स्तर पर एसडीजी के प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु आयोग द्वारा तैयार किए गए फ्रेमवर्क एवं डैशबोर्ड तथा उन पर आधारित रिपोर्ट, स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क, 'अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन ञ्च2047 ' डॉक्यूमेंट तैयार करने की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# सरोज पांडेय के चुनावी खर्चे में जुड़ेगा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा का खर्चा

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



आचार संहिता के दौरान कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में आयोजित हुई बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमान कथा का खर्च कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी खर्चे में जुड़ेगा। कोरबा लोकसभा के चिरमिरी के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा में 26 अप्रैल को हनुमान कथा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी हेलीकॉप्टर से चिरमिरी पहुंचे थे। हनुमान कथा के समापन के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आयोजकों के नाम का जिक्र करते हुए कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लेते हुए कहा था कि आयोजकों के लिए ताली बजाई जाए और वे मंच पर आएं क्योंकि उन्होंने खर्चा किया है। कार्यक्रम स्थल की वीडियोग्राफी के आधार पर सरोज पांडेय को इस मामले में निर्वाचन आयोग ने नोटिस जारी किया था। जिसका जवाब देते हुए सरोज पांडेय ने कहा कि वे इस कार्यक्रम की आयोजक नहीं थीं न ही कार्यक्रम स्थल पर भाजपा का प्रचार हो रहा था। निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम स्थल की करवाई गई वीडियोग्राफी व कांग्रेस की शिकायत के आधार व पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कबूलनामें के आधार पर निर्वाचन आयोग ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी खर्च में कार्यक्रम का खर्च जोड़ने का निर्णय लिया है। आपको बता दें कि अब तक कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय द्वारा दिये गए खर्च ब्यौरे के आधार पर 5 मई तक 51 लाख 67 हजार 953 रुपए खर्च किए गए है। खर्च सीमा 90 लाख है। 29 लाख 37 हजार 179 रुपये शेष है। अगर धीरेंद्र शास्त्री की हनुमान कथा का खर्च 30 लाख से ऊपर जाता है तो भाजपा प्रत्याशी तय खर्च सीमा से ज्यादा राशि खर्च करने के मामले भी फंसती नजर आएंगी। क्योंकि चिरमिरी में बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम भव्य तौर पर आयोजित हुआ था। हेलीकॉप्टर से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे थे और भव्य डोम के अलावा डोम के दोनों ओर पंडाल भी बनाया गया था।

11 April 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403